www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, सोमवार, 7 अगस्त, 2023 | वर्ष-16 | अंक -122 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए





जम्मू-कश्मीर में इतनी शांति है, तो सरकार ने महबूबा... 02

- सभी विधानसभा क्षेत्रों में बांटे जाएंगे औषधीय ...
- राजधानी के तीन रेलवे स्टेशनों की सूरत बदलेगी

03

- रूस-यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के पक्ष...
- बाइडेन की अक्षमता के कारण ताइवान के ...

07

काजोल ने अपने जन्मदिन की फोटो की शेयर 10

## सार संक्षेप

### राष्ट्रीय वैस्कुलर दिवस पर जागरूकता बढ़ाने को एकजुट हुए देश के 26 शहर



**नई दिल्ली।** वैस्कुलर सोसाइटी ऑफ इंडिया (6 अगस्त 1994 को चेन्नई में गठित) ने अखिल भारतीय राष्ट्रीय वैस्कुलर दिवस का रविवार को आयोजन किया। इस अवसर पर देश भर के 26 शहरों में 'अंगविच्छेद मुक्त भारत' के थीम पर एक वॉकथॉन का आयोजन कर जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया गया-'एक मील चलो, मुस्करा कर जीओ'। मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम से शुरू वॉकथॉन इंडिया गेट की परिक्रमा कर वापस नेशनल स्टेडियम पहुंचा।

### इंडिगो की फ्लाइट में डेढ़ घंटे बंद रहा एसी



**चंडीगढ़।** इंडिगो की जयपुर-चंडीगढ़ फ्लाइट में शनिवार को एसी बंद हो गया। पूरे सफर के दौरान एसी नहीं चला और यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ी। लोग हाथ से हवा करते हुए दिखाई दिए। एयर होस्टेस ने पैसेंजर्स को पसीना पोंछने के लिए टिश्यू पेपर बांटे। फ्लाइट ने सुबह 10:17 बजे चंडीगढ़ से उड़ान भरी और एक घंटे 22 मिनट का सफर पूरा कर करीब 11:39 बजे जयपुर पहुंची। पूरे सफर के दौरान एसी बंद रहा। घटना का वीडियो पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने शेयर किया है।

### एनआईए की भोपाल में दस ठिकानों पर छापेमारी



**भोपाल।** नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी ने रविवार तड़के चार बजे भोपाल में 10 अलग-अलग जगहों पर दबिश दी। इस छापामार कार्रवाई के दौरान 10 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया गया। इनमें जहांगीराबाद इलाके से महिला और उसके देवर को भी एनआईए ने पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। 11 घंटे की पूछताछ के बाद दोनों को छोड़ दिया गया। सूत्रों के मुताबिक, एनआईए को दिल्ली में दर्ज एक पुराने मामले से जुड़े संदिग्धों के भोपाल में छिपे होने की सूचना मिली थी। यह इनपुट मामले के एक अन्य आरोपी से हुई पूछताछ में मिला था, जो छत्तीसगढ़ से जुड़ा है। टीम इसी आरोपी को लेकर देर रात भोपाल पहुंची थी।

### बीएसफ जवानों ने 1.10 करोड़ के सोने के बिस्कुट पकड़े



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में बीएसएफ के जवानों ने रविवार को सोने के 15 बिस्कुटों के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। बिस्कुटों का कुल वजन 1831.95 ग्राम है। इंटरनेशनल मार्केट में इनकी कीमत करीब एक करोड़ दस लाख रुपए है। बीएसएफ के अनुसार खुफिया विभाग से जवानों सूचना मिली थी कि उनके इलाके से सोने कि तस्करी होने वाली है। सूचना के आधार पर जवानों ने फिरोजपुर गांव की ओर से संदिग्ध व्यक्ति को बाइक चलाकर आते हुए देखा।

# दिल्ली सेवा बिल राज्यसभा में 'इंडिया' की परीक्षा

**नई दिल्ली,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली के अधिकारियों की ट्रांसफर पोस्टिंग से जुड़े अध्यादेश को आज राज्यसभा में पेश किया जाएगा। इस बिल पर कल सदन में चर्चा हो सकती है। राज्यसभा के महासचिव पीसी मोदी ने बताया कि 7 अगस्त को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दिल्ली अध्यादेश बिल को राज्यसभा में पेश करेंगे। बता दें कि दिल्ली अध्यादेश वाले बिल को पहले ही लेकसभा से पास कराया जा चुका है। राज्यसभा से पास होने के बाद यह मंजूरी के लिए राष्ट्रपति के पास जाएगा जहां से पास होते ही यह कानून बन जाएगा। केजरीवाल ही नहीं केंद्र सरकार के लिए भी यह किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं है।

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह करेंगे बिल पेश
- लोकसभा से पास होने के बाद राज्यसभा में चर्चा आज
- राज्यसभा से पास होने के बाद मंजूरी के लिए राष्ट्रपति के पास जाएगा बिल



#### लोकसभा से पास, अब राज्यसभा की बारी

सबसे पहले दिल्ली अध्यादेश बिल को लोकसभा से आसानी से पास करा लिया गया। इस बिल पर चर्चा के बाद हुए मतदान में विपक्ष को असफलता हाथ लगी। बिल को सोमवार को राज्यसभा में पेश किया जाएगा। अमित शाह इस बिल को पेश करेंगे। चर्चा के बाद मतदान होगा जिसके बाद इसे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पास भेजा जाएगा। वहां से अप्रूवल के बाद एक गैजेट जारी होगा जिसके बाद यह पूरी तरह से कानून की शक्ल ले लेगा। विपक्ष की ओर से कांग्रेस सांसद अभिषेक मनु सिंघवी विधेयक पर चर्चा की शुरुआत कर सकते हैं। विपक्षी एकता की मुहिम से दूरी बनाने वाले दलों बीजेडी, टीडीपी, वाईएसआरसीपी ने उच्च सदन में विधेयक का समर्थन करने की घोषणा की है। इसके अलावा बसपा ने राज्यसभा में मतदान से अनुपस्थित रहने का फैसला किया है। इन दलों के समर्थन के बाद उच्च सदन में भी विधेयक के पारित होने का रास्ता साफ हो गया है।। केंद्र सरकार के लाए दिल्ली अध्यादेश का सबसे ज्यादा विरोध सीएम केजरीवाल रहे हैं। यह बिल दिल्ली में समूह-ए के अधिकारियों के ट्रांसफर एवं पोस्टिंग के लिए एक प्राधिकार के गठन के लिहाज से लागू अध्यादेश का स्थान लेगा। इसके बाद केजरीवाल सरकार सीधे फैसला न लेकर एलजी से परमिशन लेनी होगी। बिल को राज्यसभा में गिराने के लिए सीएम केजरीवाल अब तक सभी विपक्षी पार्टियों से मुलाकात कर चुके हैं। सोमवार का दिन उनके लिए किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं होगी। सत्ता पक्ष के लिए यह भी किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं है। इससे पहले तीन अगस्त को राजधानी दिल्ली में अधिकारियों की नियुक्ति और स्थानांतरण मामले में उपराज्यपाल के फैसले को अंतिम माने जाने वाले राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार संशोधन विधेयक लोकसभा से पारित कर दिया गया था।

### एनडीए व इंडिया गठबंधन ने जारी किया व्हिप

आम आदमी पार्टी ने अपने सभी राज्यसभा सांसदों को 7 और 8 अगस्त को सदन में उपस्थित रहने के लिए तीन लाइन का व्हिप जारी की है। इसके अलावा कांग्रेस पार्टी ने अपने राज्यसभा सांसदों को सोमवार, सात अगस्त को सदन में उपस्थित रहने के लिए तीन लाइन का व्हिप जारी किया है। विधेयक में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार अधिनियम में संशोधन कर अधिकारियों की नियुक्ति, स्थानांतरण पर फैसला लेने के लिए प्राधिकरण बनाने का प्रावधान है। प्राधिकरण में मुख्यमंत्री को भी शामिल किया गया है। हालांकि, इस मामले में फैसला लेने का अंतिम अधिकार उपराज्यपाल को दिया गया है।

### राहुल गांधी से डरी हुई है केंद्र सरकार : दिग्विजय



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि केंद्र सरकार राहुल गांधी से डरी हुई है। राहुल की संसद सदस्यता बहाल करने में हो रही देरी पर सरकार को घेरते हुए कहा कि कि अब देखना यह है कि लोकसभा अध्यक्ष इटावा से भारतीय जनता पार्टी सांसद रामशंकर कठेरिया को कब अयोग्य करार देते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के इटावा से भाजपा के सांसद कठेरिया को आगरा की एक एमपी/एमएलए अदालत ने साल 2011 में एक निजी बिजली कंपनी के कर्मचारी के साथ मारपीट करने के मामले में शनिवार को दो साल की सजा सुनाई। इस फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए दिग्विजय सिंह ने कहा कि सांसद रामशंकर कठेरिया को सजा सुनाई गई है। राहुल गांधी को 24 घंटे के भीतर अयोग्य घोषित कर दिया गया था (सूरत की एक अदालत द्वारा मानहानि के एक मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद)। अब देखना यह होगा कि कठेरिया को सांसद की सदस्यता से अयोग्य किया जाता है या नहीं। देखते हैं लोकसभा अध्यक्ष कितनी निष्पक्षता से काम करते हैं।

## मोदी का विपक्षी गठबंधन पर तंज

# न खुद कुछ करते हैं और न करने देते हैं

**नई दिल्ली,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को विपक्षी दलों पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि भाजपा सरकार देश की भलाई के लिए जो कुछ भी कर रही है, उस पर विपक्ष को आपत्ति है। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को अमृत भारत स्टेशन' योजना के तहत देशभर में 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखने के कहा कि दुर्भाग्य से हमारे देश में विपक्ष का एक वर्ग आज भी पुराने तरीकों पर ही चल रहा है। आज वे न तो खुद कुछ करेंगे और न ही किसी और को कुछ करने देंगे। मोदी ने कहा कि देश ने एक आधुनिक संसद भवन बनाया। संसद देश के लोकतंत्र का प्रतीक है। इसमें सत्ता पक्ष के साथ-साथ विपक्ष का भी प्रतिनिधित्व है, लेकिन विपक्ष के इस वर्ग ने नए संसद भवन का विरोध किया।



**आज भी पुराने तरीकों पर चल रहा है विपक्ष का एक वर्ग : नरेंद्र मोदी**

- देश भर में 508 अमृत भारत रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की रखी आधारशिला

उन्होंने कहा कि हमने कर्तव्य पथ का पुनर्विकास किया लेकिन उन्होंने इसका भी विरोध किया। मोदी ने कहा कि 70 वर्षों तक, उन्होंने देश के बहादुरों के लिए एक युद्ध स्मारक भी नहीं बनाया।

### उप्र के सबसे ज्यादा 156 स्टेशन योजना में शामिल

योजना के तहत विकसित किए जाने वाले कुल 1309 स्टेशनों में उत्तर प्रदेश के 156, मध्य प्रदेश के 80, हरियाणा के 40, आंध्र प्रदेश के 72, असम के 50, बिहार के 92, छत्तीसगढ़ के 32, दिल्ली के 13, गुजरात के 87 और झारखंड के 57 स्टेशन शामिल किए गए हैं। इसके अलावा कर्नाटक के 56, केरल के 35, महाराष्ट्र के 126, ओडिशा के 57, पंजाब के 30, राजस्थान के 83, तमिलनाडु के 75, तेलंगाना के 40, जम्मू-कश्मीर के 4, उत्तराखंड के 11 और बंगाल से 98 स्टेशन शामिल हैं।

# ज्ञानवापी के तहखाने का हुआ सर्वे

**वाराणसी,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। ज्ञानवापी में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण का चौथे दिन का सर्वे पूरा हो गया। एएसआई ने रविवार सुबह सबसे पहले मुस्लिम पक्ष से चाबी लेकर व्यास तहखाने का ताला खुलवाया। सफाई करवाई और एग्जॉस्ट लगवाए। इसके बाद सर्वे शुरू किया। ज्ञानवापी के तीनों गुंबदों और परिसर का सर्वे हुआ। एएसआई ने व्यास तहखाने में पैमाइश की। दीवारों की 3-डी फोटोग्राफी, स्कैनिंग करवाई। चार्ट में दीवारों पर मिली कलाकृतियों के पॉइंट्स नोट किए।

#### अब जीआरपी मशीन के सर्वे पर फोकस

सूत्रों ने बताया कि जीआरपी सर्वे के लिए आईआईटी की एक्सपर्ट टीम पहुंच चुकी है। माना जा रहा है कि दो दिन बाद ज्ञानवापी परिसर में जीआरपी मशीन लगाई जाएगी। इसके बाद टीम सर्वे के अगले चरण में पहुंचेगी। कानपुर आईआईटी के दो जीआरपी एक्सपर्ट भी सर्वे टीम के साथ थे। बताया जा रहा है कि एक-दो दिन में जीआरपी मशीन से सर्वे शुरू हो सकता है। टीम ने 12.30 बजे लंच और नमाज के लिए ब्रेक लिया। 2.30 बजे से दोबारा सर्वे शुरू किया गया।



- चौथे दिन के एएसआई सर्वे पर लगा विराम
- एएसआई के सर्वे में दीवारों की हुई थ्री-डी फोटोग्राफी

### दो सितंबर तक कोर्ट में सब्मिट करनी होगी रिपोर्ट

पूरी ज्ञानवापी इमारत को एक बार में देखने के लिए सैटेलाइट के जरिए 3 डी इमैजिनेशन तैयार किया जा रहा है। इसमें टीम दीवारों की 3 डी इमेजिंग, मैपिंग और स्क्रीनिंग भी करेगी। रविवार को एएसआई से 58 लोग, हिंदू पक्ष से 8 लोग और मुस्लिम पक्ष से 3 लोग मौजूद हैं। वहीं, जिला कोर्ट में शनिवार को सुनवाई हुई। अजय कुमार विश्वेश की अदालत ने आदेश दिया कि एएसआई को अपनी सर्वे रिपोर्ट 2 सितंबर तक सब्मिट करनी होगी।

# हरियाणा के नूंह में आज कर्फ्यू से छूट

**चंडीगढ़,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। हरियाणा के नूंह में हुई हिंसा के बाद से ये जगह देशभर में चर्चा का विषय बनी हुई है। इस बीच नूंह के डीएम ने आदेश जारी कर जानकारी दी है कि सोमवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनता की आवाजाही के लिए नूंह में कर्फ्यू हटाया जाएगा। यानी जनता को केवल 4 घंटे के लिए कर्फ्यू से आजादी दी गई है। डीएम ने आदेश में कहा है कि अगर कोई भी व्यक्ति नियमों का उल्लंघन करते हुए पाया जाता है तो वह इंडियन पीनल कोड की धारा 188 के तहत दोषी साबित होगा। इसके अलावा उस पर अन्य संबंधित धाराएं भी लगेंगी। नूंह के एसपी इस आदेश को लागू करना सुनिश्चित करेंगे। डीएम के आदेश के मुताबिक, अपवाद वाले केसों और मेडिकल इमरजेंसी के मामलों में अगर एसडीएम संतुष्ट हैं तो किसी व्यक्ति विशेष को इस नियम में छूट दी जा सकती है।

- नियमों का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई के ओदश



#### कांग्रेस ने बुलडोजर की कार्रवाई का किया विरोध

कांग्रेस ने नूंह में ध्वस्त की गई इमारतों को लेकर प्रशासन की कार्रवाई की निंदा करते हुए इसे अवैध और सरकार की विफलताओं को छिपाने का प्रयास बताया। कांग्रेस विधायक ने कहा कि उन्हें अधिकारियों की ओर से कोई कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। हरियाणा के नूंह में दंगे के बाद खट्टर सरकार योगी मॉडल पर काम कर रही है। प्रशासन की ओर से रविवार को चौथे दिन नूंह में बुलडोजर का एक्शन जारी रहा। इस दौरान उस होटल को भी ध्वस्त कर दिया गया जिसकी छत पर चढ़कर उपद्रवियों ने पथराव किया था।

नूंह हिंसा के बाद एक्शन में आई सरकार उन सभी अवैध संपत्तियों का पता कर रही हैं जहां से पथराव की घटनाएं हुईं। दंगाइयों के खिलाफ जमकर एक्शन हो रहा है। एक-एक दंगाई की पहचान की जा रही है।

### नल्हड़ में होटल पर चला बुलडोजर

नूंह में जिन छतों से शोभायात्रा पर पत्थरबाजी हुई थी उनकी पहचान करके बुलडोजर चल रहा है। नल्हड़ में आज सुबह अवैध होटल और एक बिल्डिंग पर बुलडोजर चलाकर जमींदोज कर दिया गया। प्रशासन ने 200 से ज्यादा संपत्तियों पर एक्शन लिया है। यह माना जा रहा है कि आगे भी यह कार्रवाई जारी रहेगी।

# विश्वकप खेलने भारत आएगा पाकिस्तान

**नई दिल्ली,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान सरकार ने अपनी टीम को वर्ल्ड कप खेलने के लिए भारत जाने की परमिशन दे दी है। पाकिस्तान विदेश मंत्रालय की ओर से कहा गया, खेल को पॉलिटिक्स से हमेशा दूर रखना चाहिए। पाकिस्तान इसीलिए अपनी टीम को 2023 के आईसीसी वर्ल्ड कप के लिए भारत भेजने के लिए तैयार है। भारत में वनडे वर्ल्ड कप 2 महीने बाद 5 अक्टूबर से खेला जाएगा।

- पाक सरकार ने जांच के बाद दी इजाजत
- पांच अक्टूबर से खेला जाएगा भारत में वनडे वर्ल्ड कप
- खेल को राजनीति से अलग रखना चाहिए

पाकिस्तान का पहला मैच 6 अक्टूबर को नीदरलैंड्स से होगा। पाकिस्तान सरकार और क्रिकेट बोर्ड ने पिछले दिनों इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल से लिखित में सिक्योरिटी का आश्वासन मांगा था।



पीसीबी ने आईसीसी से कहा था, हम टीम को भारत भेज देंगे, लेकिन सुरक्षा को देखते हुए हमें आईसीसी से लिखित में आश्वासन चाहिए। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों देशों के राजनीतिक विवादों को इंटरनेशनल क्रिकेट के बीच नहीं लाना चाहिए।

भारतीय टीम भले ही एशिया कप खेलने के लिए पाकिस्तान नहीं आ सकती, लेकिन पाकिस्तान अपनी टीम के साथ ऐसा नहीं करेगा। पाकिस्तान को अब भी अपनी क्रिकेट टीम की सुरक्षा की चिंता है।

### हैदराबाद में शुरुआती दोनों मैच खेलेगा पाक

इस बार का वनडे वर्ल्ड कप भारत में पांच अक्टूबर से खेला जाएगा। ओपनिंग मैच इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच होगा। पाकिस्तान अपना पहला मैच 6 अक्टूबर को नीदरलैंड के खिलाफ खेलेगा। टीम का दूसरा मैच श्रीलंका से होगा। दोनों ही मैच हैदराबाद में खेले जाएंगे।

# मणिपुर में केपीए ने सरकार से लिया समर्थन वापस

**इंफाल,**6 अगस्त (एजेंसियां)। मणिपुर में एनडीए की सहयोगी कुकी पीपुल्स अलायंस ( केपीए) ने राज्य की एन बीरेन सिंह सरकार से रविवार को समर्थन वापस ले लिया। केपीए के राज्य में दो विधायक हैं। हालांकि, इससे सरकार के बहुमत पर कोई असर नहीं होगा। 60 सदस्यों वाली विधानसभा में भाजपा के 32 विधायक हैं। सरकार को नागा पीपुल्स फ्रंट के 5 विधायकों और तीन निर्दलीय विधायकों का समर्थन प्राप्त है। केपीए जनरल सेक्रेटरी हानसिंह ने बताया है कि मणिपुर के हालातों को देखते हुए हमने बीरेन सिंह सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया है।

- बीरेन सिंह सरकार को बड़ा झटका
- 60 सदस्यों वाली विधानसभा में पार्टी के 2 विधायक, बहुमत पर असर नहीं



### केंद्रीय बल की दस और कंपनियां कीं तैनात

वहीं, राज्य में कुकी-मैतेई समुदाय के बीच हिंसा रोकने के लिए केंद्र सरकार ने सेंट्रल फोर्स की 10 और कंपनियां तैनात करने का फैसला लिया है। सीआरपीएफ की 5, बीएसएफ की 3, आईटीबीपी और एसएसबी की एक-एक अतिरिक्त कंपनी तैनात करने का आदेश जारी किया गया।

# पाक में रेल हादसा, 30 की मौत

**कराची,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के नबावशाह जिले में रविवार दोपहर एक रेल हादसे में 30 लोगों की मौत हो गई। 80 लोग घायल हैं।

इनमें से 31 की हालत गंभीर बताई गई है। रावलपिंडी से चलने वाली हजारा एक्सप्रेस सहारा स्टेशन के पास पटरी से उतर गई। कुछ बोगियां पलट भी गई हैं और ये पास के एक तालाब में गिर गईं। 31 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। अफसरों के मुताबिक-भारी बारिश की वजह से ट्रैक खराब हो गया था और इसी वजह से यह हादसा हुआ।हादसा रविवार दोपहर करीब दो बजे हुआ, लेकिन काफी देर तक कोई जिम्मेदार अफसर मौके पर मौजूद नहीं था।



- कराची जा रही हजारा एक्सप्रेस पटरी से उतरी

## आस्था

### 2022 के अमरनाथ दर्शन का रिकॉर्ड टूटा

# अब तक 4.17 लाख श्रद्धालुओं ने किए बाबा बर्फानी के दर्शन

**श्रीनगर,**6 अगस्त (देशबन्धु)। अमरनाथ यात्रा में 1 जुलाई से अब तक 4 लाख 17 हजार से ज्यादा श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। जबकि पिछले साल पूरे सीजन में 3 लाख 65 हजार यात्रियों ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए थे। इसी के साथ पिछले साल का रिकॉर्ड टूट चुका है। यात्रा को अब 37 दिन हो चुके हैं। यात्रा 1 जुलाई से 31 अगस्त यानी 62 दिनों तक चलेगी। जम्मू-कश्मीर से अमरनाथ के लिए नया बैच 6 अगस्त को रवाना हुआ। इसमें 1626 यात्री शामिल हैं। अमरनाथ की ओर जाने वाले जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे पर लैंडस्लाइड हुआ। जिसके चलते यात्रा रोकना पड़ी। श्रद्धालुओं को रामबन के चंद्रकोट जिले में एक कैंप में रोका गया है।

#### इस साल का 34वां दल

अधिकारियों ने बताया कि 1626 यात्रियों का 34वां बैच हैं। यह बैच 6 अगस्त को करीब 3.30 बजे 64 वाहनों के साथ भगवती नगर के बेस कैंप से निकला। इसमें 2092 यात्री अनंतगढ़ जिले के पहलगाम बेस कैंप जा रहे हैं। 534 यात्री गंदेरबाल जिले के बालटास बैस कैंप के लिए जा रहे हैं। सुबह करीब 6.15 किला मोर्ह पर भारी भूस्खलन के बाद यात्रियों को चंद्रकोट यात्री निवास पर रोक दिया गया। ट्रैफिक पुलिस ने यात्रियों को सलाह दी है कि जब तक सड़क से पत्थर नहीं हटाए जाते, तब तक यात्रा को आगे न बढ़ाए।



- अमरनाथ यात्रा में अभी 25 दिन बाकी
- 31 अगस्त तक चलेगी अमरनाथ यात्रा

### कई विदेशी भी पहुंचे बाबा के दरबार

अमरनाथ यात्रा इस वर्ष देश के नागरिकों के साथ-साथ विदेशी नागरिकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बनी है। अब तक अमरनाथ की पवित्र गुफा में दर्शन करने वाले तीर्थयात्रियों में अमेरिका के दो नागरिक, एक यूक्रेनी महिला, 35 नेपाली नागरिकों का एक समूह और मलयेशिया के 30 नागरिकों का एक समूह शामिल है। इन विदेशी धार्मिक पर्यटकों ने सरकार द्वारा की गई संगठित व्यवस्था और सुविधाओं पर संतोष जताया है।

# देश

**उवाच**

"राज्य में वर्तमान कांग्रेस पार्टी की लोकप्रियता घटती दिखाई दे रही है। जिस प्रकार से आपदा को वह संभालने में असफल साबित हुए हैं, यह जगजाहिर है, भारतीय जनता पार्टी 2024 में एक बार फिर चारों लोक सभा सीटों पर जीत दर्ज करेगी:-

**अविनाश राय खन्ना, प्रभारी, भारतीय जनता पार्टी**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 35.6 | 26.9 |
| मुंबई | 30.7 | 27.0 |
| कोलकाता | 29.6 | 27.1 |
| चेन्नई | 39.3 | 25.6 |

### महबूबा के 'नजरबंदी' के दावे के बाद चिदंबरम ने केंद्र पर साधा निशाना

# जम्मू-कश्मीर में इतनी शांति है, तो सरकार ने महबूबा मुफ्ती को घर में नजरबंद क्यों किया

**नई दिल्ली,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। जम्मू एवं कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती के इस दावे के बाद कि उन्हें घर में नजरबंद रखा गया है, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने रविवार को केंद्र की भाजपा नीत सरकार पर तंज किया। उन्होंने कहा, 'जम्मू-कश्मीर की सरकार और एलजी उस 'शांति' का जश्न मना रहे हैं, जो अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद राज्य (अब यूटी) में आई है। मैं पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी को उद्धृत करना चाहता हूं, जिन्होंने कब्र की शांति और गुलाम की चुप्पी के खिलाफ चेतावनी दी थी।' चिदंबरम ने एक ट्वीट में सरकार पर हमला करते हुए जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने की चौथी वर्षगांठ का जिक्र किया।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'अगर जम्मू-कश्मीर में इतनी शांति है, तो सरकार ने महबूबा मुफ्ती को



घर में नजरबंद क्यों कर दिया है और पीडीपी व एनसी (नेशनल कॉन्फ्रेंस) के कार्यालयों को सील क्यों कर दिया है? पूरे भारत में स्वतंत्रता का दमन किया गया है, लेकिन जम्मू-कश्मीर में यह सबसे ज्यादा है।'

शनिवार को ट्वीट्स की एक श्रृंखला में मुफ्ती ने लिखा, 'मुझे आज अन्य वरिष्ठ पीडीपी नेताओं के साथ घर में नजरबंद कर दिया गया है। मेरी पार्टी

**'जम्मू-कश्मीर की सरकार और एलजी उस 'शांति' का जश्न मना रहे हैं, जो अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद राज्य (अब यूटी) में आई है:-चिदंबरम, कांग्रेस नेता**

के कई लोगों को पुलिस स्टेशनों में अवैध रूप से हिरासत में लिया गया है।' सरकार पर हमला करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, 'सुप्रीम कोर्ट में सामान्य स्थिति के बारे में भारत सरकार के झूठे दावे उनके कार्यों से उजागर हो गए हैं।' अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के चौथे वर्ष के पूरा होने पर, जम्मू-कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा ने कहा, '5 अगस्त, 2019 को, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने भेदभावपूर्ण प्रणाली को समाप्त कर दिया था, जो अलगाववाद और भाई-भतीजावाद को बढ़ावा देती थी। उन्होंने शांति, सम्मान व सुरक्षा की शुरुआत की।'

# मद्रास विश्वविद्यालय अत्याधुनिक शोध में और अधिक निवेश करे: मुर्मू

**चेन्नई,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को मद्रास विश्वविद्यालय से अत्याधुनिक अनुसंधान में अधिक निवेश करने, अंतर-विषयक अध्ययन को प्रोत्साहित करने और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने का आग्रह किया।

■ **श्रीमती मुर्मू मद्रास विश्वविद्यालय के 165वें दीक्षांत समारोह को संबोधित किया**

श्रीमती मुर्मू मद्रास विश्वविद्यालय के 165वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय ने अनुसंधान और अकादमिक कठोरता की संस्कृति को बढ़ावा दिया है। उन्होंने विश्वविद्यालय से अत्याधुनिक अनुसंधान में अधिक निवेश करने, अंतर-विषयक अध्ययन को प्रोत्साहित करने और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने का आग्रह किया। विश्वविद्यालय को देश और दुनिया के सामने आने वाली समस्याओं का सीखने-आधारित समाधान खोजने में सबसे आगे रहना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि आज के अत्यधिक प्रतिस्पर्धी माहौल में शिक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त करने का दबाव, अच्छे संस्थानों



में प्रवेश न पाने का डर, प्रतिष्ठित नौकरी न पाने की चिंता और माता-पिता तथा समाज की अपेक्षाओं का बोझ हमारे युवाओं में तीव्र मानसिक तनाव पैदा कर रहा है। श्रीमती मुर्मू ने कहा, 'यह महत्वपूर्ण है कि हम इस मुद्दे को संबोधित करने के लिए एक समाज के रूप में एक साथ आएं और एक ऐसा वातावरण बनाएं जो हमारे छात्रों के समग्र विकास और कल्याण को बढ़ावा दे।' छात्रों से आग्रह करते हुए कि वे कभी भी किसी चिंता को अपने ऊपर हावी न होने दें राष्ट्रपति ने उन्हें अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखने और आगे बढ़ते रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों को ऐसा माहौल बनाना चाहिए जो दोतरफा संचार को बढ़ावा दे, जहां छात्र फैसले से डरे बिना

**विश्वविद्यालय ने अनुसंधान और अकादमिक कठोरता की संस्कृति को बढ़ावा दिया है, विश्वविद्यालय को देश और दुनिया के सामने आने वाली समस्याओं का सीखने-आधारित समाधान खोजने में सबसे आगे रहना चाहिए :-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति**

अपने डर, चिंताओं और संघर्षों पर चर्चा करने में सहज महसूस करें।

उन्होंने कहा, हमें ऐसा माहौल बनाने के लिए सामूहिक रूप से काम करने का प्रयास करना चाहिए जहां हमारे युवा आत्मविश्वास और साहस के साथ चुनौतियों का सामना करने के लिए प्यार, महत्व तथा सशक्त महसूस करें।' श्रीमती मुर्मू ने मद्रास विश्वविद्यालय के समृद्ध इतिहास और गौरवशाली विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि इस संस्थान के पूर्व छात्र उत्कृष्टता के वैश्विक केंद्र के रूप में इसके विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि पूर्व छात्र युवा छात्रों को मार्गदर्शन दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय को संस्थान की बेहतरी के लिए पूर्व छात्रों से भी संपर्क कर उनका सहयोग लेना चाहिए।

## पीएम को पहले ट्रेन यात्रा को सुरक्षित और विश्वसनीय बनाना चाहिए: कांग्रेस



■ **'केवल 'झूठी छवि' पेश करने के लिए कार्यक्रम में बार-बार 'हरी झंडी' दिखाने की बजाय, मोदी जी रेलवे की यात्रा को सुरक्षित और विश्वसनीय बनाने के लिए कुछ करें:-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की नींव रखने के बाद कांग्रेस ने रविवार को भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पीएम को पहले ट्रेन यात्रा को 'सुरक्षित और विश्वसनीय' बनाने के लिए कुछ पहल करनी चाहिए। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने केंद्र पर दुष्प्रचार करने का आरोप लगाते हुए एक ट्वीट में कहा, 'केवल 'झूठी छवि' पेश करने के लिए कार्यक्रम में बार-बार 'हरी झंडी' दिखाने की बजाय, मोदी जी रेलवे की यात्रा को सुरक्षित और विश्वसनीय बनाने के लिए कुछ करें। उन्होंने कहा, 'भारतीय रेलवे देश की जीवन रेखा रही है। लेकिन, मोदी सरकार ने पिछले नौ वर्षों में रेल यात्रा को बेहद जोखिम भरा बना दिया है।' पिछले साल दिसंबर में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा संसद को दी गई जानकारी के मुताबिक, रेलवे में कुल 3.2 लाख पद खाली हैं। हाल ही में हुई बालासोर ट्रेन त्रासदी का जिक्र करते हुए, जिसमें लगभग 300 लोगों की जान चली गई, कांग्रेस सांसद ने कहा, 'ओडिशा के बालासोर में हुई भीषण ट्रेन दुर्घटना के घाव अभी भरे भी नहीं हैं। रेलवे ट्रैक और सिग्नल सिस्टम की रखरखाव की जरूरतों की लगातार उपेक्षा का खामियाजा पूरा देश देख रहा है।'

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के दौरे से पहले पुडुचेरी में सुरक्षा बढ़ाई गई

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज पुडुचेरी के दौरे पर रहेंगी। एयरपोर्ट पर उपराज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन और केंद्र शासित प्रदेश के मुख्यमंत्री एन रंगास्वामी उनका स्वागत करेंगे। यात्रा के लिए सुरक्षा बढ़ा दी गई है और राष्ट्रपति को सुरक्षा प्रदान करने के लिए लगभग 1000 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। वीवीआईपी मेहमान की सुरक्षा के लिए अर्धसैनिक बलों की दो कंपनियां भी तैनात की गई हैं। नई दिल्ली से सुरक्षा बल पुडुचेरी पहुंच गए हैं। सुरक्षाबलों ने उन स्थानों का निरीक्षण किया है जहां राष्ट्रपति जाएंगी। राष्ट्रपति के लिए प्रोटोकॉल सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षाबलों ने 20 से अधिक सुरक्षा वाहनों को शामिल करते हुए एक रिहर्सल किया।

## सार संक्षेप

### बंगाल गवर्नर ने अब 'पीस ट्रेन' शुरू करने को लेकर रेल विभाग से की बात

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने इंट्रा-स्टेट 'पीस ट्रेन' शुरू करने के लिए रेलवे विभाग के साथ बातचीत शुरू कर दी है। पिछले दिनों पश्चिम बंगाल में हिंसा और खून-खराबे की शिकायतों के समाधान के लिए राज्यपाल ने राजभवन परिसर में 'पीस रुम' खोलने की पहल की थी। राजभवन के सूत्रों ने कहा कि राज्यपाल ने इस संबंध में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भी अनुरोध किया है। सूत्रों ने बताया कि राज्यपाल के प्रस्ताव में कहा गया है कि 'पीस ट्रेन' कोलकाता के सियालदह स्टेशन से दार्जिलिंग जिले के न्यू जलपाईगुड़ी के बीच दक्षिण बंगाल और उत्तर बंगाल दोनों को कवर करते हुए शांति का संदेश देगी। हाल ही में, राज्यपाल ने मीडियाकर्मियों से कहा कि 'भ्रष्टाचार' और 'हिंसा' पश्चिम बंगाल के लोगों के लिए दो सबसे बड़े दुश्मन हैं। राज्यपाल ने हाल ही में राज्य में विश्वविद्यालय स्तर की शिक्षा प्रणाली में भ्रष्टाचार पर जनता की शिकायतों के समाधान के लिए राजभवन परिसर में एक 'भ्रष्टाचार विरोधी कक्ष' खोलने की पहल की है।

### अगली तेलंगाना विधानसभा का सदस्य नहीं बनूंगा: राजा सिंह

**हैदराबाद।** निलंबित भाजपा विधायक राजा सिंह ने रविवार को कहा कि वह अगली तेलंगाना विधानसभा में सदस्य नहीं होंगे। विधायक ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि अगली विधानसभा में कौन होगा और कौन नहीं। उन्होंने विधानसभा में कहा, 'मुझे विश्वास है कि मैं वहां नहीं रहूंगा।' विवादास्पद विधायक ने यह भी टिप्पणी की कि 'घर वाले' और 'बाहर वाले' दोनों उन्हें अगली विधानसभा में नहीं चाहते हैं। हालांकि, उन्होंने विस्तार से नहीं बताया। राजा सिंह ने मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव से अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों का ख्याल रखने का अनुरोध किया। रविवार को विधानसभा के मानसून सत्र का आखिरी दिन था, जो साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले आखिरी सत्र होने की संभावना है।

### पूर्व माओवादी विचारक गीतकार गदर का निधन

**हैदराबाद।** पूर्व माओवादी विचारक और क्रांतिकारी गीतकार गदर का संक्षिप्त बीमारी के बाद रविवार को यहां निधन हो गया। वह 74 वर्ष के थे। उन्होंने एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली, जहां उन्हें 10 दिन पहले दिल का दौरा पड़ने के बाद भर्ती कराया गया था। उनके परिवार में पत्नी विमला और एक बेटा तथा एक बेटी हैं। उनके दूसरे बेटे चंद्रुडु का 2003 में निधन हो गया था। मेडक जिले के तूपरान में 1949 में एक दलित परिवार में जन्मे गदर का मूल नाम गुम्मदी विठ्ठल राव था, लेकिन वह अपने मंच नाम गदर से लोकप्रिय हो गए। वह उस्मानिया यूनिवर्सिटी इंजीनियरिंग कॉलेज के दिनों से ही एक क्रांतिकारी गायक और नक्सलवाद के प्रति सहानुभूति रखने वाले थे।

# बंगाल माकपा ने सीताराम येचुरी के ममता बनर्जी के साथ मंच साझा करने पर केंद्रीय नेतृत्व को भेजी रिपोर्ट

**कोलकाता,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल माकपा के राज्य नेतृत्व ने रविवार को केंद्रीय समिति को पार्टी महासचिव सीताराम येचुरी द्वारा हाल ही में बेंगलुरु में विपक्षी गठबंधन की बैठक के दौरान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ मंच साझा करने के बाद पार्टी में पनप रहे आंतरिक असंतोष से अवगत कराया। माकपा के सूत्रों ने कहा कि पश्चिम बंगाल के प्रतिनिधियों ने केंद्रीय समिति को विशेष रूप से हाल ही में संपन्न पंचायत चुनावों में कथित तौर पर तृणमूल कार्यकर्ताओं द्वारा की गई हिंसा और नरसंहार की पृष्ठभूमि से अवगत कराया। सूत्रों ने कहा कि स्पष्ट कर दिया गया है कि पार्टी नेतृत्व के स्पष्टीकरण से भाजपा और तृणमूल के साथ एक जैसा व्यवहार करने के पार्टी के रुख पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

केंद्रीय नेतृत्व को इस बात से भी अवगत कराया गया है कि कैसे भाजपा का राज्य नेतृत्व विशेषकर विपक्ष के नेता माकपा कार्यकर्ताओं को या तो भाजपा में शामिल होने



■ **माकपा पार्टी में पनप रहे आंतरिक असंतोष से अवगत कराया**

या पार्टी छोड़ने के बाद तृणमूल के खिलाफ एक अलग मंच बनाने का आह्वान करके स्थिति का फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं।' पार्टी कार्यकर्ताओं ने तर्क दिया है कि यदि महागठबंधन के मंच पर उपस्थिति आवश्यक थी तो महासचिव अपने किसी साथी पोलित ब्यूरो सदस्य को तैनात कर सकते थे। न केवल पार्टी सदस्य बल्कि कट्टर पार्टी समर्थक भी परेशान हैं। राज्य समिति के एक सदस्य ने कहा, ये समर्थक अभी भी सत्तारूढ़ दल के हमलों का मुकाबला करने के लिए राज्य में माकपा के सत्ता में वापस आने का सपना देखते हैं। हम इस भावना को नजरअंदाज नहीं कर सकते।' हालाँकि, ऐसे सदस्य भी हैं जो बंगाल की मुख्यमंत्री के साथ मंच साझा करने वाले सीताराम येचुरी का समर्थन करते हैं।

केंद्रीय समिति के एक सदस्य ने कहा, 'केरल में राज्य नेतृत्व भी कांग्रेस के साथ मंच साझा करने पर समान नाराजगी व्यक्त कर सकता है क्योंकि माकपा और कांग्रेस तटीय राज्य में प्रमुख प्रतिद्वंद्वी हैं।

# वाईएसआरसीपी की बाधाओं के बावजूद नायडू की 'युद्ध भेरी' से गरमाई आंध्र प्रदेश की राजनीति

**अमरावती,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के अध्यक्ष एन. चंद्रबाबू नायडू के आंध्र प्रदेश की प्रमुख सिंचाई परियोजनाओं का दौरा कर जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार की विफलताओं को उजागर करने और कुछ जगहों पर टीडीपी तथा सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के बीच हिंसक झड़पों से राज्य की राजनीति गरमा गई है। नायडू की 'युद्ध भेरी' को रोकने के लिए रायलसीमा क्षेत्र में कुछ वाईएसआरसीपी नेताओं की कथित धमकियों और टीडीपी नेताओं की कड़ी प्रतिक्रिया ने राजनीतिक गर्मी पैदा कर दी है।

नायडू के काफिले को कथित तौर पर पुलिस द्वारा रोके जाने के बाद चित्तूर जिले के पुंगनूर शहर में हुई हिंसा और 4 अगस्त को



पड़ोसी अन्नामय्या जिले में दोनों दलों के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प से अगले साल चुनाव से पहले हिंसक घटनाओं की श्रृंखला शुरू होने की आशंका है।

पुलिस कार्रवाई के खिलाफ टीडीपी कार्यकर्ताओं के विरोध प्रदर्शन के बाद पुंगनूर के बाहरी इलाके में हिंसा भड़क गई। हालाँकि, पुलिस ने दावा किया कि काफिले ने अपना मार्ग बदल लिया था और पुलिस की अनुमति के बिना शहर में प्रवेश कर रहा था। हिंसा में 11 पुलिसकर्मियों समेत करीब 40 लोग घायल हो गए। दोनों पार्टियों के समर्थकों ने पथराव और आगजनी की। वाईएसआरसीपी नेताओं ने कथित तौर पर पुंगनूर निर्वाचन क्षेत्र में नायडू की बैठक को बाधित करने की धमकी दी थी, जहां से राज्य के खनन मंत्री और मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी के चाचा पेद्दीरेड्डी रामचंद्र रेड्डी विधायक हैं। नायडू ने हिंसा के लिए मंत्री को जिम्मेदार ठहराया। पूर्व मुख्यमंत्री ने सत्ताधारी दल के नेताओं को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर वे एक लाठी लेकर आएंगे तो उन्हें कई लाठियों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने वाईएसआरसीपी कार्यकर्ताओं को नियंत्रित करने में पुलिस की निष्क्रियता के लिए चित्तूर के पुलिस अधीक्षक रिशांत रेड्डी की कड़ी आलोचना की। हालाँकि, पुलिस अधिकारी ने हिंसा के लिए नायडू को दोषी ठहराया और कहा कि उन्होंने कुछ ऐसी टिप्पणियाँ कीं जिनसे लोग भड़के।

# सरकार के काम से भारत के प्रति दुनिया की रुचि बदली है: मोदी

**नई दिल्ली,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि देश की जनता द्वारा देश में पूर्ण बहुमत की मजबूत सरकार का चुनाव करने तथा उनकी सरकार के ठोस तथा महत्वाकांक्षी फैसलों पर काम से भारत के बारे में दुनिया की रुचि एवं नजरिया एवं विश्वास बदला और बढ़ा है। श्री मोदी वीडियो कांफ्रेंसिग के माध्यम से देश भर में 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की परियोजनाओं की आधारशिला रखने के बाद कहा कि अमृत भारत स्टेशन परियोजना के तहत विकसित किए जा रहे आधुनिक सुविधाओं वाले ये स्टेशन भारतीय रेल के कायाल्प के प्रयासों को और ऊंचायी पर ले जाएंगे। उन्होंने कहा,'यह नई ऊर्जा, प्रेरणाओं और संकल्पों के आलोक में एक नया अध्याय शुरू हो रहा है।' श्री मोदी ने कहा, आज पूरी दुनिया की नज़र भारत पर है। भारत के प्रति दुनिया का नजरिया बदल गया है। ...नए भारत में, विकास युवाओं के लिए नए अवसरों का मार्ग प्रशस्त कर रहा है, और युवा



देश के विकास को नए पंख दे रहे हैं।' प्रधानमंत्री ने दुनिया में भारत के बढ़ते कद को रेखांकित करते हुए कहा, इसके दो प्रमुख कारकों हैं-पहला, भारत की जनता द्वारा एक स्थिर पूर्ण बहुमत वाली सरकार का चुनाव और दूसरा, सरकार ने महत्वाकांक्षी फैसले लिए और लोगों की आकांक्षाओं के अनुरूप उनके विकास के लिए लगातार काम किया। उनका यह वक्तव्य 2024 के आम चुनाव की दृष्टि के संदर्भ में जनता के लिए एक अपील की दृष्टि से देखा जा सकता है। अगले आम चुनाव के लिए 26 विपक्षी दल एक नए गठबंधन में शामिल हुए हैं और इस तरह अगला चुनाव सत्तारूढ़ राजग गठबंधन और विपक्ष के 'इंडिया' गठबंधन के बीच होने जा रहा है। श्री मोदी ने कहा कि भारतीय रेलवे में उनकी सरकार के नौ वर्षे के निर्णय और काम इस बात प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने बताया कि कि इन नौ वर्षों में देश में बिछाए गए रेलवे ट्रैक की लंबाई दक्षिण अफ्रीका, यूक्रेन, पोलैंड, यूके और स्वीडन के संयुक्त रेलवे नेटवर्क से भी अधिक है।

## अधीर रंजन ने ममता से कहा, निर्वाचित कांग्रेस पंचायत सदस्यों को डराना बंद करें

कोलकाता, 6 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने रविवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से कहा है कि राज्य में पंचायत बोर्डों के गठन से पहले निर्वाचित विपक्षी उम्मीदवारों को डराने-धमकाने और उनका अपहरण करने से बाज आएं। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने सीएम ममता को एक पत्र लिखा जिसमें कहा है कि 'मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव से पहले और बाद में हर बार लगातार हिंसा, हत्याएं और खून-खराबा होता रहा है। हिंसा के बावजूद कांग्रेस उम्मीदवारों की जीत हुई है। पुलिस, नेता और गुंडे उन पर हत्या और अन्य आरोप लगाकर उन्हें धमका रहे हैं एवं उन्हें टीएमसी की सदस्यता स्वीकार कर आत्मसमर्पण करने के लिए मजबूर कर रहे हैं।' चौधरी ने मुख्यमंत्री से यह सवाल भी किया कि क्या पश्चिम बंगाल में चुनाव जीतने का यही सभ्य तरीका है? चौधरी ने पत्र में यह भी कहा कि 'मैं आपसे ईमानदारी से अनुरोध करता हूं कि टीएमसी के प्रभुत्व पर एकाधिकार करने के लिए अन्य पार्टी के उम्मीदवारों और समर्थकों को प्रताड़ित करने, आतंकित करने तथा मजबूर करने में पुलिस एवं गुंडों का इस्तेमाल करने से बचें।' चौधरी ने हाल ही में मुर्शिदाबाद जिले के नबाग्राम में एक व्यक्ति की हिरासत में मौत का भी जिक्र किया।



## बिहार, यूपी व तमिलनाडु में जनधन लाभार्थियों की संख्या सबसे ज्यादा

■ **2022-23 के दौरान कुल 6.23 करोड़ जनधन खाते खोले गए**

**नई दिल्ली,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार, उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु 2022-23 में प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमएमवाई) के लाभार्थियों की सबसे अधिक संख्या वाले शीर्ष तीन राज्य हैं। 2022-23 के दौरान कुल 6.23 करोड़ जनधन खाते खोले गए। वित्त मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, योजना के अधिकतम लाभार्थियों वाले राज्यों की सूची में बिहार शीर्ष पर है, जो 2022-23 में 84,89,231 था। उत्तर प्रदेश 68,08,721 लाभार्थियों के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि तमिलनाडु कुल 64,06,513 पीएमएमवाई लाभार्थियों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। पीएमएमवाई के तहत सदस्य ऋण देने वाले संस्थानों (एमएलआई), यानी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी), गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) और सूक्ष्म वित्त संस्थानों (एमएफआई) द्वारा 10 लाख रुपए तक का संपार्श्विक-मुक्त संस्थागत ऋण प्रदान किया जाता है। कोई भी व्यक्ति, जो अन्यथा ऋण लेने के लिए पात्र है और उसके पास लघु व्यवसाय उद्यम के लिए व्यवसाय योजना है, विनिर्माण, व्यापार और सेवा क्षेत्रों में आय सृजन गतिविधियों के लिए योजना के तहत ऋण प्राप्त कर सकता है, और तीन ऋण श्रेणियों में कृषि से संबद्ध गतिविधियों के लिए भी ऋण प्राप्त कर सकता है, यानी 'शिशु' (50,000 रुपए तक का ऋण), 'किशोर' (50,000 रुपए से अधिक और 5 लाख रुपए तक का ऋण) और 'तरुण' (5 लाख रुपए से अधिक और 10 लाख रुपए तक का ऋण)।

**राजनीति** | *मध्यप्रदेश के दो मंत्रियों के इलाके में कांग्रेस की सेंधमारी*

# दतिया और सागर से नाता रखने वाले भाजपा नेता कांग्रेस में शामिल हो गए

**भोपाल, 6 अगस्त (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने शिवराज सरकार के दो मंत्रियों के इलाकों में सेंधमारी करने में सफलता हासिल की है। दतिया और सागर से नाता रखने वाले दोनों ही मंत्रियों के इलाके के भाजपा नेता कांग्रेस में शामिल हो गए हैं।**

प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित समारोह में गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा के विधानसभा क्षेत्र दतिया के भाजपा नेता अवधेश नायक और सागर जिले की सुरखी विधानसभा क्षेत्र से विधायक राजस्व मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के क्षेत्र से नाता रखने वाले भाजपा नेता राजकुमार धनौरा ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली। भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए दोनों नेताओं की अपने-अपने क्षेत्र के मंत्रियों से बीते कई वर्षो से सियासी अदावत चली आ



रही है। दतिया के अवधेश नायक तो नरोत्तम मिश्रा के खिलाफ उमा भारती की जनशक्ति पार्टी से भी चुनाव लड़ चुके हैं, मगर उनके खाते में हारी आई थी। बीते दो चुनाव से अवधेश नायक को पार्टी से टिकट नहीं मिला क्योंकि नरोत्तम मिश्रा यहां से चुनाव जीते हैं। हां पार्टी ने उन्हें पाठ्य पुस्तक निगम का उपाध्यक्ष जरूर बनाया था।

इसी तरह सुरखी विधानसभा क्षेत्र के राजकुमार धनौरा का राजस्व मंत्री गोविंद सिंह राजपूत से बीते कुछ समय से विवाद चला रहा है और धनौरा ने खुले तौर पर मंत्री पर कई गंभीर आरोप लगाए उसके बाद धनौरा को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था। अब धनोरा ने कांग्रेस की सदस्यता ले ली है। राजनीतिक तौर पर इन दो नेताओं के दल-बदल को काफी अहम माना जा रहा है। इसकी वजह है क्योंकि दोनों नेताओं का अपना प्रभाव है।

### मशहूर शायर अंजुम रहबर कांग्रेस में हुई शामिल

भोपाल। देश की मशहूर शायर अंजुम रहबर ने रविवार को कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष कमलनाथ की मौजूदगी में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली। पूर्व मुख्यमंत्री के आवास पर शायरा अंजुम रहबर ने कमलनाथ के सामने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। साथ ही उन्होंने देश के वर्तमान हालातो पर चिंता जताई और कि वे अब तक शायरी करती रही है अब वे समाजसेवा करना चाहती है और इसीलिए कांग्रेस में शामिल हुई हैं। राज्य में आगामी समय में विधानसभा के चुनाव होने वाले है और उनसे पूछा गया कि क्या वे कांग्रेस के उम्मीदवार के तौर चुनाव लड़ेंगी तो उन्होंने साफ कहा कि वे चुनाव नहीं लड़ेंगी मगर पार्टी उन्हें उम्मीदवार बनाएगी तो वे मना भी नहीं करेंगी।

उल्टा पुल्टा

एक मच्छर तूफान, में फंसा हुआ था
रास्ते मे एक पेड़ मिला
मच्छर पेड़ से लिपट गया
जब तूफान निकल गया
तो मच्छर पसीना पोंछते
हुए बोला- अगर आज मै नहीं
होता तो ये पेड़ गिर ही जाता.!!

# दिल्ली दंगों के छह आरोपी के खिलाफ चलेगा मुकदमा

**नई दिल्ली,** 6 अगस्त (देशबन्धु)। साल 2020 में हुए उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों के एक मामले में दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) वीके सक्सेना ने आरोपी छह लोगों के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत गोली लगने से हो गई थी। जांच के दौरान यह बात सामने आई है कि नागरिकता संशोधन विधेयक का लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करने की आड़ में गहरी साजिश रची गई। इसी दौरान दिल्ली के उत्तर-पूर्वी जिले में दंगे हुए। जिसमें 24 फरवरी 2020 को गोली लगने से गली नंबर 17, न्यू मुस्तफाबाद निवासी 25 वर्षीय शाहिद उर्फ अल्लाह मेहर की मौत हो गई।

इस मामले में पुलिस स्टेशन दयाल पुर में एक मार्च को एफआईआर संख्या 84/2020 दर्ज की। इसी मामले में उपराज्यपाल ने अभियोजन की मंजूरी दी। भारतीय दंड संहिता की धारा 153 ए और 505 के तहत दंडनीय अपराध के तहत मोहम्मद फिरोज, चांद मोहम्मद, रईस खान, मोहम्मद जुनैद, इरशाद और अकील अहमद के खिलाफ मामला दर्ज हुआ। जांच के



दौरान छह गिरफ्तार आरोपियों ने खुलासा किया कि वे दंगों में शामिल थे। ये सप्तर्षि इस्पात एंड अलॉयज प्राइवेट लिमिटेड की इमारत में जबरदस्ती घुसे और फर्म के कार्यालय को लूटा।

इस दौरान पीड़ित को 24 फरवरी को चांद बाग मजार के पास 25 फुटा चांद बाग, मुख्य वजीराबाद रोड दिल्ली के सर्विस रोड पर स्थित कंपनी की छत पर गोली थी। मामले की जांच अपराध शाखा को स्थानांतरित कर दी गई जिसने गवाहों से पूछताछ की और एक

**उपराज्यपाल ने दी मंजूरी**

टीवी चैनल के सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो सहित एकत्र किए गए सबूतों का विश्लेषण किया।

नागरिकता संशोधन विधेयक के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर हुए दंगों के मामलों की जांच से पता चला है कि इसके कुछ समय पहले, साजिशकर्ता मुस्लिम बहुल इलाकों में पर्चे बांटकर और प्रचार करके प्रचार कर रहे थे कि केंद्र नागरिकता छीनने का इरादा रखता है।

## डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा का अपमान करने का मामला

राजधानी दिल्ली के मदनपुर खादर स्थित न्यू प्रियंका कैंप के एमसीडी पार्क में डॉ. भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा का अपमान करने के मामले में आरोपी रोहित हरसाना के खिलाफ मामला चलेगा। पिछले साल अगस्त में हुई इस घटना के मामले में उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। इस मामले में दिल्ली पुलिस ने पुलिस स्टेशन सरिता विहार में दर्ज 30 अगस्त को धारा 153 ए के तहत मामला दर्ज किया था। जांच के दौरान आरोपी ने बयान में अपना अपराध स्वीकार कर लिया। हरसाना ने स्वीकार किया कि उसने एससी-एसटी लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से यह कृत्य किया। पुलिस ने तीन चश्मदीदों से पूछताछ की। उन्होंने बताया कि उन्होंने आरोपियों को एमसीडी पार्क में स्थित डॉ. अंबेडकर की मूर्ति के आसपास घूमते देखा था।

■ **उपराज्यपाल ने दी मामला चलाने की मंजूरी**

जानकारी दी गई कि आरोपी ने एक पत्थर उठाकर प्रतिमा के सिर पर दे मारा, जिससे आधा सिर नीचे गिर गया और आरोपी पीछे की तरफ से भाग गया। आरोपी मदनपुर खादर में डेयरी चलाता है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था बाद में वह जमानत पर बाहर है।

## दिल्ली पुलिस ने दो ड्रग्स सप्लायर्स को ओडिशा से पकड़ा

**नई दिल्ली**, 6 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली में उत्तर पूर्वी जिला पुलिस ने रविवार को कहा कि उसने ओडिशा से नशीले पदार्थों के दो थोक आपूर्तिकर्ताओं को गिरफ्तार किया है, जो एनसीआर में ड्रग्स की आपूर्ति करते थे। इनके गिरोह के सदस्यों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। डीसीपी, नॉर्थ ईस्ट, जॉय टिर्की ने कहा कि आरोपियों की पहचान दशरथति खरा और गोपी जाला के रूप में हुई है। उनके खिलाफ थाना ज्योति नगर में धारा 20, 25, 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। अधिकारी ने कहा, 'दोनों आरोपी उस मामले में वांछित थे, जिसमें अप्रैल में ज्योति नगर में उनकी स्विफ्ट कार में तीन आरोपियों प्रियांक गांधी, शत्रुघ्न कुमार और सुनील कुमार के कब्जे से 116.95 किलोग्राम गांजा की बरामद किया गया था। बाद में गिरोह के और भी सदस्यों को पकड़ लिया गया। लगातार पूछताछ करने पर आरोपियों ने अपने थोक आपूर्तिकर्ताओं के स्रोत का खुलासा किया जो ओडिशा के कोरापुट में छिपे हुए थे। अधिकारी ने कहा, 'जांच के दौरान, यह सामने आया कि दशरथति खरा एक आदतन अपराधी है और उसे पहले गाजियाबाद पुलिस ने 650 किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया था। उनके सहयोगियों को जल्द से जल्द पकड़ने के लिए आगे के प्रयास जारी हैं।



## आप का अपने सभी राज्यसभा सांसदों को सदन में मौजूद रहने का निर्देश, आज शाह पेश करेंगे दिल्ली सेवा विधेयक

**नई दिल्ली,** 6 अगस्त (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी ने अपने सभी राज्यसभा सांसदों को 7 और 8 अगस्त के लिए राज्यसभा में उपस्थित रहने के लिए तीन लाइन का व्हिप जारी किया है। यह निर्देश आप के चीफ-व्हिप राज्यसभा सुशील गुप्ता ने दिए हैं। बता दें कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार (7 अगस्त) को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) विधेयक, 2023 पेश करेंगे। यह विधेयक लोकसभा में पहले ही पास हो चुका है। इसके अलावा कांग्रेस पार्टी भी अपने राज्यसभा सांसदों को सोमवार अगस्त को सदन में उपस्थित रहने के लिए तीन लाइन का व्हिप जारी कर चुकी है।



**लोकसभा में बिल 3 अगस्त को हुआ पास**

दिल्ली की सेवाओं से जुड़ा विधेयक ध्वनिमत से लोकसभा से पास हो गया। नवगठित विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए ने एकजुट होकर विधेयक का विरोध किया तो वहीं राजग के साथ-साथ बीजद, वाईएसआर कांग्रेस और टीडीपी ने इसका पुरजोर समर्थन किया। इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के कुछ दिनों बाद मई में दिल्ली में सेवाओं के नियंत्रण पर अध्यादेश जारी किया गया था। विधेयक केंद्र सरकार को अधिकारियों और कर्मचारियों के कार्यों, नियमों और सेवा की अन्य शर्तों सहित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के मामलों के संबंध में नियम बनाने का अधिकार देता है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बिल के खिलाफ विपक्षी दलों से लोकसभा और राज्यसभा में समर्थन मांगा है।

**सार संक्षेप**

### दिल्ली पुलिस ने पूर्वोत्तर, दार्जीलिंग, लद्दाख के लोगों से अपना विवरण देने की अपील की

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी में रह रहे पूर्वोत्तर राज्यों एवं लद्दाख के लोगों तथा दार्जीलिंग के गोरखाओं से अपने बारे में सूचना उपलब्ध कराने का अनुरोध किया, ताकि बेहतर पुलिस व्यवस्था तथा उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। असम सरकार की ओर से जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए विशेष पुलिस इकाई (नई दिल्ली) के संयुक्त पुलिस आयुक्त पीएन ख्रिमे ने कहा कि पूर्वोत्तर एवं लद्दाख के कई लोग तथा दार्जीलिंग के गोरखा राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न स्थानों पर रह रहे हैं, लेकिन किसी एजेंसी या संगठन के पास उनके बारे में कोई विशेष डेटा नहीं है। विज्ञप्ति के अनुसार, पूर्वोत्तर क्षेत्र की विशेष पुलिस इकाई ने बेहतर पुलिस व्यवस्था तथा दिल्ली में रह रहे पूर्वोत्तर क्षेत्र, लद्दाख के लोगों और दार्जीलिंग के गोरखाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उनसे अपने बारे में सूचना देने का अनुरोध किया है। इसमें कहा गया है कि ख्रिमे ने इन लोगों से अपना विवरण देते हुए एक फॉर्म भरने का अनुरोध किया है।

### लोगों को ठगने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** शाहदरा जिला पुलिस ने अपने मोबाइल फोन पर 'रस्टडेस्क' एक मुफ्त रिमोट पीसी सॉफ्टवेयर डाउनलोड कर पेटीएम पर भुगतान की सुविधा के बहाने लोगों को ठगने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान झारखंड निवासी 21 वर्षीय प्रवीण पोद्दार के रूप में हुई है। प्रवीण के खिलाफ अरजीना नाम की एक महिला के बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जिसने पुलिस को बताया था कि उसे पेटीएम पर एक ऑफर के संबंध में एक फोन कॉल आया था। शिकायतकर्ता ने कॉलर के निर्देशानुसार रस्टडेस्क ऐप डाउनलोड किया था। पुलिस ने कहा कि कॉल करने वाले ने महिला से ऐप में अपने मोबाइल नंबर के पहले पांच अंक भरने के लिए कहा था, जिसे शिकायतकर्ता ने अपने यूपीआई पिन के साथ दो बार भरा था। जल्द ही महिला को अपने बैंक से दो मैसेज मिले, जिसमें उसके खाते से 99,104 रुपये और 99,104 रुपये की कटौती हो गई। महिला के बयान के आधार पर साइबर थाने में एफआईआर दर्ज की गई।

### दवाओं की तस्करी के प्रयास में उज्बेक महिला दिल्ली हवाई अड्डे पर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाईअड्डे पर सीआईएसएफ अधिकारियों ने दवाओं की तस्करी के प्रयास के आरोप में एक उज्बेकिस्तानी महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कस्टम विभाग को सौंप दिया गया है। सीआईएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि 4 अगस्त को उन्होंने एक विदेशी यात्री का संदिग्ध व्यवहार देखा, जिसकी पहचान उज्बेकिस्तान की नागरिक इख्तिवोर अब्दुल्लायेवा के रूप में हुई। वह एयर अस्ताना की उड़ान से अल्माटी की यात्रा करने वाली थी। उसके सामान की औचक एक्सबीआईएस जांच की गई और निरीक्षण के दौरान, तीन डिब्बों के अंदर बड़ी मात्रा में दवाओं का पता चला। फिर उसे आव्रजन जांच से गुजरने की अनुमति दी गई, हालांकि उस पर सीधे और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से निगरानी रखी गई। इसके बाद यह पाया गया कि उसने अपनी यात्रा की योजना बदल दी। उसे रोक लिया गया, जिसके बाद सीमा शुल्क और सीआईएसएफ अधिकारियों ने मिलकर पूछताछ की।

## राष्ट्रीय वैस्कुलर दिवस पर जागरूकता बढ़ाने को एकजुट हुए देश के 26 शहर

**नई दिल्ली,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। वैस्कुलर सोसाइटी ऑफ इंडिया (6 अगस्त 1994 को चेन्नई में गठित) ने अखिल भारतीय राष्ट्रीय वैस्कुलर दिवस का रविवार को आयोजन किया। इस अवसर पर देश भर के 26 शहरों में 'अंगविच्छेद मुक्त भारत' के थीम पर एक वॉकथॉन का आयोजन कर जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया गया - 'एक मील चलो, मुस्करा कर जीओ'। मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम से शुरू वॉकथॉन इंडिया गेट की परिक्रमा कर वापस नेशनल स्टेडियम पहुंचा।

झप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया विजन के मद्देनजर वीएसआई ने वॉकथॉन का आयोजन किया जिसका मुख्य लक्ष्य शरीर के अंग विच्छेद की स्थिति पैदा करने वाले कारणों (डायबीटीज़, धूम्रपान, ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल बढ़ने) से बचना है। स्वास्थ्य की बेहतर देखभाल, जागरूकता और किसी अन्य समस्या का समय से निदान कर यह लक्ष्य पूरा होगा। वैस्कुलर सोसाइटी ऑफ इंडिया के सचिव डॉ. तपिश साहू ने कहा, 'हमारा मिशन एम्प्युटेशन फ्री इंडिया बनाने के मकसद से संपूर्ण वैस्कुलर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करा सभी समुदायों को अधिक स्वस्थ बनाना है।

अभियान में पूरे भारत का उत्साह देख कर हम बहुत प्रोत्साहित हैं। आज राष्ट्रीय वैस्कुलर दिवस पर देश भर के 26 शहरों में एक साथ वॉकथॉन का आयोजन हुआ, जिसमें 8,000 से अधिक लोगों ने बड़े उत्साह से भाग लिया। इस पहल को अपना समर्थन देने के लिए कई अन्य प्रसिद्ध वैस्कुलर सर्जन उपस्थित थे जिनमें डॉ. वी.एस. बेदी, डॉ. कर्नल कुमुद राय, डॉ. राजीव पारख, डॉ. तरूण ग्रोवर, डॉ. संदीप अग्रवाल, डॉ. अजय यादव, डॉ. रावुल जिंदल और डॉ. अपूर्व श्रीवास्तव (कोषाध्यक्ष, वीएसआई) खास तौर से उल्लेखनीय हैं।

# सभी विधानसभा क्षेत्रों में बांटे जाएंगे औषधीय पौधे: गोपाल राय

## पर्यावरण मंत्री ने युवाओं के लिए इंटर्नशिप पोर्टल की शुरुआत की

**नई दिल्ली,** 6 अगस्त (देशबन्धु)। राजधानी की सभी विधानसभा क्षेत्रों में औषधीय पौधों का वितरण किया जाएगा। इस कार्यक्रम से विधायकों और पार्षदों को भी जोड़ा जाएगा। यह बातें दिल्ली विश्वविद्यालय के पोलो ग्राउंट में रविवार को आयोजित वन महोत्सव में पर्यावरण एवं वन मंत्री गोपाल राय ने कहीं। इस दौरान पर्यावरण मंत्री ने बताया कि दिल्ली सरकार ने इस साल 52 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके अलावा एनडीएमसी ने 50 लाख पौधे और झाड़ियां लगाने का लक्ष्य रखा है। लोगों को पौधारोपण के प्रति जागरूक करने के लिए दिल्ली की लोकसभा क्षेत्रों में वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

उन्होंने कहा कि वन महोत्सव




कार्यक्रम के बाद विधायक और पार्षदों की सहभागिता से मुफ्त औषधीय पौधे सत्तर विधानसभा क्षेत्रों में वितरित करने का अभियान शुरू किया जाएगा। साथ ही 14 सरकारी नर्सरियों से नि:शुल्क औषधीय पौधे भी बांटे जा रहे हैं ताकि लोग घरों में पौधारोपण करके दिल्ली के हरित क्षेत्र को बढ़ाने में अपनी सहभागिता दे सकें। उन्होंने कहा कि इस साल लगभग छह लाख पौधे निशुल्क वितरित किए जाएंगे।

पर्यावरण मंत्री ने लोगों को पर्यावरण की महत्ता समझाते हुए शपथ भी ग्रहण करवाई। उन्होंने राज्य को हरा-भरा रखने के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने की अपील की और कहा कि भविष्य में जलवायु परिवर्तन और वैश्विक तापमान में बढ़ोतरी जैसी समस्याओं से निपटने के लिए जरूरी है कि पर्यावरण के साथ संतुलन बढ़ाया जाए। कार्यक्रम में विधायक ऋतुराज झा, अखिलेश पति त्रिपाठी, पवन शर्मा, राजेश गुप्ता, आले मोहम्मद, जगदीश यादव, जितेन्द्र सिंह तोमर, आरडब्ल्यूए सदस्य और विभिन्न स्कूलों के ईको क्लब के बच्चों और शिक्षकों ने हिस्सा लिया। पोर्टल के माध्यम से युवाओं को जागरूक करेंगे : गोपाल राय ने युवाओं को वन एवं वन्यजीव विभाग की कार्यप्रणाली के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से इंटर्नशिप पोर्टल को लांच किया। यह पोर्टल युवाओं को वन एवं वन्यजीव के क्षेत्र में अपनी रुचियों का पता लगाने में सक्षम बनाने में मदद करेगी। इसके माध्यम से इंटर्नशिप योजना की जानकारी प्राप्त की जा सकेगी।

## विट्ठल राव की मृत्यु पर केसीआर ने शोक जताया

### केसीआर ने कहा, पूरे तेलंगाना ने एक महान लोक कवि खो दिया है

**नई दिल्ली,** 6 अगस्त (देशबन्धु)। तेलंगाना गीत को दुनिया भर में प्रसिद्धि दिलाने वाले और तेलंगाना राज्य के लिए आंदोलन में अपने गीत के माध्यम से पल्ले पल्लेना की विचारधारा का प्रसार करने वाले गुम्मदी विट्ठल राव की मृत्यु के बारे में जानकर मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव को गहरा सदमा लगा। मुख्यमंत्री ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि तेलंगाना के लोगों में अपने गीतों से राष्ट्रीय चेतना जगाते रहे और उनके दिलों में बसे रहे। मुख्यमंत्री केसीआर ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने अपना जीवन लोगों को समर्पित कर दिया और



केवल लोगों के लिए जिए। पूरे तेलंगाना ने एक महान लोक कवि खो दिया है। मुख्यमंत्री केसीआर ने तेलंगाना के लिए गदर के सांस्कृतिक संघर्ष और गदर से अपने जुड़ाव को याद किया। उन्होंने कहा कि एक साधारण बुर्राकथा कलाकार के रूप में शुरू हुए गदर का कलात्मक जीवन क्रांतिकारी राजनीति में घुलमिल गया और बाद में तेलंगाना की प्राप्ति के लिए आंदोलन में सांस्कृतिक संघर्ष में उच्च स्तर तक पहुंच गया। मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि एक कवि के रूप में सार्वजनिक कलाओं और आंदोलनों के लिए गदर की सेवाएं अविस्मरणीय हैं और उनके बिना उनकी कमी पूरी नहीं की जा सकती। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन कलाकारों और कवियों की कोई मौत नहीं होती और जब तक जन कला फलती-फूलती रहेगी, उनका नाम अमर रहेगा। मुख्यमंत्री केसीआर ने शोक संतप्त परिवार के सदस्यों और प्रशंसकों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की।

# शहीद नगर में 73वां चिकित्सा शिविर आयोजित

**नई दिल्ली,** 6 अगस्त (देशबन्धु)। ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस द्वारा यूनानी उपचार जनता के द्वार मिशन 2025 के तहत शहीद नगर में 73वां नि:शुल्क यूनानी चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया, जिसका उद्घाटन स्थानीय पार्षद हाजी मुहम्मद कल्लन ने किया। इस दौरान उन्होंने ने कहा कि यूनानी तरीका ए इलाज सदियों से राइज है जिस को बढ़ावा देना सरकार की जिम्मेदारी है और ये तभी मुमकिन है जब सरकार अपने चिकित्सा केंद्रों में यूनानी चिकित्सा विभाग की स्थापना करे ताकि लोगों को इस पेथी से अधिक लाभ हो सके।

उन्होंने कहा कि यूनानी दवाइयां किसी भी तरह का नुकसान नहीं देती बल्कि बीमारी का जड़ से खात्मा करती है, इसलिए आज भी लोग



**यूनानी दवाइयां करती हैं बीमारी का जड़ से खात्मा: कल्लन**

यूनानी पर भरोसा करते है। वहीं, इस अवसर पर डॉ. सैयद अहमद खान ने कहा कि आसमान छूती महंगाई को देखते हुए और खासकर शहीद नगर जैसे पिछड़े इलाके में जहां गरीबों की बड़ी आबादी रहती है, यहां शिविर आयोजित करने से लोगों की बड़ी खिदमत होती है। उन्होंने कहा कि सेहत के प्रति हर व्यक्ति को जागरूक होना चाहिए। और जो लोग मेडिकल सुविधा उपलब्ध कराने का काम कर रहे है उनका भरपूर साथ देना चाहिए।

आज के मुफ्त शिविर में लगभग 800 लोगों ने जिन में बचे भी शामिल थे ने अपना चैकअप कराया और मुफ्त दवाइयां और सेहत मंद रहने के मशवरे भी लिए। इस अवसर पर डॉ. शकील अहमद, डॉ. फहीम मलिक, डॉ. मुहम्मद यासिर कांधलवी, डॉ. संतोष गिरी, डॉ. आफताब आलम, हकीम अत्ता-उर-रहमान अजमली, डॉ. नीतू सिंह, डॉ. अतहर महमूद, मुहम्मद आज़म, मुहम्मद आसिफ, हकीम मुहम्मद मुर्तजा देहलवी, हकीम मुहम्मद यूसुफ, हकीम रियासत अली , डॉ. मुहम्मद शारिक, मुहम्मद सादिक, शाज़ान मलिक और शेख शाद आदि के नाम उल्लेखनीय हैं।

**योजना** *राजधानी के दिल्ली कैंट, नरेला व सब्जी मंडी स्टेशन भी शामिल*

# राजधानी के तीन रेलवे स्टेशनों की सूरत बदलेगी

**नई दिल्ली, 6 अगस्त (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को देश के जिन 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य का शिलान्यास किया, उनमें राजधानी के दिल्ली कैंट, नरेला और सब्जी मंडी स्टेशन भी शामिल हैं। इन तीनों के शिलान्यास के अवसर पर केंद्रीय मंत्री, उपराज्यपाल, क्षेत्रीय सांसद और विधायक मौजूद रहे। मार्च 2024 तक इन स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।**

उत्तर रेलवे के अनुसार, अमृत भारत योजना के तहत देश के सैकड़ों रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। इनमें दिल्ली के भी विभिन्न स्टेशनों को चुना गया है। पहले चरण में दिल्ली के तीन स्टेशनों का पुनर्विकास कार्य किया जा रहा है। यह तीनों ही अलग-अलग संसदीय क्षेत्र में हैं। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में दिल्ली कैंट रेलवे स्टेशन पर केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले, उपराज्यपाल वीके सक्सेना और विदेश राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी मौजूद रहीं। सब्जी मंडी रेलवे स्टेशन पर सांसद डॉ. हर्षवर्धन और नरेला स्टेशन पर विधायक विजेंद्र गुप्ता मौजूद रहे।

राजधानी में विकसित होने वाले तीन स्टेशनों में सबसे महत्वपूर्ण दिल्ली कैंट है। इसके पुनर्विकास कार्य पर लगभग 371 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके बेहतर बनने से पश्चिम, दक्षिण-पश्चिम और दक्षिणी दिल्ली में रहने वाले लोगों को बड़ा लाभ मिलेगा। सब्जी मंडी स्टेशन के पुनर्विकास पर 27 करोड़ रुपए और नरेला स्टेशन पर 26 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इन दोनों स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य की निगरानी गति शक्ति विभाग द्वारा की जा रही है।




### ये सुविधाएं मिलेंगी

**स्टेशन पर यात्रियों के वाहन आने-जाने के अलग रास्ते होंगे**

**स्टेशन के बाहर पैदल चलने के लिए फुटपाथ बनाए जाएंगे**

**सभी जगह शेड लगाए जाएंगे, ताकि यात्रियों को धूप-बारिश का सामना न करना पड़े**

**एस्केलेटर और लिफ्ट लगाई जाएंगी**

**इंतजार करने के लिए लाउंज और कैफेटेरिया बनाए जाएंगे**

**12 मीटर चौड़े एफओबी बनाए जाएंगे**

**प्लेटफार्म को ऊंचा और सुंदर बनाया जाएगा**

**स्टेशन को अन्य परिवहन सुविधाओं से जोड़ा जाएगा**

**दिव्यांगों के प्रवेश व निकास के लिए विशेष बंदोबस्त होंगे**

## डीबीसी कर्मचारियों के बाद अब सफाई कर्मचारी करेंगे भूख हड़ताल

**नई दिल्ली,** 6 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के सफाई कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर आगामी मंगलवार से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल करने जा रहे हैं। इस संबंध में दिल्ली सफाई कर्मचारी एक्शन कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष विरेंद्र सिंह चुड़ियाणा का कहना है कि 8 अगस्त से दोपहर 12 बजे से सिविक सेंटर मुख्यालय, एमसीडी आयुक्त कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठने जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह भूख हड़ताल तब तक चलेगी, जब तक हमारी मांगें नहीं मान ली जाती है।

■ **मांगें पूरी होने तक जारी रहेगी हड़ताल: चुड़ियाणा**

चुड़ियाणा ने अपनी मांगों के बारे में बताते हुए कहा कि पिछले 16 साल से अनुकंपा पर नियुक्त हुए सफाई कर्मचारियों को नियमित किया जाना, कर्मचारियों को बकाया एरियर, वर्दी, साबुन, सेनिटाइजर, सुरक्षा उपकरण व अन्य भुगतान संबंधी समस्साओं का हल, कर्मचारियों को केंद्र/दिल्ली सरकार आवास योजना के तहत मकान, फ्लैट की व्यवस्था और दिल्ली सरकार द्वारा कर्मचारियों के हित के लिए बनाई गई दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग की शक्तियों को निगमायुक्त द्वारा हाई कोर्ट में किए गए चैलेंज को वापिस लेने समेत अन्य मांगें शामिल है।

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच**

जनपद में विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूनिसेफ की निगरानी में किए गए सर्वे के दौरान जिले में टीकाकरण से वंचित 26 हजार, 933 और 5,042 गर्भवती महिलाएं चिन्हित की गई हैं। विशेष सत्र आयोजित कर सभी का टीकाकरण किया जाएगा।

– डॉ. नीरज कुमार अग्रवाल, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ( डीआईओ )

## सेक्टर-63 के अलग-अलग क्षेत्र से 4 किशोरी लापता

**नोएडा,** 6 अगस्त (देशबन्धु)। कोतवाली सेक्टर-63 के अलग-अलग क्षेत्र से चार किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गईं। पड़ोस में रहने वाली दो सहेली दवा लेने घर से निकली और घर नहीं लौटीं। वहीं बुआ के पास रह रही एक किशोरी बिना बताए घर से निकल गई। चारों किशोरियों को लापता हुए एक सप्ताह बीत गया है। स्वजन ने संदेह के आधार पर अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया है।

लोनी गाजियाबाद के व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि बहन सेक्टर-63 स्थित 25 फुटा रोड पर रहती है। 15 दिन पहले 17 वर्षीय बेटी बुआ के पास आई थी। एक अगस्त को घर से बिना बताए कहीं चली गई है। स्वजन को आशंका है कि बेटी से दयालपुर दिल्ली का दीपेश फोन पर बात करता था। पुलिस ने दीपेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। वहीं सेक्टर-63 की बबीता कालोनी बहलोलपुर के एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि 16 वर्षीय बेटी दो अगस्त की दोपहर 12 बजे से लापता है। वह बिना बताए घर से चली गई है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। वहीं छिजारसी कालोनी के एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि 31 जुलाई की रात आठ बजे 15 वर्षीय बेटी और पड़ोसी की 14 वर्षीय बेटी घर से बिना बताए कहीं चली गईं। दोनों लड़कियों के अभिभावकों ने छिजारसी कालोनी के ही सुरेश नामक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। डीसीपी सेंट्रल अनिल यादव का कहना है कि किशोरियों को बरामद करने के लिए टीमों का गठन किया है। जल्द ही सकुशल बरामद कर लिया जाएगा।

### उपमुख्यमंत्री ने चाइल्ड पीजीआई में बीएसएल-3 लैब का किया उद्घाटन

## बच्चों के चिकित्सक मरीज से व्यवहार में लाए परिवर्तन

**नोएडा,** 6 अगस्त (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक रविवार को सेक्टर-30 के चाइल्ड पीजीआई में बीएसएल-3 लैब का उद्घाटन करने के लिए

- अस्पताल में भर्ती मरीज से फोन पर हुई बात के बाद चिकित्सकों को दिया सख्त निर्देश
- बैटरी चोरी के मामले में कहा कि जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे





पहुंचे। उद्घाटन के दौरान उन्होंने कहा कि संस्थान के बेसमेंट में पानी की समस्या है। जिसे प्रबंधन जरूरी कोटेशन बनाकर शासन को भेजे। जिसे जल्द से जल्द सही कराया जा सके। उन्होंने कहा कि नए डाक्टर के साथ अन्य स्टाफ की भर्ती के प्रबंधन अपने स्तर पर प्रयास करे।

जिससे आसपास की विधा का कोई भी अस्पताल पनपने न पाए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में दो दिन पहले एक भर्ती मरीज से बात की थी। मरीज ने चिकित्सक और स्टाफ के व्यवहार के बारे में अवगत कराया है। जिस कारण चिकित्सकों को व्यवहार में सुधारना करना होगा। पुजारी हो या सेवक सबको इस बात का बीड़ा उठाना होगा की कैसे मरीजों को बेहतर इलाज मिले। अगर भविष्य में चिकित्सकों के रूखे व्यवहार की शिकायत मिलती है तो आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। चिकित्सकों की भर्ती के प्रयास किए जाएं। सभी चिकित्सक बच्चों के अच्छे इलाज और जांच के लिए प्रयासरत करना चाहिए। जो गरीब लोग अभी प्राइवेट अस्पताल की ओर रुख करते हैं, उन्हें निजी अस्पताल नहीं जाना पड़े। कई बार देखने में आता है चिकित्सक निजी क्षेत्रों की ओर ज्यादा रुख करते हैं। संस्थान में शिशु के इलाज में सभी विधाओं के चिकित्सक होने चाहिए। इसकी व्यवस्था शासन करेगा। उन्होंने चाइल्ड पीजीआई में पिछले दिनों चोरी हुई बैटरी के संबंध में आवश्यक कार्रवाई को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि मामले की जांच चल रही है जो भी दोषी पाए जाते हैं उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

वहीं निदेशक डॉ. एके सिंह ने अवगत कराया कि संस्थान को जरूरी फैकल्टी नहीं मिल रही है। संस्थान सात साल पुराना है। जहां बच्चों को इलाज मिल रहा है। इस मौके पर सांसद डॉ. महेश शर्मा, नोएडा विधायक पंकज सिंह, डीएम मनीष कुमार वर्मा, सीएमओ डॉ. सुनील कुमार शर्मा, सीएमएस डॉ. डीके सिंह, एमएस डॉ. आकाश राज मौजूद रहे।

## पुस्तकालय में आदर्श अभ्युदय केंद्र का किया उद्घाटन



- मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अनुसूचित जाति जन जाति असीम अरूण ने काटा लाल रिबन

**नोएडा,** 6 अगस्त (देशबन्धु)। रविवार को मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अनुसूचित जाति जन जाति असीम अरूण द्वारा मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत सेक्टर 37 नोएडा स्थित दलित उत्थान सेवा समिति द्वारा संचालित डॉ. भीमराव अम्बेडकर पुस्तकालय में आदर्श अभ्युदय केन्द्र का किया गया उद्घाटन। जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत सेक्टर-37 नोएडा स्थित दलित उत्थान सेवा समिति द्वारा संचालित डॉ. भीमराव अम्बेडकर पुस्तकालय में आदर्श अभ्युदय केन्द्र का उद्घाटन मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अनुसूचित जाति जन जाति असीम अरूण द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सांसद डॉ. महेश शर्मा, विधायक नोएडा पंकज सिंह, जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता, जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, प्रभारी डॉ. भीमराव अम्बेडकर पुस्तकालय गणेश जाटव की उपस्थिति रही। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान असीम अरूण ने केन्द्र का भ्रमण कर योजनान्तर्गत पंजीकृत छात्र-छात्राओं को उद्बोधन कर उत्साहित करते हुए केन्द्र की स्मार्ट क्लास का भी उद्घाटन किया। कार्यक्रम के अन्त में प्रभारी डॉ. भीमराव अम्बेडकर पुस्तकालय गणेश जाटव द्वारा सभी अतिथियों का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया। इस कार्यक्रम में संबंधित अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### सार संक्षेप

## सैकड़ों लोगों ने की बीकेयू महाशक्ति की सदस्यता ग्रहण

**बुलंदशहर।** रविवार को सदर तहसील के गांव कलौली में क्षेत्र के सम्मानित किसान



ने बीके युवा शक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति की सदस्यता ग्रहण की और राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि आए दिन बिजली विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों के द्वारा जबरन फर्जी मुकदमे दर्ज कराए जा रहे हैं साथ में 18 घंटे बिजली देने का वादा करके भी 10 घंटे बिजली नहीं दी जा रही है जिससे क्षेत्र में किसान व आम जनता बहुत परेशान है प्रदेश प्रचार महामंत्री ठाकुर सुनील सिंह ने कहा कि बिजली विभाग के अधिकारियों के द्वारा कराए जा रहे शोषण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जल्द मुख्य अभियंता महोदय का किया घेराव जिसमें राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बंटी सिंह लोधी, यशपाल सिंह भाटी, दिनेश सोलंकी मंडल उपाध्यक्ष आदि लोग उपस्थित रहे।

## आबकारी विभाग का लोनी खादर इलाकों में छापेमारी, कच्ची शराब व लहन बरामद



**गाजियाबाद।** आबकारी टीम गाजियाबाद एवं प्रवर्तन टीम मेरठ ने रविवार को संयुक्त रूप से लोनी खादर इलाकों में छापेमारी, 250लीटर कच्ची शराब व 2000 लीटर लहन बरामद की है। लहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। जिला आबकारी अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने रविवार को बताया कि मेरठ प्रवर्तन दल व गाजियाबाद अबकारी विभाग की टीमो संयुक्त रूप से थाना टीला मोड़ एवं लोनी अंतर्गत जावली का कोठरा, महमूदपुर, शमशेरपुर, सीती, रिसतल आदि हिंडन खादर क्षेत्र पर छापामार करवाई की के दौरान लगभग 260 लीटर अवैध कच्ची शराब तथा करीब 2000 किलोग्राम लहन बरामद हुआ। अवैध कच्ची शराब को कब्जे में लेकर लहन को मौके पर नष्ट कर दिया गया। आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत 6 अभियोग पंजीकृत किये गए।

## बाइक सवार बदमाशों का आतंक चाकू लगाकर युवक को लूटा

**नोएडा।** जिले में इन दिनों बाइक सवार लुटेरों का गैंग सक्रिय है। रोजाना अगल-अलग थाना क्षेत्रों में राहगीरों से लूट की वारदात हो रही हैं। कोतवाली सेक्टर-39 क्षेत्र में ड्यूटी कर घर लौट रहे युवक के पेट पर चाकू रखकर मोबाइल फोन, नगदी और जेवरात लूट लिए। सेक्टर-46 स्थित गार्डन ग्लोरी के मयंक कौशल ने पुलिस को बताया कि वारदात तीन अगस्त की रात की है। वह रात करीब 10 बजकर 45 मिनट पर कैब से आफिस से घर आ रहा था। सेक्टर-46 में ही महादेव मंदिर के पास कैब खराब हो गई। जिस कारण वह पैदल ही घर के लिए चल दिया। इसी बीच पीछे से बाइक पर दो लड़के आए और उसे रोक लिया। एक बदमाश ने पेट पर चाकू रखकर धमकाया।

## टूटी सड़कों से परेशान हाईराइज सोसाइटी के लोग सड़क पर

**गाजियाबाद,** 6 अगस्त (देशबन्धु)। देविका और वीवीआईपी सोसाइटी राजनगर एक्सटेंशन में स्थानीय निवासियों ने रविवार को जर्जर सड़क को दुरुस्त करने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया। निवासियों का कहना था कि दोनो सोसाइटी के निकास मार्ग का निर्माण विगत कई वर्षों से नहीं हो रहा है। जिसकी वजह से निवासियों का बुरा हाल है।

उन्होंने बताया कि दोनो सोसाइटी के सामने लगभग 300 मीटर लंबी सड़क है और इसका मुख्य निकास राजनगर एक्सटेंशन की मेरठ रोड से जुड़ा हुआ है। विगत कई वर्षों से इस सड़क पर वर्षा के कारण जल भराव हो जाता है। जिसकी सूचना प्रतिवर्ष जीडीए और नगर निगम को दी जाती रही है लेकिन इसके संबंध में आज तक भी





- देविका और वीवीआईपी सोसाइटी के निवासियों का प्रदर्शन

कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। सड़क के साथ साथ एक छोटा नाला पानी के निकास के लिए भी बना हुआ है जो की हमेशा भरा रहता है। निवासियों का कहना है कि सोसाइटी के सामने लगभग 45 मीटर सड़क का भी प्रावधान है परंतु मौके पर 20 मीटर भी उपलब्ध नहीं है। सड़क का बाकी हिस्सा स्थानीय निवासियों और कुछ निर्माणधीन बिल्डर द्वारा अतिक्रमित है।

इस वर्ष पुन: बारिश होने के कारण सड़क पूरी तरह पानी में डूबी हुई है और जिसकी वजह से देविका और वीवीआईपी सोसाइटी के निवासियों का आना जाना एक बड़ी मुसीबत बन गया है। सड़क की बद्तर स्थिति के कारण कई सारी सड़क दुर्घटनाएं निवासियों के साथ प्रतिदिन हो रही है। निवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि अब भी इस पर सुनवाई नहीं की गई तो अगले रविवार पुन: मुख्य मेरठ मार्ग को रोककर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

## नालों में कहां से आ रहा काला व बदबूदार पानी

**नोएडा,** 6 अगस्त (देशबन्धु)। प्राधिकरण के जल खंड की ओर से तीन सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) संचालित हो रहे है, जिसमें सीवेज का पानी शोधित किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में शहर के अंदर से गुजरने वाला कोंडली व शाहदरा नालों में कहां से काला पानी आ रहा है, जो इतना बदबूदार है। जिसके आस पास रहने वाले लोगों को दिक्कत हो रही है। इस पानी को कैसे यमुना की ओर जाने दिया जा रहा है। इस पर अब तक अंकुश लगाने का प्रयास नोएडा प्राधिकरण की ओर से क्यों नहीं किया गया, जबकि यह वर्षा जल के नाले है। जिसमें काला पानी बिल्कुल नहीं बहना चाहिए। यह आपत्ति नोएडा प्राधिकरण सीईओ डॉ लोकेश एम ने उठाई है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि नाले में किसी प्रकार से काला पानी नहीं दिखना चाहिए। यदि काला पानी दिखा तो निश्चित तौर पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई होगी। नाले के अंदर कही से भी काला पानी आ रहा है, उसको सीधे सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) में ले जाकर शोधित किया जाए। उसके बाद इसका इस्तेमाल पूरी तरह से सिंचाई कार्य में हो, जरूरत पड़ने पर ही शोधित जल को नालों में छोड़ा जाए।

- इसका लिंक तलाशों और ठीक करो, नाले में सिर्फ एसटीपी का पानी जाएगा

संबंधित अधिकारियों से जब बदबू और काले पानी के बारे में पूछा तो बताया गया कि नोएडा के सेक्टरों के किनारे या बीच में नाले गुजर रहे है, यह नाले दिल्ली तरफ से आ रहे है। इस पर उन्होंने स्पष्ट किया कि मैं जिस गेस्ट हाउस में ठहरा हूं। उसके दूर-दूर तक नाला ही नहीं है तो यहां बदबू कहां से आ रही है, ऐसी स्थिति कैसे उत्पन्न हुई है। इसकी पड़ताल कर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बता दें कि कोंडली नाले की क्षमता 3300 क्यूसेक है, जिसमें केवल वर्षा जल ही डाला जा सकता है। वाटर डेफ्ट 2.65 मीटर है, लेकिन नोएडा प्राधिकरण के सभी नाले वाटर डेफ्ट से नीचे है, इसलिए वर्षा या फ्लड के दौरान उनके नाले बैकफ्लो करते है। पिछले चार वर्ष से कोंडली नाले की सफाई नहीं कराई गई है। इसलिए इसका टोटल सस्पेंडेड सालिड 1500 के पार चल रहा है, जो नाले में काला पानी के रूप में बहते हुए बदबू फैला रहा है।

### सिंचाई विभाग की आपत्ति पर नहीं ली सुध

प्राधिकरण के जल खंड की ओर से कोंडली नाले में 90 अवैध सीवर के नालों का पानी छोड़ा जा रहा है। जबकि इन नालों को बंद करने के लिए पिछले दो वर्ष से दर्जनों रिमाइंडर उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग की ओर से जारी किया गया है लेकिन विभागीय अधिकारियों की कान पर जूं नहीं रेंग रहा है। प्राधिकरण की ओर से सेक्टर-168 में बने सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) में जो पानी शोधित किया जा रहा है, उसे भी इसी गंदे पानी में मिलाकर यमुना की ओर बहाया जा रहा है। जो नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) नियमों का खुला उल्लंघन है। पिछले दो वर्ष में पांच से अधिक रिमाइंडर सिंचाई विभाग जारी किए हैं, लेकिन प्राधिकरण ने न तो कोंडली नाले में अपने अवैध नालों को गिरने रोका, न ही एसटीपी के पानी को छोड़ना बंद किया।

## पुलिस मुठभेड़ में पांच बदमाश गिरफ्तार

**नोएडा,** 6 अगस्त (देशबन्धु)। थाना सेक्टर-142 पुलिस ने हाईवे से गाड़ी में बंधक बनाकर प्रबंधक के साथ की लूट का सफल अनावरण किया है। इस मामले में पुलिस ने मुठभेड़ के बाद 2 बदमाशों को गिरफ्तार किया। वहीं कांबिंग करके तीन और बदमशों को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से एक पिस्टल 7.65 बोर, 2 तमंचा 315 बोर, एक अवैध चाकू व घटना में प्रयुक्त 02 मोटर साइकिल, लूटे गए 25,550 रुपए बरामद किए गए।

पुलिस ने बताया कि बदमाशों ने 27 और 28 जुलाई की रात को थाना सेक्टर-142 क्षेत्र में नोएडा-ग्रेटर नोएडा हाईवे पर एक कार सवार प्रबंधक से गाड़ी में बन्धक बनाकर एक मोबाइल फोन व गाड़ी के कागजात व आधार कार्ड व पेटीएम के माध्यम से करीब



- कंपनी के प्रबंधक को बंधक बनाकर की थी लूट
- लूट के पैसों से मसूरी गए थे घूमने

49,000 रुपए लूट लिए थे। 5 अगस्त को रात में सूचना मिली ये लोग किसी और भी अपना शिकार बनाने निकले है। मुखबीर और इलेक्ट्रानिक सर्विलांस की मदद से पुलिस ने बदमाशों को घेर लिया। रुकने का इशारा किया। बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। इसके बाद पुलिस ने फायरिंग में दो बदमाश घायल हो गए। दोनों को गिरफ्तार कर लिया। बाकी तीन जंगल में भाग गए। देररात तक कांबिंग करने के बाद तीनो फरार हुए बदमाशों को भी गिरफ्तार कर लिया। इनकी पहचान निशान्त तेवतिया पुत्र जितेन्द्र सिंह, दीपक चौहान उर्फ चीनू को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया। वहीं तुषार पुत्र कृष्णपाल सिंह, विक्रम सिंह पुत्र सुरेन्द्र सिंह और दीपक चौहान पुत्र मुकेश चौहान को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान दीपक चौहान ने बताया कि हम काफी समय से नोएडा, दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में रात के समय रोड पर घूम घूम कर खड़ी गाड़ियों से या लिफ्ट मांगकर लोगों को रुकवाकर अपने साथियो के साथ मिलकर मोबाइल कैश व अन्य सामान की लूटपाट करते थे। लूटपाट कर कुछ समय के लिए हम एनसीआर से बाहर निकल जाते थे। कुछ समय के बाद वापस फिर से अपनी योजना बनाते थे। इस घटना के बाद भी हम मसूरी घूमने चले गये थे।

## महिला की हत्या कर शव को नहर में फेंकने के मामले में महिला समेत पांच गिरफ्तार

**गाजियाबाद,** 6 अगस्त (देशबन्धु)। महिला की गोली मारकर हत्या कर शव को गंग नहर में फेंकने के मामले का खुलासा मुरादनगर पुलिस व स्वाट टीम ने कर दिया है। पुलिस ने इस हत्याकांड के एक महिला समेत पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। एक आरोपित के जीजा के मृतक महिला से सम्बंध थे। इसी के चलते इस महिला की हत्या की गई है। जिसकी साजिश अपने भाई से मिलकर महिला आरोपी ने की थी। पुलिस उपायुक्त (ग्रामीण) विवेक कुमार यादव ने बताया कि ग्राम सुराना हिंडन नदी पुल के पास एक अज्ञात महिला के शव मिला था। जिसकी पहचान रागनी के रूप में हुई थी। इस सम्बंध में रागनी की बहन ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई था। पुलिस ने जांच पड़ताल की और आरोपितों तक पहुंच गई। रविवार को पुलिस ने अमित कुमार ग्राम रावली कला, करन उर्फ केपी निवासी नवीन मंडी सोटा वाली गली न0 16, अंकुर सिंह निवासी लोधीपुर सोटा वाली गली नवीन मंडी गली न.1, बंटी सिंह निवासी अपना घर कालोनी थाना कोतवाली नगर हापुड़ तथा उसकी पत्नी राखी सिंह को गिरफ्तार किया है। यादव ने बताया कि



पूछताछ में अमित ने बताया कि रागिनी मेरे जीजा बन्टी के साथ प्रोपर्टी डीलिंग में कार्य करती थी। मेरे जीजा बन्टी के रागिनी से अवैध सम्बंध थे, मृतक रागिनी से परेशान रहने लगी और इस परेशानी से निजात पाने के लिए राखी ने अपने भाई अमित जाटव से रागिनी को रास्ते से हटाने के लिए प्लान किया। यह प्लानिंग करके अमित जाटव ने अपने दोस्तों को बुलाया और बहन राखी की प्लानिंग अनुसार सफेद रंग की वेन्यू गाड़ी में बिठा कर रागिनी को सुराना हिंडन नदी पुल के पास लाकर गाड़ी से नीचे उतारकर पहली गोली अमित जाटव ने और दूसरी गोली अंकुर जाटव ने मारकर हत्या करके अपने अन्य साथियो के साथ मिलकर रागनी के शव को हिंडन नदी के पुल के नीचे फेंक कर वापस चले गए। पुलिस ने इनके कब्जे से तमंचे व कार बरामद कर ली है।

### कार्यक्रम — सघन मिशन इंद्रधनुष- पांच (आईएमआई -5.0) आज से

## 'टीकाकरण से छूटे बच्चे और गर्भवती की जाएंगी प्रतिरक्षित'

गाजियाबाद, 6 अगस्त (देशबन्धु)। नियमित टीकाकरण से छूटे बच्चे और गर्भवती का टीकाकरण करने के लिए सोमवार से सघन मिशन इंद्रधनुष- पांच (आईएमआई-5.0) शुरू होगा। जिला अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि इस विशेष टीकाकरण अभियान में पांच वर्ष तक के 26 हजार, 933 बच्चों और 5,042 गर्भवती को टीके लगाए जाएंगे। टीकाकरण के लिए पहले चरण में सात से 12 अगस्त तक 1349 सत्र आयोजित किए जाएंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. भवतोष शंखधर ने बताया कि शासन के निर्देश पर अभियान तीन चरणों में चलेगा।

पहला चरण सात से 12 अगस्त तक, दूसरा चरण 11 से 16 सितम्बर तक और तीसरा चरण नौ से 14 अक्टूबर तक चलेगा। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 25 दिसम्बर, 2014 को सुशासन दिवस के अवसर पर सघन मिशन इंद्रधनुष का शुभारंभ किया था। इस विशेष टीकाकरण अभियान की शुरुआत सभी बच्चों को टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत लाने के लिए की गई है।

स्वास्थ्य विभाग सर्वे कर ऐसे बच्चों और गर्भवती महिलाओं को चिन्हित करता है, जो किसी भी कारण से नियमित टीकाकरण से वंचित रह गए हैं। विशेष सत्रों का आयोजन कर बच्चों और गर्भवती का टीकाकरण किया जाता है। यह पांचवां विशेष टीकाकरण अभियान है, इसलिए इसे आईएमआई-5.0 का नाम दिया गया है।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी (डीआईओ) डॉ. नीरज कुमार



- जिले में टीकाकरण से छूटे 27 हजार बच्चे और पांच हजार गर्भवती की गईं चिन्हित
- अगस्त, सितम्बर और अक्टूबर माह में तीन चरणों में लगाए जाएंगे टीके
- टीकाकरण में जनप्रतिनिधियों और धर्मगुरुओं का लिया जाएगा सहयोग

अग्रवाल ने बताया कि जनपद में विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूनिसेफ की निगरानी में किए गए सर्वे के दौरान जिले में टीकाकरण से वंचित 26 हजार, 933 और 5,042 गर्भवती महिलाएं चिन्हित की गई हैं। विशेष सत्र आयोजित कर सभी का टीकाकरण किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान बीसीजी, ओपीवी, पेंटावेलेंट, रोटा वैक्सीन, आईपीवी, मीजल्स, डीपीटी और विटामिन-ए आदि की खुराक दी जाएगी। टीकाकरण से टिटनेस, पोलियो, टीबी, काली खांसी, हेपेटाइटिस-बी निमोनिया, डायरिया और खसरा आदि से बच्चों का बचाव होगा। उन्होंने बताया - बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण सबसे प्रभावी तरीका है।

जिलाधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन में अभियान के दौरान आमजन को टीकाकरण के लिए प्रेरित करने के लिए जनप्रतिनिधियों और धर्म गुरुओं की भी मदद ली जाएगी।

## वेब सीरीज मनी हाइस्ट के पात्र बनकर करोड़ों की ठगी करने वाले दो गिरफ्तार

**नोएडा,** 6 अगस्त (देशबन्धु)। स्पैनिश क्राइम ड्रामा मनी हाइस्ट वेब सीरीज से प्रेरित होकर करोड़ों रुपए की ठगी करने वाले गिरोह के दो शातिर जालसाजों को रविवार को साइबर क्राइम थाने की टीम ने दबोच लिया। गिरफ्त में आए जालसाजों ने अपना नाम भी वेब सीरीज के पात्रों प्रोफेसर और रियो के नाम पर रखा था।

शातिरों के दो अन्य साथियों की तलाश में दबिश जारी है। वेब सीरीज के पात्रों के नाम पर अपना नाम रखकर व्हाट्सऐप और टेलीग्राम ग्रुपों में जुड़कर बैंक खाते की गोपनीय जानकारी प्राप्त करते हुए रजिस्टर्ड सिम को स्वाइप व मेल आईडी को हैक कर वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क वीपीएन का प्रयोग करते हुए जालसाज करोड़ों रुपए की ठगी और धोखाधड़ी करते थे। बीते कई दिनों से पुलिस गिरोह के आरोपियों की तलाश देश के अलग-अलग हिस्से में कर रही थी। शातिरों की पहचान कानपुर के काकादेव निवासी रितेश चतुर्वेदी उर्फ अमित सिंह और मध्य प्रदेश के जबलपुर निवासी रिषभ जैन उर्फ प्रिंस ठाकुर के रूप में हुई है। साइबर क्राइम थाने की प्रभारी रीता यादव ने बताया कि बीते दिनों फेज दो थानाक्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र में स्थित रॉयलएक्स एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के केपी प्रकाश ने साइबर थाने में ठगी की शिकायत की थी। ठगों ने कंपनी के बैंक अकाउंट में रजिस्टर्ड सिम बंद कराकर एयरटेल कंपनी के वीपीएन के माध्यम से ईमेल हैक कर मेल भेजकर कंपनी के बैंक खाते से एक करोड़ रुपए की राशि निकाल ली और उसे चार अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कर लिया। दावा है कि पीड़ित ने अपने कंपनी के खाते की गोपनीय जानकारी किसी को नहीं दी थी।

### ऐसे की थी वारदात

अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्त में आए आरोपियों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर रॉयलएक्स एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के बैंक खाते की गोपनीय जानकारी जैसे रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर और ईमेल आइडी अनाधिकृत तरीके से हासिल की थी।

उवाच

दादरी कोतवाली पुलिस क्षेत्र के सेक्टर ज्यू के पास वाहनों की चेकिंग कर रही थी। आई-10 कार में सवार दो युवकों को रुकने का इशारा करने पर दोनों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी और भागने का प्रयास किया। इस पर पुलिस ने घेराबंदी कर जवाबी कार्रवाई की।

- अशोक कुमार, एडीसीपी ग्रेटर नोएडा जोन

# कैपिटल ज़ोन

## जाट समाज ग्रेनो के चुनाव में निर्विरोध अध्यक्ष बने रनवीर सिंह

**ग्रेटर नोएडा,** 6 अगस्त (देशबन्धु)। अंसल गोल्फ लिंक स्थित ड्वेलिंग रेजीडेंसी में जाट समाज ग्रेटर नोएडा के चुनाव का आयोजन किया गया, जिसमें नए अध्यक्ष के चुनाव मुख्य चुनाव अधिकारियों द्वारा द्विवार्षिक आम सभा की बुलाई गई। निवर्तमान अध्यक्ष उदयवीर सिंह के अनुमोदन के उपरांत उपस्थित जाट समाज के समस्त सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से रनवीर सिंह को निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिया। इस आशय की घोषणा चुनाव अधिकारी धर्मराज सिंह, ओमवीर सिंह व हरवीर सिंह तालान ने संयुक्त रूप से की। इस अवसर पर निवर्तमान कार्यकारिणी द्वारा विगत दो वर्षों की आय, व्यय और किए गए कार्यों का ब्योरा पेश किया।



नवनिर्वाचित अध्यक्ष रनवीर सिंह ने उनके अध्यक्ष पद हेतु निर्विरोध निर्वाचन किए जाने पर समस्त जाट समाज ग्रेटर नोएडा का आभार व्यक्त कर समाज के अधूरे कार्यों के आगे बढ़ाने के लिए हर संभव सहयोग का वादा किया। उन्होंने कहा कि वे सभी तरह के भाईचारे के साथ साथ सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक ताने वाने को साथ लेकर समाज को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे। इस आम सभा में समाज की ओर से मुख्यत: चतर सिंह, गजेन्द्र सिंह, विनोद राठी, जगदीश पाल, हरप्रसाद सिंह, अनिल तालान, पूर्व अध्यक्ष सतीश गुलिया, वीरेंद्र पूनिया, अजीत सिंह, योगेन्द्र पवांर, जुगेंद्र सिंह, डॉ. जितेंद्र सिंह, सुधेंद्र सिद्धू के साथ साथ सैकड़ों सदस्य उपस्थित रहे।

## घर खरीदारों ने रजिस्ट्री व पजेशन सहित लिफ्ट एक्ट के मुद्दे पर किया प्रदर्शन

**ग्रेटर नोएडा,** 6 अगस्त (देशबन्धु)। फ्लैटों की रुकी हुई रजिस्ट्री और अधूरे फ्लैटों के निर्माण को लेकर कई महीनों से प्रदर्शन लगातार जारी है। लगभग पच्चीस सोसाइटी के लोगों ने सरकार को अपने वादे की याद दिलाते हुए प्राधिकरण और सरकार से अधूरे घरों को पूर्ण करवाने हेतु प्रयास और बन चुके घरों की रजिस्ट्री यथाशीघ्र करवाने की गुहार लगाई। नेफोवा अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने कहा कि प्रशासन और प्राधिकरण से सकारात्मक संकेत मिले हैं, कुछ घरों की रजिस्ट्री शुरू भी हुई है लेकिन ये ऊंट के मुंह में जीरा के सामान है। प्रदर्शन तबतक जारी रहेगा जबतक अंतिम घर खरीदार को अपना घर नहीं मिल जाता। खरीददारों ने बढ़ती लिफ्ट दुर्घटनाओं पर भी रोष व्यक्त किया। निर्णय लिया गया की लिफ्ट एक्ट पारित करने हेतु, सभी घर खरीदार, मुख्यमंत्री को पत्र लिखेंगे। लिफ्ट अधिनियम को लागू करने के लिए शनिवार को जेवर विधायक धीरेन्द्र के साथ सीईओ ग्रेटर नोएडा से भी नेफोवा प्रतिनिधि मंडल मुलाकात कर ज्ञापन दिया तथा विस्तृत चर्चा किया।




> प्रशासन और प्राधिकरण से सकारात्मक संकेत मिले हैं, कुछ घरों की रजिस्ट्री शुरू भी हुई है लेकिन ये ऊंट के मुंह में जीरा के सामान है।
> **अभिषेक कुमार, नेफोवा अध्यक्ष**

दीपांकर कुमार ने बताया कि 2018 से ही लिफ्ट एक्ट का मसौदा बनकर तैयार है लेकिन पारित नहीं हो पाया, हमने पहले भी इसकी मांग की थी। हालिया जानलेवा दुर्घटनाओं के बाद अब और देरी निश्चित रूप से बड़ी दुर्घटनाओं को आमंत्रण देगी, इसलिए सरकार को अविलम्ब इसपर ध्यान देना चाहिए। प्रदर्शन में मुख्य रूप से एक्वा गार्डन से प्रकाश, अनिल रात्रा संस्कृति से विकाश जोशी, विभूति चौरसिया।

अपैक्स गोल्फएवेन्यू से रोहित मिश्रा, सुधंधु किशोर, गंगेश कुमार। आरसीटी रीजेंसी पार्क से पुरुषोत्तम, विमल कुमार सिंह, आशुतोष, शशि भूषण। इको विलेज-2 से योगेश देवगन, शिवनाथ यादव। अजनारा ली गार्डन से दिनेश कुमार। कासा ग्रीन्स से महेश, अशोक, एस पी गुप्ता, करुणाकर बिस्वाल, डॉ. सुहैल खान। अजनारा होम्स से सुबोध, महेंद्र, चन्दन सहित कई लोगों ने भाग लिया।

## बिजली पानी की समस्या को लेकर सोसाइटी के लोग सड़क पर उतरे



**ग्रेटर नोएडा,** 6 अगस्त (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की सोसायटी गैलेक्सी रॉयल सोसायटी में पिछले 48 घंटे से से सोसायटी में पानी नहीं आने व बिजली नहीं आने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इस दौरान रविवार को गुस्साए लोगों ने गौर सिटी-2 की तरफजाने वाली सड़क जाम कर दी। लोगों ने बिल्डर पर वादाखिलाफी का आरोप भी लगाया है। गैलेक्सी रॉयल के निवासी निशांत शेखर पूर्वांचल मोर्चा के उपाध्यक्ष भी हैं का साफ कहना है कि ये समस्या आज की नहीं बल्कि पिछले 4 सालों से चली आ रही है। स्थानीय लोग बिल्डर से मिन्नतें कर-कर के थक चुके हैं। लेकिन अब और नहीं। अब जब तक इसका स्थायी समाधान नहीं निकल जाता तब तक चक्का जाम चलता रहेगा। अगर आगे भी यही स्थिति रही तो लोग सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन भी करने के लिए तैयारी कर चुके हैं।

### सार संक्षेप

#### पांच घण्टे रहेगी बिजली कटौती

**रबूपुरा।** क्षेत्र स्थित निर्माणाधीन हाइटेंशन लाइन पर मरम्मत कार्य होने के चलते रबूपुरा विद्युत उपकेंद्र से आपूर्ति होने वाले विभिन्न फीडरों की सप्लाई बाधित रहेगी। करीब पांच घण्टे बिजली कटौती होगी। अधिशासी अभियंता ने उपखंड अधिकारी को पत्र भेजकर समस्या से उपभोक्ताओं को अवगत कराने के निर्देश दिए हैं। एक्सईएन दीपक कुमार के पत्र अनुसार यीडा के सेक्टर-18 को विद्युत आपूर्ति करने वाली 220 केवीए लाइन पर कार्य किये जाने के कारण भाईपुर व चकबीरमपुर फीडर 7 अगस्त से 8 अगस्त सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक एवं जोनचाना व आकलपुर फीडर 7 से 11 अगस्त सुबह 9 से दोपहर 2 बजे बंद रहेंगे। किसी उपभोक्ता को अनावश्यक परेशानी नहीं हो इसके लिए पूर्व में अवगत कराया जा रहा है। कार्य तदुपरांत आपूर्ति विधिवत सुचारू रहेगी।

#### घर में घुसकर मारपीट मुकदमा दर्ज, आरोपी गिरफ्तार

**बुलन्दशहर।** घर में घुसकर मारपीट करने के आरोप में गुलावठी थाना क्षेत्र के गांव खुशहालपुर निवासी पीड़ित श्रीपाल पुत्र डालचंद ने पुष्पेंद्र पुत्र गजपाल निवासी ग्राम मुरादाबाद थाना सिकंदराबाद व उसके एक अज्ञात साथी के विरुद्ध थाना गुलावठी में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित श्रीपाल के द्वारा दर्ज कराई रिपोर्ट के मुताबिक पुष्पेंद्र अपने एक अज्ञात साथी के साथ जबरन उसके घर में घुस गया। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने एकराय होकर श्रीपाल के साथ मारपीट व गाली गलौज की। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर आ गए। जिन्हें देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। गुलावठी थाना प्रभारी निरीक्षक जयकरण सिंह ने बताया कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और नामजद आरोपी पुष्पेंद्र को गिरफ्तार करके सक्षम न्यायालय भेज दिया गया।

## राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर भाजपा महिला मोर्चा ने कार्यक्रम आयोजित किया

**ग्रेटर नोएडा,** 6 अगस्त (देशबन्धु)। भाजपा महिला मोर्चा ने राष्ट्रीय हथकरघा दिवस उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत हथकरघा दिवस कार्यक्रम का आयोजन गौतमबुद्धनगर के जिलाध्यक्ष विजय भाटी और महिला मोर्चा की अध्यक्ष रजनी तोमर के संयोजन में किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्षा और राज्यसभा सांसद गीता शाक्य थी, उनके साथ में क्षेत्रीय अध्यक्षा (पश्चिमी क्षेत्र) वर्षा कौशिक भी रहीं।




वर्षा और प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य ने हथकरघा और हस्तशिल्प पर अपने विचारों को व्यक्त किया तथा हस्तशिल्प से जुड़ी बहनों को प्रोत्साहित भी किया। उन्होंने उन बहनों को सम्मानित भी किया जो किसी न किसी हस्तशिल्प उद्योग से जुड़ी हुई है या जो छोटा उद्योग या हस्तशिल्प का कार्य अपने घरों में करती हैं, उन्हें इस कार्य को करने के लिए प्रोत्साहन भी दिया तथा उन्हें प्रेरणा के रूप में प्रशस्ति पत्र भी दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा गौतम बुध नगर रजनी तोमर ने की। कार्यक्रम संयोजिका कुमुद श्रीवास्तव रही। कार्यक्रम दादरी के सेंट हुड कॉन्वेंट स्कूल में प्रधानाचार्या आशा शर्मा की देखरेख में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बिसरख मण्डल, दादरी नगर मण्डल, दादरी देहात मण्डल, जारचा मण्डल की अध्यक्ष अपनी बहनों के साथ उपस्थित रहीं। जिले की बहनों में शांति सिंह, लता दूबे, डॉक्टर संगीता रावल, पूनम सिंह, आशा शर्मा मुकेश भाटी गायत्री तिवारी, अरुणा शर्मा, साधना शिशोदिया, राजबाला, रीना राघव आदि बहने उपस्थित थीं।

■ **कार्यक्रम में महिलाओं को हस्तशिल्प के लिए किया गया प्रोत्साहित**

## यमुना प्राधिकरण के क्षेत्र रोनेजा गांव में जमीन खोखली कर रहे खनन माफिया

**ग्रेटर नोएडा,** 6 अगस्त (देशबन्धु)। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में प्रशासन की आंखों में खनन की मिट्टी की धूल झोंकी जा रही है। मोटा मुनाफा कमाने के चक्कर में कई फिट तक खोदाई कर जमीन खोखली करने काम बेरोकटोक जारी है। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में रोनेजा गांव में तेजी से बढ़ रहे इस अवैध धंधे को किसान नेताओं का भी संरक्षण मिल रहा है।

ग्रामीण क्षेत्रों से मिट्टी का अवैध खनन पुलिस चौकियों के हिसाब से होता है। मिट्टी लेकर शहरों तक पहुंच रही ट्रैक्टर-ट्रालियों का क्षेत्र भी बंटा हुआ है। अलग क्षेत्र में जाते ही मिट्टी के सप्लायर रेट बढ़ा देते हैं। इस खुदाई के कारण हमारे खेत तबाह व बर्बाद हो रहे हैं। खनन माफिया के वाहन खेतों में दौड़ते हैं। साथ ही रास्ते भी खोद दिए हैं। लेकिन जब इसकी भनक यमुना प्राधिकरण के अधिकारियों को लगी तो, टीम बनाकर मौके पर पहुंची टीम पर खनन माफिया के ठेकेदारों ने किसानों नेताओं के साथ मिलकर हमला बोल दिया। यमुना प्राधिकरण के क्षेत्र रोनेजा गांव के पास प्राधिकरण के सेक्टर-22 ई में खनन माफियाओं द्वारा अवैध रुप से मिट्टी खनन किया जा रहा है। यह खनन कुछ किसान नेताओं की सह पर हो रहा था। जहां खनन माफिया ने कई फीट तक खोदाई कर जमीन से मिट्टी निकाल ली। जब इसकी जानकारी यमुना प्राधिकरण के अधिकारियों को हुई तो कार्रवाई करने के लिए टीम बनाई गई।

टीम ने जैसे ही मौके पर पहुंच कर खनन माफिया के कार्यों में हस्तक्षेप किया तो माफिया ने किसान नेताओं के साथ मिलकर टीम पर हमला बोल दिया। प्राधिकरण ने कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। यमुना प्राधिकरण के अधिकारियों के अनुसार खनन मामले में कई लोगों के खिलाफमुकदमा दर्ज कराया है।

## नेफोवा फाऊंडेशन की जनता की थाली में लोगों ने किया भोजन

**ग्रेटर नोएडा,** 6 अगस्त (देशबन्धु)। हर रविवार की भांति इस रविवार भी एकमूर्ति गोलचक्कर पर नेफोवा फाउंडेशन द्वारा जनता की थाली लगाई गई। जनता की थाली में महज 5 रुपए में स्वच्छ और स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध कराया जाता है। रविवार को जनता की थाली में छोले चावल और आचार के साथ मिठाई भी रखा गया। नेफोवा के फाउंडर सदस्य इंद्रिश गुप्ता और वरिष्ठ सदस्य रंजना भारद्वाज के जन्मदिन के उपलक्ष्य में छोले चावल के साथ मिठाई भी रखा गया। जनता की थाली का उद्देश्य है कि जरूरतमंद लोग बेहद कम कीमत पर भरपेट भोजन कर सकें। जरूरांद छोटे बच्चों को मुफ्त में भोजन दिया जाता है जिससे उनके कुपोषण को दूर किया जा सके। इस दौरान लगभग 240 लोगों ने जनता की थाली का स्वाद चखा। जनता की थाली का खाना इकोविलेज 2 में ज्योति जायसवाल और राजकुमार के निरीक्षण में बना कर एकमूर्ति गोलचक्कर पर बांटा गया। जनता की थाली में खाना बांटने में इंद्रिश गुप्ता, नीलम गुप्ता, शिप्रा गुप्ता, सुमित गुप्ता, अजय कुमार, शिव सुथार, ज्योति जायसवाल, रंजना भारद्वाज, समीर भारद्वाज, रोहित मिश्रा, पुनीत श्रीवास्तव इत्यादि लोगों ने सहयोग किया।

## किसान यूनियन से जुड़कर लोग कर रहे दलाली : ऋषिपाल

**दनकौर,** 8 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय किसान यूनियन अंबावता की ढाकवाला गांव के नजदीक कार्यालय पर रविवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषिपाल अंबावता ने विभिन्न राज्यों के किसान पदाधिकारी के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने देश के किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जल्द ही एक बड़ा आंदोलन करने की भी बात कही। साथ ही विभिन्न किसान यूनियनों के पदाधिकारियों पर दलाली करने का आरोप लगाया।



उन्होंने कहा कि किसानों के नाम पर कार्यकर्ता और पदाधिकारी दलाली करने में जुटे हैं। साथ ही हरियाणा के मेवात में हुई घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि नफरत की राजनीति छोड़कर हिंदू मुसलमान भाईचारे के साथ रहें। देश की मौजूदा सरकार वोट की राजनीति के लिए एक दूसरे के प्रति नफरत फैल रही है। जिसकी वजह से ही किसानों की दुर्दशा खराब हो रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के नूंह में जो विवाद हुआ है। उसकी जिम्मेदार वहां की भाजपा सरकार है। इसके अलावा अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर किसान हित में काम करने की अपील की। साथ ही कहा कि किसानों का काम वसूली करना नहीं है। किसानों को एकजुट होकर अपने हित में प्रदेश व केंद्र सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद करने का काम करना चाहिए। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि प्राधिकरण द्वारा यदि जल्द किसानों की अतिरिक्त मुआवजा व आबादी निस्तारण आदि समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो जल्द ही रणनीति तैयार कर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इसके साथ ही अध्यक्ष ने किसानों से फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर भी चर्चा की गई। इस दौरान राजेंद्र नागर समसपुर, बृजेश भाटी, कृष्ण नागर, डॉ. विकास प्रधान, सुशील नागर, राजकुमार रूपवास, अशोक, ओमवीर बीडीसी, मुन्नी नागर कनारसी आदि सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

## श्री धार्मिक रामलीला कमेटी की बैठक में रामलीला मंचन की तैयारी पर चर्चा

**ग्रेटर नोएडा,** 8 अगस्त (देशबन्धु)। श्री धार्मिक रामलीला कमेटी ग्रेटर नोएडा की कार्यकारिणी व पदाधिकारियों के सदस्यों की एक बैठक गोस्वामी सुशील महाराज की अध्यक्षता में बीटा 2 आश्रम में की गई। बैठक का संचालन कर रहे धार्मिक रामलीला कमेटी के अध्यक्ष आनंद भाटी ने बताया कि इस बार रामलीला का मंचन 15 अक्टूबर से लेकर 24 अक्टूबर तक भव्य रामलीला का मंचन ग्रेटर नोएडा के रामलीला मैदान ऐछर पाई सेक्टर में राजस्थान के कलाकारों द्वारा बड़ी धूमधाम के साथ में विशाल दशहरा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान रामलीला के मंचन की तैयारी को लेकर बैठक में शामिल लोगों ने अपने विचार रखे।



इस अवसर पर धार्मिक रामलीला कमेटी के संस्थापक एडवोकेट राजकुमार नागर, शेर सिंह भाटी, संरक्षक हरवीर मावी, सुशील नागर, बालकृष्ण सफीपुर, धीरेन्द्र भाटी, संस्था के अध्यक्ष आनंद भाटी, महासचिव ममता तिवारी, कोषाध्यक्ष अजय कुमार नागर, सतवीर मुखिया, विमलेश रावल, उमेश गौतम, महेश शर्मा, सुभाष भाटी, सुंदर सिंह, एस के शर्मा, फिरे प्रधान, रमन शर्मा, चतुर तिवारी, मयंक आदि सदस्य उपस्थित थे।

## सवारियों को लिफ्ट देकर लूटने वाले बदमाश पुलिस मुठभेड़ में दबोचे



**ग्रेटर नोएडा,** 6 अगस्त (देशबन्धु)। दादरी कोतवाली पुलिस के जांच के दौरान रविवार को बमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान पैर में गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए,जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक सप्ताह पहले ही लूट की वारदात को अंजाम दिया था। गैंग का एक सदस्य फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी है। एडीसीपी ग्रेटर नोएडा जोन अशोक कुमार ने बताया कि दादरी कोतवाली पुलिस क्षेत्र के सेक्टर ज्यू के पास वाहनों की चेकिंग कर रही थी। आई-10 कार में सवार दो युवकों को रुकने का इशारा करने पर दोनों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी और भागने का प्रयास किया। इस पर पुलिस ने घेराबंदी कर जवाबी कार्रवाई की। इस दौरान पैर में गोली लगने से दोनों बदमाश घायल हो जमीन पर गिर पड़े। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपियों की पहचान जावेद उर्फ जाबर निवासी कस्बा बिलासपुर दनकौर व व जावेद निवासी कस्बा दादरी के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से लूट के 32 हजार रुपए, घटना में प्रयुक्त आई-10 कार व दो तमंचे बरामद किए हैं। पूछताछ करने पर पता चला कि आरोपी ने बीते माह 30 जुलाई को जनपद फर्रूखाबाद के रहने वाले अशोक कुमार को कार में लिफ्ट देकर 20 हजार रुपए व लूट लिए थे। इसके अलावा फोन- पे का पिन पूछकर अलग- अलग जगह पर 45 हजार रुपए की शॉपिंग की थी। पीड़ित ने इस संबंध में मुकदमा पंजीकृत कराया था। अभियुक्तों ने करीब दो माह पहले फ्लाई ओवर के पास दादरी बाइपास पर एक व्यक्ति को बाइक पर लिफ्ट देकर उससे 12 हजार रुपए ठग लिए थे।

■ **बदमाशों के पास से पुलिस ने 32 हजार रुपए, तमंचे व कार किया बरामद**

कोतवाली प्रभारी सुजीत उपाध्याय ने बताया कि आरोपी दिल्ली एनसीआर में बस स्टैंड व भीड़ भाड़ वाले इलाकों में लोगों को बहला फुसलाकर व जोर जबरदस्ती कर नगदी, मोबाइल आदि छीन कर भाग जाते थे। आरोपी जावेद उर्फ जाबर पर जिले की विभिन्न कोतवाली में 22 व जावेद पर 7 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस गैंग के अन्य बदमाशों के बारे में जानकारी कर रही है।

## कार्रवाई की गुहार लेकर भटक रहे राजस्थानी चरवाहे

**रबूपुरा,** 6 अगस्त (देशबन्धु)। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत राजस्थान से भेड़ चराने आए चरवाहों के गधे चोरी होने के मामले में पीड़ित चरवाहे एक सप्ताह से कोतवाली के चक्कर लगा रहे हैं। उधर पुलिस द्वारा कार्रवाई करना तो दूर घटना की रिपोर्ट तक दर्ज नहीं हुई है। आरोप है कि अपनी फरियाद लेकर थाने पहुंचे चरवाहों को पुलिस दुत्कार कर भगा देती है। पीड़ितों का कहना है एक सप्ताह से वह रोजाना पुलिस की दरवाजे पर माथा टेक रहे हैं लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है बल्कि कुछ पुलिसकर्मी तो उनके साथ अभद्रता भी करने लगे हैं। वहीं सूत्रों की मानें तो पुलिस पशु चोरी को अपराध नहीं मानती है जिसके कारण पीड़ित चरवाहों की कोई सुनवाई नहीं हो रही और उन्हें यूं ही टरका कर मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है।




बता दें राजस्थान जिला पाली, गांव सिराणा निवासी मूलाराम, भैराराम, रामा आदि राजस्थान से करीब एक महीने पहले यहां भेड़ चराने के लिए आए थे। पशुओं के समूह में लगभग 2000 भेड़ें और 28 गधे थे। चरवाहों की संख्या भी 2 दर्जन से अधिक है। आरोप है शनिवार दोपहर वह यीडा के सेक्टर-29 के नजदीक प्रिया गोल्ड कंपनी के पास अपनी भेड़ों को चरा रहे थे। अचानक आई बारिश के चलते वह एक टीन सेट में इकट्ठा होकर बैठ गए। इसी दौरान उनके 13 गधे चोरी कर लिए गए। बताया जाता है कि घटना पास के गांव तीर्थली में लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। चोरी गधों की कीमत करीब डेढ़ लाख बताई जा रही है।

■ **एक सप्ताह बाद भी दर्ज नहीं हुई चोरी की रिपोर्ट**
■ **पुलिस कर रही जांच का दावा**

चरवाहों के मुताबिक राजस्थान के चरवाहे बड़ी संख्या में भेड़ों को चराने के क्षेत्र में आते हैं। उनके साथ महिलाएं व बच्चे भी होते हैं। घरेलू सामान को एक जगह से दूसरी जगह ले जाने के लिए वह गधों को भी अपने साथ लाते हैं।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोन:- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

{ संपादकीय }

नई दिल्ली,सोमवार 7 अगस्त 2023

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

# राहुल को रोकने की शर्मनाक हठ

गुजरात की निचली कोर्ट एवं हाईकोर्ट द्वारा एक अवमानना मामले में राहुल गांधी को सुनाई गई सज़ा पर चाहे देश की सबसे बड़ी अदालत ने रोक लगा दी हो लेकिन लगता है कि उनकी लोकसभा में वापसी आसानी से नहीं होने वाली है। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने उनके पक्ष में फैसला देकर उनका संसद में लौटने का मार्ग तो प्रशस्त कर दिया, परन्तु लोकसभा के सचिवालय द्वारा जो बर्ताव किया गया है उससे साफ संकेत हैं कि सरकार और सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी हरसंभव हथकंडे अपनाएगी कि राहुल संसद में दोबारा न बैठ सकें।

2019 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान कोलार (कर्नाटक) में हुई एक जनसभा में राहुल ने कुछ भगोड़े कारोबारियों पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि इन सबके सरनेम मोदी हैं। गुजरात के एक पूर्णेश मोदी ने यह कहकर उनके खिलाफ अवमानना की शिकायत दर्ज कर दी कि इससे मोदी सरनेम वाले लोग आहत व अपमानित हुए हैं। महानगरीय दण्डाधिकारी ने इस मामले के पुनर्जीवित होते ही सुनवाई की और राहुल को अवमानना का दोषी पाते हुए उन्हें दो साल की सजा सुना दी। सत्र न्यायालय और फिर गुजरात हाईकोर्ट ने भी राहुल की अपीलों को दरकिनार कर दो साल की सजा बरकरार रखी। पहले प्रार्थी ने इस मामले को स्वयं ही लम्बित कराए रखा था परन्तु जब राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके व्यवसायी मित्र गौतम अदानी के संबंधों पर पहले अपनी 'भारत जोड़ो यात्रा' (कन्याकुमारी से कश्मीर) के दौरान और फिर लोकसभा में सवाल उठाए तो पूर्णेश मोदी ने मामले की पुन: सुनवाई करने का आवेदन प्रस्तुत किया। गुजरात की निचली कोर्ट ने तेज गति सुनवाई करते हुए राहुल को दो साल की सजा सुना दी जो इस अपराध में अधिकतम है। गुजरात की हाईकोर्ट ने भी उतनी ही गति से इस फैसले पर मुहर लगा दी। परिणामस्वरूप व नियमानुसार तत्काल राहुल की सांसदी निलम्बित हो गई। उतनी ही फुर्ती से उनका बंगला छिन लिया गया- बगैर उनका पक्ष सुने। इसके बावजूद राहुल का मोदी सरकार पर आक्रमण जारी रहा। जैसी कि आशंका थी कि राहुल को गुजरात की सीमा में न्याय मिलना मुश्किल है, वैसा ही हुआ; और जैसा कि अनुमान था कि उन्हें न्याय सुप्रीम कोर्ट से ही मिल सकेगा- वह भी वैसा ही हुआ।

दरअसल राहुल की बढ़ती लोकप्रियता और जन समर्थन मोदी व भाजपा के लिए परेशानी बनी हुई है। उनके पैदल मार्च ने राहुल का कद काफी बढ़ा दिया है। मोदी सरकार की नाकामियों, मोदी-अदानी संबंधों, देश में बढ़ते साम्प्रदायिक तनाव और धार्मिक आजादी के हनन जैसे मुद्दों को लेकर राहुल देश-विदेश में पीएम की मुश्किलें बढ़ा चुके हैं।

मोदी की गिरती छवि और राहुल को मिलती नयी पहचान के साथ हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में मिली चुनावी सफलताओं से कांग्रेस का उत्साह बुलन्द है। उसके नेतृत्व में बने विपक्षी गठबन्धन 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इनक्लूज़िव एलाएंस) की सरकार के खिलाफ सामूहिक आक्रामकता संसद के दोनों सदनों में देखने को मिल रही है। मणिपुर हिंसा को रोकने में केन्द्र की नाकामी के मुद्दे पर नरेन्द्र मोदी के खिलाफ लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है। मेवात (नूंह) में हुई घटनाएं मोदी सरकार की परेशानी में इज़ाफ़ा कर रही हैं। दोनों सदन ठप हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ खुलकर सत्ता पक्ष को बचा रहे हैं।

राहुल के बिना ही लोकसभा में सरकार पस्त है। मोदी व भाजपा की चिंता यह है कि राहुल लौटे तो क्या होगा। करीब चार माह से अधिक समय से वे संसद में नहीं हैं। लौटने पर वे अदानी तक सीमित नहीं रहेंगे। सरकार की सारी नई नाकामियां भी उनके भाषणों में जगह पायेंगी। कहीं अविश्वास प्रस्ताव पर राहुल को बोलने का मौका मिल गया तो मोदी की रही-सही छवि पूर्णत: ध्वस्त हो जायेगी। इस संभावित खतरे से मोदी, उनकी सरकार और लोकसभा अध्यक्ष सभी वाकिफ़ हैं। इसलिये जब शुक्रवार को शीर्ष कोर्ट का फैसला राहुल के पक्ष में आया तो उसकी प्रति लेकर विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी देर शाम तक भटकते रहे। सचिवालय में कोई लेने के लिए राजी नहीं था। शनिवार को छुट्टी होना बतलाया गया और कहा गया कि अब वे आदेश की प्रति लेकर सोमवार को मिलें। हालांकि चौधरी अध्यक्ष कार्यालय में प्रति देने में कामयाब तो रहे परन्तु पावती पर कार्यालय की मुहर नहीं लगाई गई। साफ है कि सरकार राहुल के संसद प्रवेश को रोकने के लिए सारी हदें पार कर सकती है। 8 व 9 अगस्त को अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा होनी है। देखना होगा कि राहुल को इसमें भाग लेने का मौका मिलता है या नहीं। 11 को तो सत्रावसान होना ही है, पर कहीं राहुल से बचने के लिये पहले ही ऐसा न हो जाये।

लोग ओम बिरला की वही तत्परता राहुल की संसद बहाली के मामले में भी देखना चाहते हैं जैसी उन्होंने कोर्ट का आदेश आते ही राहुल को निलम्बित करने में दिखलाई थी। महीने भर का नोटिस देकर बंगला भी खाली करा लिया था। उधर इटावा के सांसद व राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. रामशंकर कठेरिया को शनिवार को आगरा की एक कोर्ट ने एक मॉल में तोड़-फोड़ व मार-पीट करने के मामले में दो साल कारावास की सजा सुनाई है। इस मामले में भी अध्यक्ष महोदय की तत्परता देखने को लोग उत्सुक हैं। जो हो, राहुल को सदन में प्रवेश से रोकने की हठधर्मिता अनैतिक व अलोकतांत्रिक तो है ही, कानून के प्रति असम्मान भी। भाजपा के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय के उस ट्वीट पर भी गौर करना होगा जिसमें उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के संदर्भ में कहा है कि 'बकरे की अम्मा कब तक खैर मनाएगी?' उनका ईशारा राहुल के खिलाफ जारी अन्य मामलों की ओर है।

# लोकसभा की विश्वनीयता का सवाल

सूरत से दिल्ली की दूरी 1200 किलोमीटर है। वहां की सीजेएम अदालत का फैसला 168 पेज का था और गुजराती में। मगर 24 घंटे में लोकसभा सचिवालय ने उसे मंगा लिया। अंग्रेजी में अनूदित करवा लिया और राहुल की सदस्यता खत्म कर दी।

मगर संसद से 2 किलोमीटर की दूरी से भी कम सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर कब तक फैसला होगा यह किसी को नहीं पता। यहां तो आदेश भी अंग्रेजी में है और बहुत छोटा सा। मगर उस पर अमल बड़ा राजनीतिक फैसला लग रहा है। मोदी सरकार के पास बड़ा बहुमत है मगर सरकार जिस तरह घबराई हुई है कि अगर कहीं मंगलवार से शुरु होने वाली अविश्वास प्रस्ताव की चर्चा में राहुल बोल गए तो पता नहीं क्या हो जाएगा? सरकार तो नहीं जाएगी मगर सरकार की मुसीबतें जरूर शुरु हो सकती हैं।

राहुल अविश्वास प्रस्ताव पर बोल पाएंगे या नहीं यह तो कहना मुश्किल है। मगर राहुल ने अपने भाषण की तैयारी जरूर शुरू कर दी है। राहुल को अब अपने भाषण का असर मालूम पड़ गया है। लोकसभा में अडानी पर दिए उनके भाषण के बाद ही उनकी सदस्यता खत्म की गई थी। 23 मार्च को सूरत की अदालत ने फैसला सुनाया और 24 मार्च को राहुल की सदस्यता खत्म।

राहुल अब अपने भाषण की ताकत पहचान गए हैं। और भारत जोड़ो यात्रा, कर्नाटक की जीत एवं 26 विपक्षी दलों के गठबंधन इन्डिया के बनने के बाद उनकी धमक बहुत बढ़ गई है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट का उनके पक्ष में फैसला सत्तापक्ष के खेमे में हड़कम्प मचा गया है। अब सबको डर है कि राहुल का भाषण कुछ भी कर सकता है। किसी का भी ग्राफ गिरा सकता है। अगर मंगलवार से पहले राहुल की सदस्यता बहाल कर दी जाती है, जो कि भी जाना चाहिए तो लोकसभा में उनका मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास पर भाषण सुनने लायक होगा। लोकसभा में एक विदेशी राजनयिक गैलरी भी होती है। ऐसे मौकों पर वह हाउसफुल हो जाती है। मणिपुर, जिस पर अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है अभी भी भारी हिंसा की चपेट में है। बमों से एक जातीय समूह दूसरे जातीय समूह पर हमले कर रहा है। सेना के अफसरों को महिलाएं पांव पकड़-पकड़कर रोक रही हैं कि हमें पुलिस के भरोसे छोड़कर मत जाओ। यह हमें मरवा देंगे। कई जगह जहां सेना लोगों को बचाने गई वहां पुलिस और वह आमने सामने आ गई। भारतीय सेना ने कश्मीर, पंजाब, असम और भी कई आतंकवाद से ग्रस्त इलाकों में काम किया है।

मगर इस तरह का गृह युद्ध कहीं नहीं देखा। पुलिस, प्रशासन और राज्य सरकार इकतरफा कार्रवाई कर रहे हैं। तीन महीने से ज्यादा समय हो गया। मारे गए लोगों का अंतिम संस्कार तक नहीं हो पाया। रोज लोग मर रहे हैं। विदेशी मीडिया डिटेल में रिपोर्टिंग कर रहा है।



शकील अख्तर

> राहुल की सदस्यता वापस बहाल करने का सवाल बहुत बड़ा है। लोकसभा को इसे कानूनी रूप से ही देखना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने अधिकतम दो साल की सज़ा देने पर आश्चर्य जताया है। आज तक जब से आईपीसी बनी है। 163 साल में किसी को भी मानहानि के मामले में अधिकतम दो साल की सज़ा नहीं मिली है। यह कानून ब्रिटिश शासकों ने भारत में लागू किया था। खुद इनके यहां इसे खत्म कर दिया गया है।

अमेरिका ने हस्तक्षेप की बात की। यूरोपियन यूनियन ने प्रस्ताव पास किया। मगर प्रधानमंत्री मौन बने हैं। केवल संसद का मानसून सत्र शुरू होने पर जो पत्रकारों से औपचारिक बात करते हैं उसमें ही उन्होंने जरा सा मणिपुर का जिक्र किया और साथ में उसकी हिंसा कम बताने के लिए राजस्थान और छत्तीसगढ़ भी साथ में जोड़ दिया।

मणिपुर पर उनका कोई और बयान अभी तक नहीं आया है। जबकि राहुल गांधी मणिपुर हो आए हैं। इसलिए अगर मणिपुर में अविश्वास प्रस्ताव के दौरान राहुल लोकसभा में वापस आकर बैठे भी तो माहौल क्या होगा इसकी कल्पना की जा सकती है। और जब आ जाएंगे तो बोलेंगे जरूर। वह विस्फोटक होगा। गोदी मीडिया उसे दबा नहीं पाएगा। इसलिए राहुल की वापसी को रोकने की पूरी कोशिश हो रही है। लेकिन क्या यह संभव होगा देखना बहुत दिलचस्प रहेगा।

अभी राहुल से पहले एनसीपी के सांसद मोहम्मद फैजल की सदस्यता वापस देने में लोकसभा सचिवालय ने पौने दो महीने लगा दिए थे। लेकिन जब उनके वकील संयोग से वे राहुल के भी हैं, अभिषेक मनु सिंघवी अदालत के फैसले की अवमानना करने के आरोप के साथ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे तो तत्काल आदेश निकालकर उनकी सदस्यता बहाल की गई।

सदस्यता के मामले में कानून एक है। मगर उसे अलग-अलग तरह से लागू करने में संसद अगर एक नियम से ही काम नहीं करता है तो मैसेज गलत जाता है। संसद सर्वोपरि है। कानून बनाती है। लेकिन अगर कानून को लागू करने में वही भेदभाव करे तो केवल देश में नहीं अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर भी खराब मैसेज जाता है। उस हालत में तो और ज्यादा जब हम खुद को विश्वगुरु कहते हैं। विश्वगुरु ऐसा नहीं हो सकता जो भेदभाव करे।

गुजरात के भाजपा सांसद नारायण भाई काछड़िया को तीन साल की सज़ा हुई। हाईकोर्ट से भी सज़ा रद्द नहीं हुई। बाद में सुप्रीम कोर्ट से माफी मांगने और जिस दलित डाक्टर को ड्यूटी पर मारा था उसे पांच लाख रुपए हर्जाना देने के बाद ही राहत मिली। मगर इस बीच उनकी सदस्यता बनी रही। कांग्रेस लोकसभा अध्यक्ष से मिली। लिखित प्रतिवेदन दिया। मगर वे सदस्य बने रहे। यहां ध्यान देने की बात यह है कि उन्हें ड्यूटी पर एक दलित डाक्टर के काम में बाधा पहुंचाने और हमला करने के गंभीर मामले में सज़ा हुई थी। ऐसे ही एक अधिकारी के साथ मारपीट करने के आरोप में अभी एक और भाजपा सांसद और पूर्व केन्द्रीय मंत्री रामशंकर कठेरिया को आगरा की अदालत ने दो साल की सज़ा सुनाई है। देखना होगा कि उनकी सदस्यता कब रद्द होती है।

दरअसल यह बहुत बड़ा सवाल है। जो संसद कानून बनाती है सबके लिए समान। उसे ही जब लागू करने का मौका आता है तो वह कैसे उसे दो अलग-अलग लोगों पर अलग-अलग तरीके से लागू कर सकती है? अगर खुद संसद ऐसा करेगी तो बाकी कानून लागू करने वाली एजेन्सियों के सामने क्या उदाहरण जाएगा?

इसलिए राहुल की सदस्यता वापस बहाल करने का सवाल बहुत बड़ा है। लोकसभा को इसे कानूनी रूप से ही देखना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने अधिकतम दो साल की सज़ा देने पर आश्चर्य जताया है। आज तक जब से आईपीसी बनी है। 163 साल में किसी को भी मानहानि के मामले में अधिकतम दो साल की सज़ा नहीं मिली है। यह कानून ब्रिटिश शासकों ने भारत में लागू किया था। खुद इनके यहां इसे खत्म कर दिया गया है और भी कई विकसित और विकासशील देशों में इसे समाप्त कर दिया गया है। मानहानि असंज्ञेय मामलों की श्रेणी में आता है। मतलब जो गंभीर प्रकृति के नहीं हैं। इनमें समझौता हो सकता है। यही राहुल की अपील सुनते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा।

लेकिन केवल उनकी सदस्यता रद्द करने के लिए दो साल की सज़ा सुनाई गई। यह भी आश्चर्यजनक है कि इसे गुजरात की एक अदालत ने सुनाया जबकि जिस भाषण के आधार पर सुनाया वह कर्नाटक में दिया गया था। और ऐसा ही एक बड़ा विरोधाभास यह है कि जिन-जिन मोदी का राहुल ने नाम लिया उनमें से कोई कोर्ट नहीं गया। बल्कि भाजपा का एक विधायक गया।

यह सब चीजें अभी कोर्ट के सामने हैं। इन पर कांग्रेस पूरी तरह स्पष्टता मांगेगी। मगर फिलहाल सवाल राहुल के संसद में वापस आने का है। लोअर कोर्ट के आदेश पर आप चौबीस घंटे में सदस्यता रद्द कर सकते हैं। तो देश की सबसे बड़ी अदालत के फैसले के बाद उसे लागू करने के लिए आपको कितना समय चाहिए?

यह राजनीति से लेकर, कानून की किताबों तक और दुनिया जो राहुल की सदस्यता के बारे में रोज अन्तरराष्ट्रीय अखबारों में पढ़ रही है वहां तक बड़ा सवाल है। हमारी लोकसभा की विश्वसनीयता का।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार है )**

# राहुल गांधी की सजा पर रोक से भाजपा-संघ को झटका

**■ अरुण श्रीवास्तव**

नरेंद्र मोदी के अंध भक्तों के लिए सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मोदी उपनाम वाले मानहानि के मुकदमे में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सजा पर रोक लगाने और एक सांसद के रूप में उनकी स्थिति को बहाल करना एक बड़ा झटका था। इससे तो पूरा भाजपा-संघ कबीला हिल गया और उनका भाजपा राजनीतिक तंत्र भी। वास्तविक अर्थों में यह निचली न्यायपालिका की कार्यप्रणाली पर एक तरह की निंदा है और कुछ हद तक विधायी प्रभावशीलता पर सवाल भी।

सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणी ने इस मामले में निचली न्यायपालिका द्वारा अपनाई गई जल्दबाजी के तंत्र को उजागर कर दिया है, जो लोकसभा अध्यक्ष को कुछ हद तक आत्मनिरीक्षण करने के लिए भी मजबूर करेगा। राहुल को लोकसभा की सदस्यता से वंचित करने का आदेश देने में जल्दबाजी की क्या जरूरत थी? अध्यक्ष कुछ दिनों तक इंतजार कर सकते थे और अपनी कार्रवाई के परिणामों पर विचार कर सकते थे।

हालांकि चुनाव आयोग को मोदी और अमित शाह के सीधे निर्देशों पर काम करने वाला माना जाता है, उसने भी इंतजार किया और लोकसभा अध्यक्ष की कार्रवाई से खाली हुई सीट के लिए उपचुनाव कराने की घोषणा नहीं की।

> वास्तव में आरएसएस और भाजपा कार्यकर्ताओं और उनके नेतृत्व के पारिस्थितिकी तंत्र के आत्मविश्वास को हिलाकर रख दिया है, वह है राहुल गांधी का अपनी मोदी उपनाम वाली टिप्पणी के लिए माफी न मांगना, जिसके कारण उन्हें मानहानि मामले में दोषी ठहराया गया और बाद में संसद से अयोग्य घोषित कर दिया गया। यह उनकी मजबूत मानसिक स्थिति और सत्य में दृढ़ विश्वास को दर्शाता है। निस्संदेह इसका उनकी पार्टी के सहयोगियों पर अचूक प्रभाव पड़ेगा।

आदेश पर रोक लगाने वाली शीर्ष अदालत की तीन-न्यायाधीशों की पीठ ने स्पष्ट रूप से कहा कि निचली अदालत में सुनवाई करने वाले जज द्वारा अधिकतम सजा देने का कोई कारण नहीं बताया गया है। बेशक इसने कर्नाटक रैली में अपनी टिप्पणियों के लिए राहुल की खिंचाई की और पाया कि कांग्रेस नेता के बयान अच्छे नहीं थे और सार्वजनिक जीवन वाले एक व्यक्ति से सार्वजनिक भाषण देते समय सावधानी बरतने की उम्मीद की जाती है।

न्यायाधीशों की इस टिप्पणी का स्पष्ट अर्थ यह है कि राहुल को संयम बनाये रखना चाहिए था। सजा देने वाली निचली अदालत द्वारा अपनी कार्रवाई को समुचित ठहराने के लिए उपयुक्त कारण नहीं बताना ही सजा पर रोक लगाने का आधार बना।

न्यायमूर्ति बी आर गवई ने जानना चाहा, 'हालांकि अपीलीय और उच्च न्यायालय ने दोष सिद्धि पर रोक को खारिज करने के लिए बड़े पैमाने पर पन्ने खर्च किए हैं, लेकिन उनके आदेशों में इन पहलुओं पर विचार नहीं किया गया है।' शीर्ष अदालत गुजरात उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली गांधी की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसने उनकी 'मोदी उपनाम' टिप्पणी पर मानहानि मामले में उनकी सजा पर रोक लगाने की उनकी याचिका खारिज कर दी थी। गुजरात के पूर्व मंत्री पूर्णेश मोदी ने 2019 में गांधी के खिलाफ उनके 'सभी चोरों का सामान्य उपनाम मोदी कैसे है?' पर आपराधिक मानहानि का मामला दायर किया था।

जरा लोकसभा अध्यक्ष की दुर्दशा की कल्पना करें। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा राहुल की लोकसभा सदस्यता बहाल करने के बाद उन्हें फिर से बहाल करने का आदेश जारी करना होगा। लोकसभा सचिवालय को उस घर को दोबारा आबंटित करने में असुविधा का सामना करना पड़ेगा, जहां से उसने अध्यक्ष के आदेश के मद्देनजर राहुल को बाहर कर दिया था।

एक बात तय है कि सर्वोच्च न्यायालय ने उनकी सजा को खारिज न करने में गुजरात उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की तरह सक्रिय रुख नहीं अपनाया था। सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने टिप्पणी की कि गुजरात उच्च न्यायालय का आदेश 'पढ़ने में बहुत दिलचस्प' है और उसमें 'बहुत सारे उपदेश' हैं।

राहुल गांधी की याचिका को खारिज करते हुए, गुजरात उच्च न्यायालय ने 7 जुलाई को कहा था कि 'राजनीति में शुचिता' समय की आवश्यकता है। उच्च न्यायालय ने आगे कहा कि दोषसिद्धि को रोकने के लिए कोई उचित आधार नहीं था, यह कहते हुए कि सुनवाई करने वाली अदालत का आदेश 'उचित और कानूनी' था और इसमें हस्तक्षेप करने की कोई आवश्यकता नहीं थी।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणी गुजरात उच्च न्यायालय की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाने से कम नहीं है। यह आश्चर्य की बात है कि उच्च न्यायालय याचिकाकर्ता द्वारा की गई कई तथ्यात्मक गलतबयानी को कैसे नजरअंदाज कर सकता है। राहुल के वकील ने बताया कि शिकायतकर्ता पूर्णेश मोदी का मूल उपनाम मोदी नहीं है और वह (पूर्णेश) मोध वनिका समाज से हैं।...उन्होंने अपना नाम बदल लिया है... गांधीजी ने अपने भाषण के दौरान जिन लोगों का नाम लिया था, उनमें से एक ने भी मुकदमा नहीं किया है।'

कानूनी वेबसाइट लाइव लॉ के अनुसार, दिलचस्प बात यह है कि 13 करोड़ के इस 'छोटे' समुदाय में जो भी लोग पीड़ित हैं, मुकदमा करने वाले केवल भाजपा पदाधिकारी हैं। तथ्यों पर नजर डालने से यह स्पष्ट हो जाता है कि आरएसएस और शीर्ष भाजपा नेताओं, मोदी और अमित शाह ने यह सुनिश्चित करने के लिए उन्हें झूठे मामले में फंसाने की योजना बनाई थी कि राहुल संसद से बाहर रहें। वास्तव में उन्हें यकीन था कि इसके परिणामस्वरूप राहुल की सदस्यता बहाल नहीं होगी तथा अगले आठ साल तक उनके चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी जायेगी। लेकिन दुर्भाग्य से आरएसएस और मोदी के लिए, उनका जाल-बट्टा सर्वोच्च न्यायालय के परिसर में बिखर गया है।

इस आदेश का मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य पर काफी असर पड़ेगा। लोकसभा की सदस्यता की अस्वीकृति और बहाली पर रोक आरएसएस और भाजपा की हिंदू राष्ट्र के साथ आगे बढ़ने की योजना को भी नष्ट कर देगी। इसमें कोई संदेह नहीं है कि इस फैसले का संघ परिवार पर विनाशकारी प्रभाव पड़ेगा। इससे इंडिया विपक्षी गठबंधन की प्रासंगिकता को बढ़ावा मिलेगा। इसने भारत जोड़ो यात्रा की प्रासंगिकता को बढ़ाया है, जिसे बदनाम करने के लिए भाजपा पारिस्थितिकी तंत्र ने एक गहन अभियान चलाया था।

जिस चीज ने वास्तव में आरएसएस और भाजपा कार्यकर्ताओं और उनके नेतृत्व के पारिस्थितिकी तंत्र के आत्मविश्वास को हिलाकर रख दिया है, वह है राहुल गांधी का अपनी मोदी उपनाम वाली टिप्पणी के लिए माफी न मांगना, जिसके कारण उन्हें मानहानि मामले में दोषी ठहराया गया और बाद में संसद से अयोग्य घोषित कर दिया गया। यह उनकी मजबूत मानसिक स्थिति और सत्य में दृढ़ विश्वास को दर्शाता है। निस्संदेह इसका उनकी पार्टी के सहयोगियों पर अचूक प्रभाव पड़ेगा और साथ ही मोदी और शाह को राहुल से निपटने के लिए अपनी रणनीति पर पुनर्विचार करने और उसे नया स्वरूप देने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

शीर्ष अदालत के फैसले ने यह स्पष्ट कर दिया है कि राहुल को बिना किसी गलती के माफी मांगने के लिए मजबूर करने के लिए आपराधिक प्रक्रिया और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों का उपयोग करना, न्यायिक प्रक्रिया का घोर दुरुपयोग है और इस न्यायालय द्वारा इसे स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। इस फैसले ने मोदी के एक मजबूत लौह नेता होने का चेहरा भी उजागर कर दिया है। यह संदेश आरएसएस और भाजपा कार्यकर्ताओं के मानस पर गहरा प्रभाव डालेगा। इसमें कोई शक नहीं कि मोहन भागवत, मोदी और अमित शाह एक मजबूत चेहरा सामने रखेंगे। लेकिन ये उस नैतिक शक्ति को पुन: प्राप्त करने में सफल नहीं होंगे जो इन नेताओं ने फैसले के बाद खो दी थी।

## गुरवाणी विचार

# करनी आपो आपनी के नेड़े के दूर

सुख नांही बहुते धनि खोटे
सुख नांही पेखे निरति नाटे
सुख नांही बहु देश कमाये
सरव सुखा हरि हरि गुण गाये
सुख सहज अनंद लहो
साध संगति पाइऐ वडभागी
गुरमुखि हरि हरि नाम कहो।

गुरवाणी की इन पंक्तियों द्वारा पांचवें नानक गुरु अर्जुनदेव जी मानव मन को समझाइश दे रहे हैं कि बहुत अधिक कमा लेने से ही हमें सुख मिलता रहेगा ऐसा नहीं होता न ही आत्मिक आनंद की प्राप्ति ही होती है न ही हमारी तृष्णा भी खत्म होती है-

सहज खटे लखि को उठि धावै।
तृप्त न आवै माया पौहे पावै।।

अगर हम दस हजार कमा लेते हैं तो हमारी तृष्णा एक लाख कमाने की तरफ दौड़ पड़ती है लाख कमाने पर करोड़ कमाने की इच्छा प्रबल हो उठती है। इस तरह हमारी तृष्णा कभी खत्म नहीं होती। फिर आप फरमाते हैं कि ज्यादा नाटक चेटक देखने से नाच गाने देखने सुनने से, टीवी वगैरह देखने से भी हमारे मन को शांति नहीं मिल सकती। बल्कि हमारी उत्सुकता और बढ़ती जाती है। एक नाटक देखा तो दूसरे की तरफ देखने का मन लग जाता है। एक फिलम देखी तो दूसरी, देखने की इच्छा हो जाती है और हम उसी में उलझते रहते हैं। मन अशांत ही रहता है। अगर हम देश भ्रमण करने पर निकल पड़े कि मन में शांति प्राप्त हो सके तो एक प्रदेश देखने पर ऐसी इच्छा हो जाती है कि इसके बाद दूसरा कौन सा देश देखा जाय इस तरह पूरे प्रदेश भ्रमण करने पर विदेश भ्रमण करने की इच्छा जागृत हो जाती है और हम इस तरह भ्रमण ही करते रहते हैं पर मन हमारा अशांत ही रहता है अगर हमारा मन प्रभु सिमरन बंदगी में रम गया तो फिर हमें और कहीं भटकने की जरूरत नहीं रहती। प्रभु सिमरन बंदगी करते रहने पर हमारे मन में सच्ची शांति प्राप्त हो जाती है। फिर हमें किसी किस्म का दुख क्लेश नहीं रहता क्योंकि प्रभु परमात्मा का दर तो बेगमपुरा है जहां किसी भी किस्म का गम नहीं है। हमेशा आनंद ही आनंद है। इसलिए हमें गुरमुख बनकर प्रभु सिमरन बंदगी में रम जाना चाहिए। साध संगत में जाने पर हमारा मन शनै: शनै: प्रभु सिमरन बंदगी में रमने लगेगा हमारे अच्छे कर्म होंगे तभी हमें सच्ची साध संगत मिलेगी अगर हम सांसारिक मोह माया में ही रहे बुरी संगत में ही पड़े रहे तो फिर हमारा कल्याण होना असंभव है। इंसान की ऐसी आदत है उसे जैसी जैसी संगत मिलती रहती है वह उसी तरह पलटता रहता है। हम जो भी इस संसार में कर्म कर रहे हैं उसी के अनुसार हमें प्रभु परमात्मा ने इनाम या दंड देना है क्योंकि धर्मराज की कचहरी में चित्रगुप्त आप हमारे द्वारा किए जा रहे प्रत्येक कर्म का लेखा जोखा रखते हैं उसी के अनुसार हमें दंड या इनाम मिलने वाला है-

चंगिआइयां बुरिआइयां वाचै धरम हदूर।
करनी आपो आपनी के नेड़े के दूर।।
उसलिए गुरदेव हमें समझा रहे हैं कि-
जिनी नाम धिआइया गये मसकत छालि।
नानक ते मुख उजले केती छुइही नालि।।

**इंदर सिंह आहुजा**

### भूल सुधार

दिनांक 6 अगस्त 2023 के अंक में, साहित्य पेज पर प्रकाशित पुस्तिक समीक्षा 'काव्यात्मकता से लबरेज रोचक डायरी' में समीक्षक का नाम रोहित कौशिक की जगह तकनीकी त्रुटिवश मनोज निगम प्रकाशित हो गया है। पाठक कृपाया सुधार कर रोहित कौशिक का नाम पढ़े

**सम्पादक**

## आपके पत्र

# छुआछूत की बीमारी की तरह फैलती है हिंसा

बुद्धिमान लड़ाई से पहले जीतते हैं, जबकि अज्ञानी जीतने के लिए लड़ते हैं। संघर्ष के प्रति बुद्धिमान दृष्टिकोण लड़ाई या हिंसा में शामिल होने से पहले योजना बनाना और रणनीति बनाना शामिल है, जबकि अज्ञानी दृष्टिकोण परिणामों या संभावित परिणामों पर विचार किए बिना केवल लड़ना या हिंसा करना है अर्थात बौद्धिक विचार यह है कि किसी स्थिति का सावधानीपूर्वक आंकलन करके और सूचित निर्णय लेकर, कोई भी व्यक्ति शारीरिक युद्ध या हिंसा का सहारा लिए बिना जीत हासिल कर सकता है। यह उद्धरण सलाह देता है कि बुद्धिमानी ऐसी स्थिति को पहले से ही भांप लेने में है जो हिंसा में बदल सकती है और फिर इससे बचने के लिए अपने संसाधनों का उपयोग करना चाहिए।

क्या होता है जब हिंसा को टाला नहीं जा सकता? जब कूटनीति के प्रयास विफल हो जाते हैं, तब भी दुश्मन की ताकत और कमजोरियों का आंकलन करके दूसरे पक्ष पर तुरंत काबू पाने के लिए हिंसा को टाला जा सकता है। दुश्मन या विपक्षी को भ्रमित करने और उनके संसाधनों को बर्बाद करने के लिए धोखे और झूठ का भी इस्तेमाल किया जाता है। हिंसा को क़ानून व्यवस्था के मसले जैसा समझने के बजाय, इसे सार्वजनिक स्वास्थ्य की चुनौती के तौर पर लिया जाये। हिंसक बर्ताव एक महामारी है, जो छुआछूत की बीमारियों की तरह एक इंसान से दूसरे इंसान में फैलती है। हिंसा को ठीक उसी तरह रोका जा सकता है, जैसे काम के दौरान लगने वाली चोटों या संक्रामक बीमारियों को रोका जाता है। दिक्क़त ये है कि दुनिया भर में हिंसा से सख़्ती से निपटने की सोच हावी है इसलिए हिंसक घटनाओं पर हंगामा होते ही, नेता हों या जनता, सख़्त क़ानून की मांग करने लगते हैं।

इंसान अक्सर जोखिम भरा बर्ताव करता है, ख़तरों से खेलता है। जैसे कि नुक़सान पता होने के बावजूद स्मोकिंग करना या फिर पेट भरने के बावजूद ज़्यादा खाना, यानी किसी मर्ज़ को होने से ही रोका जाए। लेकिन, जब बात हिंसक बर्ताव की आती है, तो इससे निपटने का एक ही तरीक़ा लोग बताते हैं, क़ानून सख़्त बना दो। जैसे हाल ही में 12 साल से कम उम्र की बच्ची से बलात्कार पर मौत की सज़ा का प्रावधान या फिर भीड़ की हिंसा से निपटने के लिए सख़्त क़ानून बनाने पर हमारे देश में विचार चल रहा है। हिंसा को इंसान का जन्मजात बर्ताव मान लिया गया है, जिसे बदला नहीं जा सकता। सोच यही है कि जो लोग हिंसा करते हैं, उन्हें सही रास्ते पर नहीं लाया जा सकता इसलिए सख़्त क़ानूनों की बात ही की जाती है। सऊदी अरब और ईरान में कई जुर्मों के लिए मौत की सज़ा है मगर अपराध तब भी नहीं रुकते। भारत में भी कई अपराधों के लिए मौत की सज़ा मिलती है। मगर वो जुर्म अब भी होते हैं।

हिंसा से किस प्रकार बचा जा सकता है? आज देश के जातीय दंगों के संदर्भ में, यह उद्धरण दो समुदायों के बीच संघर्षों को सुलझाने में कूटनीति और बातचीत के महत्व पर प्रकाश डालता है। हिंसा का सहारा लेने के बजाय, जिसके सभी संबंधित पक्षों के लिए विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं, बुद्धिमान नेता बातचीत और समझौते के माध्यम से शांतिपूर्ण समाधान ढूंढने का प्रयास करता है। प्राय: पड़ोसी राज्यों या धार्मिक समुदायों के बीच संघर्ष अक्सर होते रहते हैं, इसलिए हिंसा की घटनाओं को कम करने की दिशा में क्षेत्रीय एकीकरण एक महत्वपूर्ण प्रगति है। दोनों पक्षों के पारस्परिक लाभ के लिए विवादों को शांतिपूर्ण ढंग से निपटाने की संभावना के बारे में निर्णय लेने वालों की अनभिज्ञता के कारण अक्सर दंगा या हिंसा होती है। इस प्रकार यह संभव है कि सामुदायिक विवादों के निपटारे के लिए वैकल्पिक, शांतिपूर्ण तकनीकों को विकसित और संस्थागत बनाकर और राज्यों को उनका उपयोग करने के लिए राजी करके दंगों की रोकथाम में योगदान दे सकते हैं।

**सत्यवान सौरभ**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

एर्दोगन कैबिनेट में अनाज सौदे, पुतिन की प्रस्तावित यात्रा पर चर्चा

अंकारा। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन सोमवार को मंत्रिमंडल के साथ अनाज सौदे और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की तुर्की की प्रस्तावित यात्रा पर चर्चा करेंगे। तुर्की के अखबार 'स्टार' ने सूत्रों के हवाले से कहा कि श्री एर्दोगन की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक सोमवार को होगी जिसमें अनाज पहल पर चर्चा होगी तथा तुर्की और रूसी राष्ट्रपतियों के बीच नवीनतम बातचीत के साथ-साथ विदेशी निवेश पर केंद्रित एक आर्थिक योजना पर चर्चा की जाएगी। बैठक में श्री पुतिन की संभावित तुर्की यात्रा पर भी चर्चा की जाएगी।



# रूस-यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के पक्ष में है भारत : डोभाल

**नई दिल्ली,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने कहा है कि जब से दोनों देशों के बीच संघर्ष शुरू हुआ है, तब से भारत शीर्ष स्तर पर नियमित आधार पर रूस और यूक्रेन के साथ जुड़ा हुआ है। डोभाल ने जेद्दा में एनएसए के शिखर सम्मेलन के दौरान ये टिप्पणियां कीं, जिसकी मेजबानी यूक्रेन-रूस संघर्ष पर चर्चा के लिए सऊदी अरब ने की है।

भारत, अमेरिका और चीन समेत करीब 40 देशों के शीर्ष अधिकारियों ने शनिवार को सऊदी अरब के जेद्दा में बातचीत की। उम्मीद की जा रही है कि बातचीत में युद्ध की शांतिपूर्ण परिणति सुनिश्चित करने के लिए कुछ सिद्धांतों पर सहमति बन सकती है। इस बीच, रिपोर्टों में डोभाल को शिखर सम्मेलन में यह कहते हुए उद्धृत किया गया कि भारत संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों पर बनी वैश्विक व्यवस्था का समर्थन करता है। रिपोर्ट में उनके हवाले से कहा



गया है कि उन्होंने सभी देशों को एक-दूसरे की क्षेत्रीय संप्रभुता का सम्मान करने पर जोर दिया और कहा कि दोनों देशों के बीच चल रहे संघर्ष का शांतिपूर्ण अंत खोजने के लिए शांति बनाए रखने के प्रयास किए जाने चाहिए।

एनएसए ने यह भी कहा कि संपूर्ण दक्षिणी गोलार्ध संघर्ष के परिणामों को भुगत रहा है, हालांकि भारत यूक्रेन को मानवीय सहायता प्रदान कर रहा है, क्योंकि वह हमेशा बातचीत और कूटनीति को बढ़ावा

> जब से दोनों देशों के बीच संघर्ष शुरू हुआ है, तब से भारत शीर्ष स्तर पर नियमित आधार पर रूस और यूक्रेन के साथ जुड़ा हुआ है:-अजीत डोभाल, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार

देने में विश्वास करता है।

डोभाल ने कहा कि एनएसए की बैठक में दोहरी चुनौती है - स्थिति का समाधान और संघर्ष के परिणामों को नरम करना, और दोनों मोर्चों पर प्रयासों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इसके लिए बहुत अधिक जमीनी काम की आवश्यकता होगी, क्योंकि दोनों देशों को शांतिपूर्ण समाधान प्रदान करने के प्रयासों के बावजूद, कोई भी परिणाम नहीं निकला है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि डोभाल ने कहा कि जेद्दा बैठक में ऐसे समाधान की तलाश की जानी चाहिए, जो सभी हितधारकों को स्वीकार्य हो।

# इमरान की गिरफ्तारी पाकिस्तान का आंतरिक मामला : अमेरिकी विदेश विभाग

**वाशिंगटन,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा है कि पीटीआई प्रमुख इमरान खान की गिरफ्तारी पाकिस्तान का आंतरिक मामला है। डॉन ने अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता के हवाले से कहा, 'पाकिस्तान में इमरान खान और अन्य राजनेताओं के खिलाफ मामले एक आंतरिक मामला है।' प्रवक्ता ने कहा, 'हम पाकिस्तान में लोकतांत्रिक सिद्धांतों और कानून के शासन के सम्मान का आह्वान करते हैं, जैसा कि हम दुनिया भर में करते हैं। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री को तोशाखाना मामले में गिरफ्तार किया गया है। स्वतंत्र पर्यवेक्षकों की राय है कि इससे राजनीतिक संकट और बिगड़



जाएगा। वाशिंगटन के विल्सन सेंटर में दक्षिण एशियाई मामलों के विद्वान माइकल कुगेलमैन ने ट्विटर पर पोस्ट किया, 'अभी कुछ समय पहले, पाकिस्तान का राजनीतिक संकट थोड़ा कम होता दिख रहा था, सरकार ने पद छोड़ने और चुनाव की तैयारी को एक कार्यवाहक के लिए रास्ता बनाने का वादा किया था।' उत्तरी अमेरिका में मौजूद पाकिस्तान की नेशनल असेंबली के सदस्य मोहसिन डावर ने पोस्ट किया, 'एक प्रधानमंत्री को इकामा पर दोषी ठहराया गया और अब दूसरे को कलाई घड़ी बेचने का दोषी ठहराया गया। ऐसी छोटी-छोटी बातों पर राजनेता बदनाम हो जाते हैं, जबकि अधिक गंभीर आरोपों के साथ बच जाते हैं।

## इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद पंजाब में धारा 144 लागू

इस्लामाबाद। पीटीआई अध्यक्ष इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के विभिन्न जिलों में सात दिनों के लिए धारा 144 लगा दी गई है, जबकि कई पीटीआई समर्थकों को हिरासत में लिया गया है। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। एआरवाई न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार- कसूर, झेलम, मियांवाली, मंडी बहाउद्दीन और रावलपिंडी जिलों में 7 दिनों के लिए सभाओं, सार्वजनिक बैठकों, प्रदर्शनों, धरना और रैलियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। जिला एवं सत्र अदालत द्वारा तोशाखाना मामले में तीन साल की जेल की सजा सुनाए जाने के बाद पीटीआई प्रमुख को शनिवार को उनके ज़मान पार्क आवास से गिरफ्तार किया गया था। डॉन रिपोर्ट के अनुसार, इमरान खान की गिरफ़्तारी के बाद पीटीआई ने शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था।

## सुडोकू 6279

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | 4 | | | | | 3 |
| | 7 | | | | | | | |
| | | | | 6 | 5 | | 4 | 7 |
| | | 2 | 5 | 8 | | | | 9 |
| 9 | | | | | | | | 8 |
| 8 | | | | 3 | 1 | 4 | | |
| 7 | 8 | | 3 | 2 | | | | |
| | | | | | | | 2 | |
| 2 | | | | | 6 | 8 | | 5 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : सोमवार 7 अगस्त , 2023 श्रावण कृष्ण पक्ष 5

### राशिफल

मेष -आज आपका दिन अनुकूलता से भरा रहेगा। सभी कामों में सफलता मिलने से आप प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। आर्थिक क्षेत्र में आपका दिन लाभदायक साबित होगा।

वृषभ -आज आपका मन अनेक प्रकार की परेशानियों से घिरा रहेगा। स्वास्थ्य खराब होगा, विशेष रूप से अपनी आंख का ध्यान दें। घर में पारिवारिक सदस्य और स्नेहीजनों की तरफ से विरोध का वातावरण निर्मित होगा। खर्च की मात्रा बढ़ेगी।

मिथुन -आज अनेक रूप से लाभ होने के कारण आपके उल्लास में दोगुनी वृद्धि होगी। पत्नी एवं बेटे की तरफ से लाभदायी समाचार मिलेंगे। मित्रों से हुई मुलाकात से आनंद मिलेगा।

कर्क -आज का दिन आप के व्यवसाय के लिए लाभदायी है। आप पर उच्च अधिकारियों की कृपा रहेगी। आपके वर्चस्व में वृद्धि होगी। पदोन्नति की संभावना है। परिवार में आवश्यक विषयों पर चर्चा होगी।

सिंह -आज का दिन धार्मिक कामों में गुजरने वाला है। परिजनों के साथ किसी धार्मिक स्थल पर जाने का सुनहरा अवसर मिलेगा। आज पहले हाथ में आए काम को पूरा करें, फिर दूसरे काम की ओर बढ़ें। गुस्से पर संयम रखें।

कन्या -आज आपके लिए वाणी पर अंकुश और संयम रखना अत्यंत आवश्यक है। गुस्से के कारण परिजनों के साथ आपका मेल-जोल बना रहेगा और वैवाहिक जीवन में अधिक निकटता रहेगी। किसी के साथ मनमुटाव हो सकता है।

तुला -आज का दिन मौज- मस्ती और मनोरंजन के साथ व्यतीत होगा। किसी नए व्यक्ति के साथ आकर्षण महसूस होगा और उनके साथ आपको प्रसन्नता मिलेगी। प्रवास में मित्रों और प्रियजनों का साथ आपके आनंद को दोगुना कर देगा।

वृश्चिक -आज का दिन हर तरह से सुखमय गुजरेगा। परिजनों के साथ आनंदपूर्वक समय व्यतीत होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ और प्रसन्न रहेंगे। नौकरीपेशा लोगों को साथी कर्मचारियों का सहयोग मिलेगा।

धनु -आज आपको क्रोध पर संयम बरतने की जरूरत है। पेट संबंधित बीमारियों से परेशानी होगी। किसी भी काम में सफलता न मिलने से निराशा हो सकती है। साहित्य या अन्य किसी सृजनात्मक कला के प्रति रुचि रहेगी।

मकर -प्रतिकूलताओं का सामना करें। पारिवारिक क्लेश आपके मन को व्यथित करेंगे। माता का स्वास्थ्य चिंता पैदा कर सकता है। सार्वजनिक जीवन में अपयश या अपकीर्ति मान- प्रतिष्ठा को हानि पहुचाएंगे।

कुंभ -आज आपका मन बहुत राहत महसूस करेगा। शारीरिक स्वस्थता आपके उत्साह में वृद्धि होगी। पड़ोसियों और भाई बहनों के साथ अधिक मेल-मिलाप रहेगा। घर में मित्रों और स्नेहियों का आगमन आनंददायी बनेगा।

मीन -आज का दिन आर्थिक योजना बनाने के लिए बहुत अच्छा है। आप जो काम पूरा करने का निश्चय करेंगे, उसे पूरा कर सकेंगे। व्यापार में वृद्धि होगी। आपकी आय भी बढ़ेगी। सुंदर स्थान पर प्रवास पर जाने की संभावना है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# नहीं रहे क्रांतिकारी गीतकार एवं पूर्व नक्सली नेता गद्दार

**हैदराबाद**, 6 अगस्त (एजेंसियां)। क्रांतिकारी गीतकार एवं पूर्व नक्सली समर्थक गुम्मदी विट्ठल राव (जिन्हें 'गद्दार' के नाम से जाना जाता है) का रविवार को यहां एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 75 साल के थे। श्री राव ने देश की स्वतंत्रता पूर्व की गदर पार्टी को श्रद्धांजलि देने के लिए गद्दार नाम अपनाया। श्री गद्दार 1969-70 के दशक में तेलंगाना आंदोलन के दौरान उस्मानिया यूनिवर्सिटी के इंजीनियरिंग कॉलेज में एक क्रांतिकारी गायक एवं नक्सलवाद के प्रति सहानुभूति रखने वाले व्यक्ति माने जाते थे। वह 1980 के दशक में भूमिगत हो गए और जन यात्रा नाट्य मंडली की स्थापना की। सरल गीतों के साथ भावपूर्ण, मधुर लोक गीतों के लिए जाने जाने वाले गद्दार ने लोगों, विशेषकर युवाओं को माओवादी विचारधारा की ओर आकर्षित किया। यह समूह बाद में भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) (सीपीआई-एमएल) पीपुल्स वॉर की सांस्कृतिक शाखा से जुड़ गए , जिसका 2004 में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) बनाने के लिए माओवादी कम्युनिस्ट सेंटर (एमसीसी) में विलय हो गया।श्र ी गद्दार को 1997 में मारने का प्रयास किया गया था। उस समय अज्ञात लोगों ने उन्हें हैदराबाद के बाहरी इलाके में उनके आवास पर गोली मार दी थी। इस हमले में वह बाल-बाल गये। साल 2004 में तत्कालीन आंध्र प्रदेश सरकार और पीपुल्स वॉर के बीच पहली सीधी बातचीत में क्रांतिकारी लेखकों और कवियों वरवरा राव और कल्याण राव के साथ श्री गद्दार भी माओवादियों के प्रतिनिधि के तौर पर शामिल हुए थे। माओवादी पार्टी के साथ अपने कार्यकाल के दौरान श्री गद्दार ने चुनावी राजनीति के खिलाफ जोरदार अभियान चलाया और चुनावों के बहिष्कार का आह्वान किया।

# बाइडेन की अक्षमता के कारण ताइवान के आसपास की स्थिति खराब हुई : ट्रंप

**वाशिंगटन,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ताइवान के आसपास की स्थिति इसलिए खराब हुई है क्योंकि चीन को लगता है कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन अक्षम हैं। श्री ट्रंप ने शनिवार को दक्षिण कैरोलिना की एक रैली में कहा, 'चीन अंदर नहीं जाएगा, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ताइवान नहीं जाएंगे और वह वहां जाने के बहुत करीब हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि हमारे राष्ट्रपति बाइडेन अक्षम हैं।' पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ने दावा किया, चीनी नेता के मन में अब अमेरिका के लिए कोई सम्मान नहीं है जबकि मेरे कार्यकाल के दौरान वह हमारे देश का बहुत सम्मान करते थे।' अगस्त 2022 में ताइवान को लेकर तनाव बहुत बढ़ गया था जब तत्कालीन अमेरिकी



प्रतिनिधि सभा की स्पीकर नैंसी पेलोसी ने बीजिंग की चेतावनी के बावजूद ताइपे की यात्रा की थी। चीन ने पेलोसी की यात्रा की निंदा की थी, जिसे उसने अलगाववाद के समर्थन के रूप में देखा था और द्वीप के आसपास के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर सैन्य अभ्यास शुरू किया था। ताइवान 1949 से चीन द्वारा स्वतंत्र रूप से शासित हो रहा है। चीन, ताइवान को अपने प्रांत के रूप में देखता है जबकि ताइवान की अपनी निर्वाचित सरकार है और वह अपने को एक स्वायत्त देश मानता है लेकिन अपने स्वतंत्रता की घोषणा अबतक नहीं की है। बीजिंग ताइवान के साथ विदेशी देशों के किसी भी आधिकारिक संपर्क का विरोध करता है और द्वीप पर चीनी संप्रभुता को निर्विवाद मानता है।

## वर्ग पहेली 6279



**बायें से दायें:-**

१. अपहरण, भगा ले जाना
४. दोपहर
६. लहू पीने वाला
७. वस्त्र
८. दूसरा समय
१०. उपस्थित (उर्दू)
११. हरा-भरा, वाटिका, उद्यान (उर्दू)
१३. विघ्न डालने वाला
१४. बधिर
१५. अधिक अच्छा (उर्दू)
१७. बह सकने के गुण वाले पदार्थ
१९. धन, संपत्ति (उर्दू)
२०. जिसकी ईश्वर पर आस्था न हो
२२. रसीला
२४. ओस (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. जो बार-बार न हो, जो एक ही बार दिया जाए (अनुदान आदि)
२. आंसू
३. सामूहिक हत्या, कत्लेआम
४. बुराई, अहित
५. चैन, आराम (उर्दू)
९. किसी व्यक्ति, वस्तु, इमारत के देखरेख के लिए तैनात व्यक्तियों का दल
११. दोष, अपराध (उर्दू)
१२. प्रकट (उर्दू)
१३. वरयात्रा
१४. प्रचुर, अधिक
१५. निर्दोष, निरपराध (उर्दू)
१६. तूणिर, बाण रखने का चोगा
१८. दया, कृपा (उर्दू)
१९. चक्कर, दौरा, भाग्य, हेरफेर (उर्दू)
२०. गीला, भीगा हुआ (उर्दू)
२३. अगर

## वर्ग पहेली-6278



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# तिब्बत में जातीय हस्तशिल्प उद्योग का निरंतर विकास

**बीजिंग,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। हाल ही में आयोजित तीसरे तिब्बत स्वायत्त प्रदेश कला और शिल्प मास्टर नामकरण और प्रशस्ति सम्मेलन से पता चला कि हाल के वर्षों में, तिब्बत में जातीय हस्तशिल्प उद्योग का मजबूत विकास हुआ और उल्लेखनीय परिणाम



प्राप्त हुए। आंकड़ों के मुताबिक, अब तक पूरे तिब्बत स्वायत्त प्रदेश में जातीय हस्तशिल्प उद्योग में 2,500 से अधिक व्यावसायिक संस्थाएँ पंजीकृत और संचालित है, जिनमें निर्दिष्ट आकार से ऊपर के छह उद्यम और 34 हज़ार से अधिक व्यवसायी शामिल हैं। वर्तमान में, तिब्बत में जातीय हस्तशिल्प उत्पादों की दो हज़ार से अधिक किस्में हैं। ल्हासा शहर में उच्च स्तरीय थांगखा चित्र और धातु की ढलाई, शिकाजे शहर में जातीय वेशभूषा और पारंपरिक तिब्बती धूप, शान्नान शहर में कांसे के बर्तन बनाना और तिब्बती लकड़ी पर नक्काशी, चेंगदू शहर में सोने और चाँदी के आभूषण और सजावटी पेंटिंग, न्यिंग-ची शहर में तिब्बती चाकू इत्यादि। वर्तमान में तिब्बत स्वायत्त प्रदेश में ल्हासा शहर, चेंगदू आर्थिक विकास क्षेत्र, पाईलांग काउंटी, नीमू काउंटी, और ज़ानांग काउंटी में पांच जातीय हस्तशिल्प औद्योगिक पार्क उपलब्ध हैं। बताया गया है कि तिब्बत ने कला और शिल्प की प्रतिभाओं के लिए मूल्यांकन मानकों में लगातार सुधार किया है, और नवाचार व उद्यमशीलता के लिए प्रतिभाओं की जीवन शक्ति को प्रोत्साहित करता है। आंकड़ों के अनुसार, अब तक, तिब्बत में पांच राष्ट्र स्तरीय कला तथा शिल्प विशेषज्ञ, 65 स्वायत्त प्रदेश स्तरीय कला तथा शिल्प विशेषज्ञ और 126 प्रीफेक्चर (शहर) स्तरीय कला और शिल्प विशेषज्ञ हैं।

# बंगलादेश में पिकनिक नाव पलटने से आठ की मौत



ढाका, 6 अगस्त (एजेंसियां)। बंगलादेश की राजधानी ढाका से लगभग 30 किलोमीटर दूर मुंशीगंज जिले में शनिवार रात पद्मा नदी की सहायक नदी में एक पिकनिक नाव के पलट जाने से कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई। अग्निशमन सेवा और नागरिक सुरक्षा मुख्यालय के एक ड्यूटी अधिकारी रफी अल फारुक ने बताया कि स्थानीय लोगों की मदद से अब तक तीन महिलाओं, तीन बच्चों और दो पुरुषों के शव निकाले गए हैं। अधिकारी के मुताबिक, करीब 46 लोगों को ले जा रही नाव स्थानीय समयानुसार शनिवार को रात करीब आठ बजे रेत से भरे एक जहाज से टक्कर के बाद पलट नदी में गई जब पीड़ित जहाज पर दिन भर की पिकनिक मनाने के बाद घर लौट रहे थे। अधिकारी ने कहा कि घटना के बाद अधिकांश यात्री तैरकर किनारे आने में सक्षम थे क्योंकि नाव नदी के किनारे डूब गई थी और इस दुखद घटना से कम से कम चार लोगों को जीवित बचाया गया है।

## आज का इतिहास

1606- शेक्सपियर के नाटट मैक्बेथ का पहली बार मंचन किंग जेम्स प्रथम के लिए किया गया।

1753- ब्रिटेन म्यूजियम की स्थापना की गई।

1905- भारतीय राष्टीय कांग्रेस ने ब्रिटेन वस्तुओं के बहिष्कार का आह्वान किया।

1941- नोबेल पुरस्कार विजेता गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर का निधन।

1944- पहले कैलकुलेटर के नाम पर 51 फीट लंबी, 8 फीट उंची और पांच टन बजन की एक विशाल मशीन का निर्माण।

1947- मुंबई नगर निगम को बिजली और परिवहन व्यवस्था औपचारिक रूप से हस्तांतरित हुई।

1960- अफ्रिका महाद्वीप के देश आइवरी कोस्ट को फ्रांस के अधिकार से आजादी मिली।

1972- युगांडा के नेता इदी अमीन ने एशियाई मूल के लोगों को 90 दिन के भीतर देश छोड़कर चले जाने का आदेश दिया।

1985- गीत सेठी ने विश्व अमेच्योर विलियर्ड्स चैंपियनशिप जीती। यह उपलब्धि हासिल करने वाले वह तीसरे भारतीय बनें।

1990- अमेरिका ने सऊदी अरब में सेना तैनात कर ऑपरेशन डेजर्ट शील्ड शुरू किया।

1998- केन्या एवं तंजानिया की राजधानियों में स्थित अमेरिकी दूतावासों पर आतंकवादी हमले में 200 से अधिक लोग मारे गए।

2003- बगदाद में जार्डन दूतावास के बाहर हुए कार बम विस्फोट में 12 लोगों की मौत।

**श्रद्धांजलि** — *कुलगाम में ऑपरेशन हलान में आतंकवादियों के साथ गोलीबारी के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया था*

# 'ऑपरेशन हालान': सेना ने अपने वीर जांबाजों को दी श्रद्धांजलि

**श्रीनगर, 6 अगस्त (एजेंसियां)। सेना ने रविवार को दिवंगत हवलदार बाबूलाल हरितवाल, दिवंगत सिग्नलमैन वाला महिपालसिंह प्रवीणसिंह, राइफलमैन वसीम सरवर को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने 5 अगस्त को कुलगाम में ऑपरेशन हलान में आतंकवादियों के साथ गोलीबारी के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया था। बीबी कैंट स्थित चिनार युद्ध स्मारक के पास हुए एक भव्य समारोह में चिनार कोर कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई और सभी रैंकों ने गौरवान्वित राष्ट्र की ओर से वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी।**

दिवंगत हवलदार बाबूलाल हरितवाल उनतीस साल के थे और 2002 में सेना में शामिल हुए थे। वह राजस्थान के गांव हनुतपुरा, पोस्ट खुरालादखानी, तहसील, शाहपुरा, जिला जयपुर के रहने वाले थे। इस बहादुर जवान के परिवार में उनकी पत्नी और दो बच्चे हैं।

दिवंगत सिग्नलमैन वाला महिपालसिंह प्रवीणसिंह सत्ताइस साल के थे और 2016 में सेना में शामिल हुए थे। वह गुजरात में ग्राम विराटनगर, पोस्ट ओधव, तहसील अहमदाबाद, जिला अहमदाबाद के रहने वाले थे।

दिवंगत राइफलमैन वसीम सरवर उनतीस साल के थे और 2014 में सेना में शामिल हुए थे। वह जम्मू-कश्मीर के ग्राम दाचीगाम बांदीपोरा, पोस्ट बांदीपोरा, तहसील बांदीपोरा,




जिला बांदीपोरा के रहने वाले थे।

दिवंगत हवलदार बाबूलाल हरितवाल, दिवंगत सिग्नलमैन वाला महिपालसिंह प्रवीणसिंह, राइफलमैन वसीम सरवर के शवों को अंतिम संस्कार के लिए उनके मूल स्थानों पर ले जाया गया है, जहां पूरे सैन्य सम्मान के साथ उनकी अंत्येष्टि की जाएगी। सेना ने कहा, 'दुख की इस घड़ी में सेना शोक संतप्त परिवारों के साथ एकजुटता से खड़ी है और उनकी गरिमा और भलाई के लिए प्रतिबद्ध है।'

## दुनिया को जानें

# बंगलादेश में डेंगू से मरने वालों की संख्या 300 के पार, कुल मामले 64 हजार

**ढाका,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। बंगलादेश में पिछले 24 घंटों में डेंगू से 10 और लोगों की मौत हो जाने के बाद मृतकों की संख्या 300 के पार कर गयी जबकि इस बीमारी के 2,495 मामले सामने आए हैं। देश के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत देश के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) की ओर से बताए गए आंकड़ों के अनुसार इस साल अब तक देश में कुल पुष्टि किए गए संक्रमणों की संख्या 63,968 हो गई है जबकि जनवरी से मृतकों की संख्या 303 पहुंच गयी है। डीजीएचएस ने कहा कि दक्षिण एशियाई देश में पिछले महीने डेंगू के मामलों में सबसे ज्यादा वृद्धि देखी गई जिसमें 43,854 नए संक्रमण और 204 मौतें हुईं। जून-सितंबर की मानसून अवधि बंगलादेश में डेंगू बुखार का मौसम है, जिसे मच्छर जनित बीमारियों के लिए उच्च जोखिम वाला देश माना जाता है।



# प्रादेशिकी

## इस महीने डिपो से मिलेगी जुलाई के कोटे की बकाया चीनी

**शिमला,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश राज्य खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम के एक प्रवक्ता ने रविवार को यहां बताया कि निगम प्रदेश के राशनकार्ड धारकों को चीनी का निर्धारित कोटा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि निगम द्वारा जुलाई, 2023 माह के लिए 36,206 क्विंटल चीनी का आपूर्ति आदेश जारी किया गया था। इसमें से 25,202 क्विंटल चीनी अत्याधिक वर्षा के कारण शाहबाद चीनी मिल में सभी गोदामों में पानी भरने के कारण प्राप्त नहीं हो सकी। उन्होंने बताया कि इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए इस चीनी की मात्रा को अगस्त, 2023 माह के लिए जारी किए गए आपूर्ति आदेश में सम्मिलित किया गया है। उन्होंने कहा कि अगस्त, 2023 माह के लिए 60,121 क्विंटल चीनी का आपूर्ति आदेश जारी किया गया है और एक-दो

## हिमाचल में हाटी की लड़ाई आसान नहीं थी: जयराम

**शिमला,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि हाटी समुदाय की लड़ाई आसान नहीं थी। इसके लिए काफ़ी तैयारी करनी पड़ी, सारी तकनीकी बाधाओं को हल करने के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिला और उन्होंने सीधे और सरल शब्दों में हां कह दिया। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री जो कहते हैं वह करते हैं। आज वह दिन आ गया है।

इससे पहले हाटी समुदाय को जनजातीय दर्जा मिलने के बाद हाटी समुदाय द्वारा इस संघर्ष के अविस्मरणीय सहयोग देने के लिए श्री जयराम ठाकुर का आभार समारोह शिमला के पीटरहॉफ में आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि यह आवश्यक था, इसका लाभ हमारे हाटी भांजे-भांजियों को मिलेगा। इस उपलब्धि के लिए मैं अपने सभी हाटी भांजे-भांजियों को बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। ठाकुर ने कहा कि इस बिल को क़ानून बनाने में सहयोग देने वाले सभी संसद सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, शिमला के सांसद सुरेश कश्यप का भी मैं विशेष आभार व्यक्त करता हूँ।



**एक जैसी समाजार्थिक-भौगोलिक स्थितियों के बाद जौनसार बाबर को जनजातीय दर्जा 55 साल पहले मिल गया था लेकिन हाटी समुदाय रह गया था। तब से यह मांग एक जनआंदोलन के रूप में आगे बढ़ रही थी। अब यह पूरी हुई। कांग्रेस ने हाटी जनजातीय दर्जा देने पर कई सवाल उठा रहे थे और कह रहे थे कि यह आसान नहीं होगा : जयराम ठाकुर**

उन्होंने कहा कि एक जैसी समाजार्थिक-भौगोलिक स्थितियों के बाद जौनसार बाबर को जनजातीय दर्जा 55 साल पहले मिल गया था लेकिन हाटी समुदाय रह गया था। तब से यह मांग एक जनआंदोलन के रूप में आगे बढ़ रही थी। अब यह पूरी हुई।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कांग्रेस ने हाटी जनजातीय दर्जा देने पर कई सवाल उठा रहे थे और कह रहे थे कि यह आसान नहीं होगा लेकिन जब यह क़ानून राज्य सभा में आया तो कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लीकार्जुन खड़गे ने भी इसका विरोध नहीं कर पाए। उन्होंने कहा कि हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का आभार प्रकट करने वक़्त लेकर दिल्ली जाएंगे। नेता प्रतिपक्ष ने हाटी समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि जल्दी ही आपका मामा सिरमौर भी आएगा।

उन्होंने कहा कि इस लड़ाई को आगे ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले हाटी के बेटे कहे जाने वाले बलदेव तोमर इस बार बहुत थोड़े अंतराल से विधान सभा पहुंचने से चूंक गये। यदि सिरमौर ने पूरा-पूरा साथ दिया होता तो आज प्रदेश की राजनैतिक स्थितियां भी कुछ और होती। उन्होंने कहा कि यह भावनात्मक मसला था, इसे राजनैतिक लाभ हानि के हिसाब से हम नहीं देखते हैं। हमने अपना वादा निभा दिया है और अब हमारे भांजे-भांजियों की बारी है। उन्होंने कहा यह पीढ़ियों की लड़ाई थी और यह क़ानून भी पीढ़ियों के लिए है। जैसे लोग सामाजिक सौहार्द के साथ रह रहे थे, उसी तरह से आगे भी रहें। हम प्रदेश के हर वर्ग के हितों की आवाज़ उठाते रहेंगे।

इस मौक़े पर उनके साथ हाटी संघर्ष समिति के लोगों के साथ शिमला के सांसद सुरेश कश्यप, बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल, पावंटा साहिब के विधायक सुखराम चौधरी, पच्छाद विधायक रीना कश्यप आदि उपस्थित थे।

## 'नूंह हिंसा के पीछे पाकिस्तानी कनेक्शन'

**अलवर** 6 अगस्त (एजेंसिां)। हरियाणा के नूंह में ब्रज मंडल यात्रा के दौरान हुई हिंसा के बाद लगातार हो रही आगजनी और तनाव पूर्ण माहौल के चलते इस हिंसा को भड़काने में सोशल मीडिया का भी महत्वपूर्ण हाथ रहा ,जिसका पाकिस्तान कनेक्शन सामने आने की बात कही है।

पाकिस्तान के एक युवक ने इस मामले में सोशल मीडिया के जरिए वीडियो अपलोड कर लोगों को उकसाया। सबसे गंभीर बात तो यह सामने आई कि इस यूट्यूब पर द्वारा अपना पता राजस्थान का अलवर बताया गया लेकिन जांच में पता चला कि वह पाकिस्तान से ही अपने सोशल मीडिया को हैंडल कर रहा था। सबसे गंभीर बात तो यह रही की सोशल मीडिया पर बदमाशों को फॉलो करने वाले युवाओं को अलवर पुलिस की नसीहत के मैसेज तो लगातार दिए जा रहे हैं लेकिन इस भड़काऊ पोस्ट को ना तो हरियाणा पुलिस पकड़ पाई ना ही अलवर की पुलिस पकड़ पाई। जिला पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा ने बताया कि पुलिस ने अब उसके सोशल मीडिया अकाउंट को बंद करने के लिए फेसबुक पर लिखा है।

युवक के सोशल मीडिया अकाउंट पर अलवर राजस्थान लिखा हुआ है। जबकि जांच में ये सामने आया है कि वीडियो वायरल करने वाला युवक पाकिस्तान का है और पाकिस्तान में बैठकर वीडियो वायरल कर रहा है। ऐसे में अलवर पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की। पुलिस ने साइबर टीम की मदद से उसकी लोकेशन ट्रेस की गई। तो इस संबंध में फेसबुक एवं अन्य सोशल मीडिया प्रशासन को युवक का अकाउंट बंद करने के लिए लिखा गया है। पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा ने बताया कि मामले की जानकारी मिलते ही वीडियो की जांच करवाई गई। यह अकाउंट पाकिस्तान से बना हुआ है और पाकिस्तान से ही इस अकाउंट को हैंडल किया जा रहा है। जिस युवक ने वीडियो वायरल किया है। उसकी लोकेशन भी इस समय पाकिस्तान में है। उन्होंने बताया कि युवक मेवाती में गाने गाता है और उसका अलवर से कोई संबंध नहीं है। हो सकता है कि उसके पूर्वजों का अलवर से कोई संबंध रहा हो। लेकिन अभी उसका अलवर से कोई रिश्ता नहीं है। इस वीडियो के संबंध में फेसबुक को अकाउंट बंद करने के लिए पत्र लिखा गया है। अगर इस संबंध में कोई कार्यवाही नहीं होती है। तो पुलिस मुख्यालय से संपर्क करके आगे की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही अलवर पुलिस अधीक्षक ने लोगों से वीडियो वायरल नहीं करने और भड़काऊ वीडियो पर ध्यान नहीं देने की अपील की है। हालांकि हरियाणा के नूंह इलाके में हुई हिंसा के बाद राजस्थान पुलिस की तरफ से पूरी सावधानी बरती जा रही है। सोशल मीडिया पर असामाजिक तत्व भड़काऊ भाषण एवं वीडियो पोस्ट कर रहे हैं। इसी बीच एक यूट्यूबर द्वारा जिसका नाम अहसान मेवाती पाकिस्तान के नाम से सोशल मीडिया पर अकाउंट है। इस सोशीयल मीडिया यूजर ने अपने अकाउंट पर अपनी लोकेशन राजस्थान अलवर डाल रखी है।



**पुलिस ने अब उसके सोशल मीडिया अकाउंट को बंद करने के लिए फेसबुक पर लिखा है। युवक के सोशल मीडिया अकाउंट पर अलवर राजस्थान लिखा हुआ है। जबकि जांच में ये सामने आया है कि वीडियो वायरल करने वाला युवक पाकिस्तान का है और पाकिस्तान में बैठकर वीडियो वायरल कर रहा है। ऐसे में अलवर पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की : आनंद शर्मा, एसपी अलवर**

जिससे हालांकि हकीकत में वो पाकिस्तान के इस्लामाबाद और लाहौर क्षेत्र के वीडियो बनाता है और पाकिस्तान क्षेत्र का रहने वाला है।

इस पर लगातार भड़काऊ पोस्ट और वीडियो अपलोड किए गए। इस वीडियो को करीब दो लाख लोगों ने देखा। इसके यूट्यूब चौनल पर 273 वीडियो पोस्ट है और करीब 8 हजार फ़ॉलोअर्स है। 24 घंटे में ही भड़काऊ वीडियो को करीब 1लाख से अधिक लोगों ने देखा है।

## सार संक्षेप

### जब 26 घंटे में सदस्यता रद्द तो 26 घंटे बाद बहाली क्यों नहीं : शैलजा

**सिरसा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी शैलजा ने कहा कि सूरत की जिला अदालत द्वारा जब पार्टी के नेता राहुल गांधी को दोषी करार दिया गया तो उसके 26 घंटे बाद उनकी संसद सदस्यता को रद्द करने का नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया। अब उच्चतम न्यायालय द्वारा राहुल गांधी दोषसिद्धि पर रोक लगी दी गई है तो इस निर्णय के बाद उनकी संसद सदस्यता को बहाल क्यों नहीं किया गया है। क्या मोदी सरकार इस बात से डरी हुई है कि श्री राहुल गांधी मणिपुर में हो रहे नरसंहार एवं वहां के बेसहारों की आवाज़ उठाते हुए 'इंडिया' की आवाज़ को मुखर करेंगे। कुमारी शैलजा ने रविवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि श्री राहुल गांधी की जीत सत्य की जीत का प्रतीक है। कांग्रेस चाहती है कि श्री राहुल गांधी की संसद सदस्यता जल्द से जल्द बहाल हो और वह मोदी सरकार के खिलाफ लाए जा रहे अविश्वास प्रस्ताव की चर्चा में शामिल हों। उन्होंने कहा कि श्री राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द करने में जितनी जल्दी दिखाई थी सदस्यता बहाल करने में भी उतनी जल्दी दिखाई जानी चाहिए थी। उन्होंने कहा है कि गुजरात के सूरत की जिला अदालत द्वारा श्री राहुल गांधी को दो साल की सजा दिए जाने के बाद लोकसभा सचिवालय ने 24 मार्च को एक नोटिफिकेशन जारी कर 23 मार्च से उनकी लोकसभा की सदस्यता को रद्द कर दिया गया था। श्री राहुल गांधी 2019 के लोकसभा चुनाव में केरल के वायनाड से सांसद चुने गए थे। शीर्ष अदालत की ओर से श्री राहुल गांधी की सजा पर रोक लगाए जाने के बाद उनकी लोक सभा सदस्यता को भी तुरंत बहाल किया जाना चाहिए।

### कीरतपुर-मनाली फोरलेन पर वाहनों की आवाजाही शुरू

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में कीरतपुर-नागचला फोरलेन पर रविवार को आवाजाही शुरू हो गई है। प्रदेश के खूबसूरत और घुमावदार फोरलेन पर सफर का आनंद लेने के साथ ही गरामोड़ा और बलोह स्थित टोल प्लाजा पर भी कार्य शुरू हो गया। रविवार से बलोह टोल प्लाजा से साढ़े 12 बजे तक 600 के करीब छोटे बड़े वाहन निकल चुके थे। राहत की बात यह है कि लोगों को बलोह स्थित टोल प्लाजा में गरामोड़ा टोल प्लाजा से निकलने के लिए टोल टैक्स की दरें काफी कम हैं। गरामोड़ा में जहां छोटे वाहनों के लिए एक तरफ का टोल 150 और वापसी का 230 रुपए निर्धारित किया गया है। वहीं बलोह में यह 65 और 95 रुपए है। रविवार को फोरलेन की टनल खुलने के बाद यहां पहुंचे लोगों ने सुहाने सफर को लेकर खुशी जताई, लेकिन फोरलेन पर मात्र 60 की स्पीड रखने के निर्देश उन्हें रास नहीं आ रहे हैं।

### सुडोकू 6279 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 3 |
| 4 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 5 | 8 | 6 |
| 3 | 2 | 8 | 1 | 6 | 5 | 9 | 4 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 5 | 8 | 7 | 3 | 6 | 9 |
| 9 | 3 | 7 | 6 | 4 | 2 | 1 | 5 | 8 |
| 8 | 5 | 6 | 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 |
| 7 | 8 | 5 | 3 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 3 | 8 | 5 | 9 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 9 | 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |

## हिमाचल में सेब बागवानों का चार दिन में 60 करोड़ का नुकसान



**शिमला,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के कालका-शिमला नेशनल हाईवे-5 सोलन के चक्कीमोड़ में बंद होने से राज्य के सेब बागवानों को चार दिन में ही करीब 60 करोड़ का नुकसान हो चुका है। अगर एक सप्ताह तक हाईवे बहाल नहीं हुआ तो नुकसान 100 करोड़ तक पहुंच जाएगा। अभी सेब से लदे वाहनों को वैकल्पिक लंबे मार्गों से भेजा जा रहा है, जिससे सेब समय पर मंडियों में नहीं पहुंच रहा और गुणवत्ता भी प्रभावित हो रही है।

हिमाचल प्रदेश आढ़ती एसोसियेशन एवं अध्यक्ष हरीश ठाकुर ने कहा कि मंडियों में सेब कम पहुंच रहा है। गुणवत्ता खराब हो रही है। खरीदारों को बाहरी राज्यों तक सेब पहुंचाना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने कहा कि वाहन वाया नाहन के कालाअंब से परवाणू भेजे जा रहे हैं, जिस कारण शिमला से परवाणू का ट्रक भाड़ा 28,000 भरना पड़ रहा है। पहले यह भाड़ा 18,000 रुपये लगता था। दूरी बढ़ने से ट्रकों का भाड़ा बढ़ गया है, जिसका सीधा नुकसान बागवानों को उठाना पड़ रहा है।

परवाणू फल मंडी आढ़ती एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव भरांटा ने बताया कि एनएच बंद होने से पिछले चार दिन में सेब कारोबार करीब 80 फीसदी तक प्रभावित हुआ है।

संयुक्त किसान मंच के संयोजक हरीश चौहान ने बताया कि एनएच बंद होने से किसानों-बागवानों की परेशानी बढ़ गई है। इन्हें बहाल रखना केंद्र सरकार की भी जिम्मेवारी है। कालका शिमला और चंडीगढ़ मनाली दोनों हाईवे बदहाल हैं। आपदा से सेब को बचाने के लिए चाहे सेना की मदद क्यों न लेनी पड़े, तुरंत राष्ट्रीय राजमार्ग बहाल होने चाहिए।

## आर्थिक सुरक्षा व महिला सशक्तीकरण के नए द्वार खोलेगी सशक्त महिला ऋण योजना

**शिमला,** 6 अगस्त (देशबन्धु)। सशक्त समाज के निर्माण में महिलाओं की उल्लेखनीय भूमिका रहती है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने महिलान्मुखी अनेक योजनाएं आरम्भ की हैं। सशक्त महिला ऋण योजना इन्हीं में से एक है। यह योजना महिलाओं की उद्यमशीलता को निखारने, आजीविकोपार्जन गतिविधियों में उनकी सहभागिता बढ़ाने और उनके परिवार तथा समाज के उत्थान के उद्देश्य से आरम्भ की गई है।

प्रदेश सरकार लैगिंक समानता की दिशा में प्रभावी कदम उठाते हुए महिला आधारित योजनाओं के लिए अधिक से अधिक संसाधन आवंटित कर रही है। सशक्त महिला ऋण योजना के अंतर्गत महिलाओं को कोलेटरल-मुक्त (सम्पार्श्विक) ऋण सुविधा प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इससे उन्हें अपने जीविकोपार्जन, लघु उद्यमों के माध्यम से स्वरोजगार अपनाने, कृषि और व्यावसायिक गतिविधियों के लिए मशीनरी एवं उपकरण इत्यादि की खरीद के लिए वित्तीय मदद सुनिश्चित हो सकेगी। ऋण जमानत के लिए बहुमूल्य संसाधन न होने के कारण अधिकांश महिलाएं स्वरोजगार की ओर उन्मुख नहीं हो पाती हैं और ऐसे में उपभोग्य सुरक्षा (कोलेटरल-मुक्त) उन्हें उद्यम स्थापित करने के लिए आगे आने को प्रोत्साहित करेगी। यह योजना आर्थिक असुरक्षा की उनकी चिंताओं को समाप्त करते हुए महिला सशक्तिकरण के नए द्वार खोलेगी।

योजना के अंतर्गत पात्र महिलाओं को 21 हजार रुपये, 51 हजार रुपये और एक लाख एक हजार रुपये की ऋण सुविधा प्रदान की जाएगी। 18 से 55 वर्ष आयुवर्ग की ऐसी महिलाएं जिनके परिवार से दो बैंक खाते हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक में संचालित हों, इसके लिए पात्र हैं। प्रथम ऋण के रूप में उन्हें 21 हजार रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इसकी ऋण अवधि 5 साल है और भुगतान की समान मासिक किस्त (ईएमआई) 431 रुपये निर्धारित की गई है। निर्धारित 12 से 15 माह की अवधि में बिना किसी चूक के प्रथम ऋण का भुगतान करने पर लाभार्थी 51 हजार रुपये के दूसरे ऋण के लिए पात्र होंगी जिसके नियम एवं शर्तें पहले के समान ही होंगी। इसकी ईएमआई 1047 रुपये प्रतिमाह होगी। इसमें भी 12 से 15 माह की अवधि में ऋण चुकता करने पर लाभार्थी एक लाख एक हजार रुपये ऋण के लिए पात्र होंगी। इसकी ईएमआई 2073 रुपये निर्धारित की गई है। इस ऋण सुविधा पर 8.51 प्रतिशत की ब्याज दर निर्धारित की गई है। ब्याज की न्यूनतम दर होने से ऋण भुगतान में सुविधा और महिलाओं को वित्तीय प्रबंधन में आसानी होगी तथा वे अधिक गति से अपनी स्वतंत्र इकाईयां स्थापित कर सकेंगी।

## कूनो में मौतों का सिलसिला जारी रहने के बाद कोटा में चीते बसाने की मांग ने पकड़ा जोर

**कोटा** 6 अगस्त (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले में स्थित कूनो नेशनल पार्क में चीतों की लगातार मौत पर उच्चतम न्यायालय के चिंता जताने और प्रसंज्ञान लेने एवं कोटा जिले के मुकुंदरा हिल्स टाईगर रिजर्व में बसाने की सलाह के बावजूद राजनीतिक कारणों से इस तरह पर अमल होने की संभावना कम है।



बीते जुलाई माह में पहले उच्चतम न्यायालय और अब दक्षिणी अफ्रीका के चीता विशेषज्ञों के कूनो नेशनल पार्क में चीतों की मौत पर चिंता जताते हुए इन चीतों को मुकुंदरा हिल्स नेशनल पार्क में स्थानांतरित करने की सलाह दी जा रही है लेकिन अब तक इस पर केंद्र सरकार और मध्य प्रदेश प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने कोई प्रतिक्रिया व्यक्त की है। वैसे भी श्योपुर जिले के कूनो अभयारण्य में चीते बसाने का फैसला राजस्थान के दमदार दावे के बावजूद राजनीतिक कारणों से किया गया था इसलिए अब इसमें कोई तब्दीली आ जाएगी, ऐसे कोई आसार नहीं है।

राजस्थान के किसी भी अभयारण्य में चीतों को बसाने के मसले पर राज्य सरकार एवं वन्यजीव विभाग ने कोई सकारात्मक पहल करने में रुचि नहीं दिखाई है।

राज्य वाइल्ड लाइफ बोर्ड से इसी नकारात्मक रवैया के कारण इस्तीफा दे चुके सांगोद विधानसभा क्षेत्र से वरिष्ठ विधायक भरत सिंह कुंदनपुर ने एक बार फिर केंद्र सरकार के सम्मुख यह मामला रखा है और कहा है कि जब चीता विशेषज्ञ ही कूनो अभयारण्य क्षेत्र में चीतों की मौत को लेकर चिंतित है और उन्हें मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व में बसाने की सलाह दे रहे हैं। इसके पहले उच्चतम न्यायालय भी ऐसी सलाह दे चुकी है,तब भी केंद्र और राज्यों की सरकारें अपनी राजनीतिक निष्ठाओं को छोड़कर, उससे उपर उठकर दशकों बाद भारत में एक बार फिर से आबाद होने के सुनहरे अवसर को हाथ से नहीं जाने देने के लिए सतत प्रयास क्यों नहीं कर रही है?

श्री सिंह ने राज्य सरकार और सभी सांसदों से इस मामले में केंद्र सरकार पर दबाव बनाने की बात कहते हुए अनुरोध किया कि राजनेताओं को इस पूरे प्रकरण को राजनीतिक चश्मे से देखने के बजाये वन और वन्यजीवों के संरक्षण की दिशा में सार्थक कदम उठाने चाहिए।

## धौलपुर लिफ्ट परियोजना के लिए 177.04 करोड़ रुपए स्वीकृत

**जयपुर,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने धौलपुर लिफ्ट परियोजना के लिए 177.04 करोड़ रुपए के वित्तीय एवं सवाईमाधोपुर जिले में गंगापुरसिटी में अधिशाषी अभियंता एवं सिद्धमुख में सहायक अभियंता कार्यालय खोलने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। श्री गहलोत के इस निर्णय से धौलपुर कम्यूनिटी लिफ्ट इरिगेशन स्कीम के अंतर्गत धौलपुर, राजाखेड़ा एवं सेपऊ के 28,800 हेक्टेयर नहरी क्षेत्र को सूक्ष्म सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हो सकेगा। इससे लगभग 15 हजार किसान लाभान्वित होंगे। इस परियोजना से धौलपुर जिले में जलस्तर में वृद्धि होगी। किसानों को सिंचाई के लिए लम्बे समय तक पर्याप्त जल मिलेगा। इससे वर्षभर खेती कर सकेंगे और उनकी आय भी बढ़ेगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2023-24 के बजट में इस संबंध में घोषणा की गई थी।



बांसवाड़ा जिले के कुशलगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत दरोबड़िया के कुकड़ीपाड़ा टैंक में सोलर आधारित सिंचाई परियोजना पर कार्य होगा। इसके लिए मुख्यमंत्री ने 6.80 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। गंगापुरसिटी में अधिशाषी अभियंता कार्यालय एवं चूरू जिले के सिद्धमुख में सहायक अभियंता कार्यालय खुलेगा। इससे प्रदेश में जल संसाधन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जल परियोजनाओं का सुचारू एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सकेगा। श्री गहलोत ने इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। श्री गहलोत की इस स्वीकृति से विभाग संबंधित बजट घोषणाओं एवं परियोजनाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध रूप से हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2023-24 के बजट में इस संबंध में घोषणा की गई थी।

## हिमाचल में 43 साल बाद जुलाई में सर्वाधिक बारिश

**शिमला,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश और भूस्खलन तो कहीं जानमाल की हानि होने का दौर जारी है। चंबा जिला के भटियात में उफनते नाले में आठ साल का एक बच्चा बह गया। करीब आधा किलोमीटर दूरी पर नाले में उसका शव मिला। वह मां के साथ गोशाला तक गया था। वापस आते हुए उसका पैर फिसला और नाले में जा गिरा। उधर, मंडी के रिवालसर में एक गाड़ी मलबे में दब गई। इसमें सवार चार लोग मलबे की चपेट में आने से बाल-बाल बचे। प्रदेश में भारी बारिश से 43 साल बाद जुलाई में हुई सर्वाधिक बारिश हुई। जुलाई माह में प्रदेश के तकरीबन सभी जिलों में जमकर बारिश हुई है और जुलाई महीने में बारिश ने 40 सालों के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। इससे पहले 1980 में जुलाई महीने में 477 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई थी और उसके बाद अब 437 मिली मीटर बारिश जुलाई महीने में रिकॉर्ड की गई है।





लाहौल-स्पीति में ग्रांफू से काजा सड़क फोर बाई फोर वाहनों के लिए बहाल कर दिया गया है। वहीं, चंबा-होली मार्ग चोली के पास भूस्खलन होने से 14 घंटे बंद रहा। रविवार सुबह 1100 बजे बहाल हुआ।

उधर, कालका-शिमला नेशनल हाईवे पांच अभी भी बहाल नहीं हो पाया है। चक्कीमोड़ में ढहे हिस्से से सड़क को निकालने के प्रयास जारी हैं। अब यहां पर निचली ओर मिट्टी को गिराकर मैदान जैसा बनाया जा रहा है। जिस पर से अस्थायी सड़क बनाई जाएगी। दावा किया जा रहा है कि सोमवार दोपहर तक यहां से छोटे वाहनों को गुजारा जाएगा। मलाणा पावर प्रोजेक्ट-दो के ओवर फ्लो डैम के दो सप्ताह बाद भी गेट नहीं खुल पाए। मंडी जिला में शनिवार रात को हुई भारी बारिश के चलते बल्ह क्षेत्र के रिवालसर के विकासनगर गांव में एक गाड़ी मलबे में दब गई। हालांकि गाड़ी में सवार चार लोग बाल-बाल बचे। इस क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर भूस्खलन के चलते भारी नुकसान हुआ है। बारिश के चलते सरकाघाट, नाचन, सराज, सुंदरनगर और धर्मपुर में कुछ स्थानों पर भूस्खलन हुआ। मंडी में भी बारिश के चलते कुछ स्थानों पर मलबा सड़कों पर गिरा है। सरकाघाट के तहत पटड़ीघाट-गोभड़ता सड़क का डंगा डरने से धनेड़ गांव में एक घर की दीवार को क्षति पहुंची। मनाली में दोपहर बाद बारिश हुई, जबकि अन्य क्षेत्रों में बादल छाए रहे। नेशनल हाईवे तीन मनाली-लेह मार्ग सभी प्रकार के वाहनों के लिए खुला रहा, जबकि ग्रांफू से काजा सड़क में सिर्फ फोर बाई फोर वाहनों को आवाजाही की अनुमति ही रही। मौसम विभाग के निदेशक सुरेंद्र पाल ने बताया कि प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से मॉनसून कमजोर पड़ गया था लेकिन अब फिर से मानसून सक्रिय होने से हमें सात से आठ दिनों तक बारिश का सिलसिला जारी रहेगा। चार अगस्त से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश होने की संभावना है और इसको लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है इस दौरान कई हिस्सों में लैंडस्लाइड और नदियों के उफान पर रहने की भी संभावना है।

उन्होंने बताया कि जुलाई महीने में मानसून में काफी ज्यादा बारिश हुई है और कई सालों के रिकॉर्ड टूटे हैं। 1980 में प्रदेश में सबसे ज्यादा 477 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई थी और इस साल जुलाई महीने में 437 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई है। उन्होंने बताया कि पिछले 122 सालों के रिकॉर्ड में इस बार सातवीं बार सर्वाधिक बारिश रिकॉर्ड की गई है। गौरतलब है कि प्रदेश में इस बार मानसून ने जमकर कहर बरपाया है मॉनसून के दौरान काफी ज्यादा जानी और माली नुकसान हुआ है। प्रदेश में अब तक 8000 करोड से ज्यादा का नुकसान की संभावना जताई गई है जबकि 197 लोगों की जान मॉनसून के दौरान जा चुकी है। इसके अलावा कई लोग बेघर भी हो चुके हैं।

# प्रादेशिकी

## चंदौली में एक ही परिवार के तीन लोगों की ट्रक की चपेट में आने से हुई मौत

**चंदौली,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के चंदौली में अलीनगर थाना क्षेत्र के आलमपुर के समीप ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार तीन लोगों की मौत हो गई, जिसमें एक युवक समेत दो महिलाएं शामिल हैं। मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के काली महाल निवासी शंकर राम का पुत्र अनिल कुमार अपनी मां सावित्री देवी और नानी रमावती देवी को लेकर बाइक से जीटी रोड से होते हुए अलीनगर की ओर जा रहा था। आलमपुर पुलिस पिकेट के पास चंदौली की ओर जा रहे ट्रक ने बाइक को रौंद दिया। अनिल कुमार व एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल दूसरी महिला को जिला अस्पताल ले जाया जा रहा था लेकिन रास्ते में ही उसने भी दम तोड़ दिया।

# उप्र में निपुण भारत के लक्ष्य को आगे बढ़ाएंगे मुख्यमंत्री निपुण भारत एसोसिएट

**लखनऊ,** 6 अगस्त (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में छात्रों को मूलभूत भाषा एवं गणित कौशल में निपुण बनाने के लिए योगी सरकार मुख्यमंत्री निपुण भारत सहयोगी के माध्यम से शिक्षा सुधार की अपनी पहल को मूर्त रूप देने जा रही है। मुख्यमंत्री निपुण भारत एसोसिएट जिले के सीनियर एडमिनिस्ट्रेटिव्स के साथ मिलकर पूरे जिले में मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मक चुनौतियों को हल करने और निपुण भारत मिशन के क्रियान्वयन को सुव्यवस्थित करने के लिए काम करेंगे। इसके अतिरिक्त वह सीएमएनबीए की दिन-प्रतिदिन की जिम्मेदारियों का भी हिस्सा बनेंगे। इस संबंध में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा विस्तृत दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि योगी सरकार ने हर जिले में दो-दो और कुल 150 मुख्यमंत्री निपुण भारत एसोसिएट की नियुक्ति का निर्णय लिया है। इसके लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन भी मांगे गए हैं। तीस हजार रुपए का मासिक वजीफा। दस हजार रुपए प्रति माह का आवास और चिकित्सा भत्ता। सहयोगियों को उनके आबंटित जिले में एक लैपटॉप और एक पूल कार भी प्रदान की जाएगी। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, ऐसे युवा जो जिले के शिक्षा परिणामों में सुधार के लिए जिम्मेदारी ले सकते हों। साथ ही 24 घंटे काम करने में सक्षम हों और राज्य की विकास यात्रा में सार्थक योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हों। जटिलता और अस्पष्टता को नेविगेट करने में माहिर हों और सरकारी हितधारकों के साथ सहयोग करके दिन-प्रतिदिन की चुनौतियों को सक्रिय रूप से दूर करने में सक्षम होने के लिए नेतृत्व कौशल रखने वाले युवाओं को इसके योग्य माना जाएगा। जहां तक योग्यता की बात है तो इसमें यूजी-पीजी के साथ कार्य अनुभव रखने वाले और एनआईआरएफ टॉप-100 रैंकिंग वाले विश्वविद्यालय, कॉलेज के 60 फीसदी अंकों के साथ पास युवा आवेदन कर सकते हैं। इन्हें हिंदी और अंग्रेजी भाषा में मौखिक व लेखन में विशेषज्ञता होनी चाहिए।



- **जिले में मूलभूत साक्षरता व संख्यात्मक चुनौतियों को हल करने में करेंगे मदद**
- **हर जिले में दो-दो व कुल 150 मुख्यमंत्री निपुण भारत एसोसिएट की करेगी नियुक्ति**
- **बेसिक शिक्षा विभाग ने मांगे आवेदन**

### यह होगी मुख्यमंत्री निपुण भारत एसोसिएट की जिम्मेदारी

निपुण पर जिला, ब्लॉक और स्कूल स्तर की प्रगति को ट्रैक करना। सरकारी हितधारकों के साथ सहयोग करके खराब प्रदर्शन करने वाले ब्लॉकों, स्कूलों के लिए सुधारात्मक उपाय तैयार करना। फील्ड अधिकारियों के साथ सहयोग करके दिन-प्रतिदिन के मुद्दों को दूर करना। नियमित कार्यशालाओं के माध्यम से सभी फील्ड अधिकारियों को क्षमता निर्माण और मेंटरशिप सहायता प्रदान करना। नियमित रूप से गुणवत्ता डेटा-समर्थित समीक्षाओं को चलाने में सरकारी हितधारकों की मदद करना।

### यह है मुख्यमंत्री निपुण भारत एसोसिएट योजना

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने 2021 में देश भर में प्राथमिक विद्यालयों के छात्रों के बीच सार्वभौमिक मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता प्राप्त करने के लिए निपुण भारत मिशन शुरू किया था। निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए, उत्तर प्रदेश सरकार के बेसिक शिक्षा विभाग ने नॉलेज पार्टनर के रूप में आईआईएम, लखनऊ के साथ एक राज्यव्यापी शिक्षा परिवर्तन पहल मुख्यमंत्री निपुण भारत एसोसिएट्स शुरू की है।

## दुर्गा शंकर ने किया रामलला का दर्शन-पूजन

**अयोध्या,** 6 अगस्त (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र ने आज श्रीरामजन्मभूमि पर विराजमान रामलला का दर्शन-पूजन करने के बाद प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर में जाकर मत्था टेका। मुख्य सचिव श्रीरामजन्मभूमि पर रामलला के बन रहे भव्य मंदिर निर्माण का भी अवलोकन किया। मंदिर निर्माण परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों की बारीकी से जानकारी ली और श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय सहित अन्य सदस्यों और अभियन्ताओं के साथ पूरे मंदिर परिसर का निरीक्षण भी किया। इसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि अयोध्या को विश्व स्तरीय स्थल बनाने के लिये अधिकारी समन्वय से कार्य करें। उनके द्वारा अगले माह पुन: समीक्षा की जाएगी। उन्होंने अयोध्या में निर्माणाधीन विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया और श्रीराम कथा संग्रहालय में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ अयोध्या विजन 2047 के कार्यों की समीक्षा की।



## नेशनल हाईवे 119 पर हुए भीषण हादसे में बीस लोग घायल

**मवाना,** 6 अगस्त (देशबन्धु)। रविवार सुबह नेशनल हाईवे 119 पर स्थित तिगरी मोड के समीप छोटा हाथी पलटने से भीषण हादसा हो गया। हादसे में छोटा हाथी चालक सहित सवार 20 लोग घायल हो गये। सुचना पर मौके पर पहुंची थाना पुलिस घायलों को सीएचसी मवाना ले आई। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चार की हालत गंभीर होने के चलते हायर सेंटर रेफर कर दिया। जनाकरी के अनुसार थाना बहसुमा के गांव माखन नगर निवासी लगभग 20 लोग छोटे हाथी से मेरठ ब्रह्मपुरी में रिश्तेदार की मौत में शामिल होने के लिए जा रहे थे। उक्त छोटा हाथी जब निमार्णाधीन नेशनल हाईवे 119 स्थित तिगरी बाईपास के समीपर पहुचें तो छोटा हाथी अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें चालक संदीप पुत्र नानक सहित सवार सभी लोग घायल हो गए। रहागीरों ने सुचना थाना पुलिस और 108 एम्बुलेंस सेवा को दी जो सभी घायलों को सीएचसी मवाना ले आई जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चालक सहित चार की हालत गंभीर होने के चलते मेरठ हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। घटना में घायल माखन नगर निवासी सुभाष पुत्र स्वराज सिंह ने बताया की शनिवार देर रात ब्रहापुरी निवासी उनके बहनोई नीरज पुत्र बिसंबर का देहांत हो गया था।



- **पांच की हालत गंभीर हायर सेंटर रेफर**
- **मौते में शामिल होने छोटे हाथी से जा रहे थे मेरठ**

### यह लोग हुए घायल

तिगरी मोड के समीप छोटे हाथी के अनियंत्रित होकर पलटने से हुए हादसे में चालक संदीप, सुभाष, ओमवती, सरोज, कविता, शकुंतला, पूजा, राजेश, राजू, जयविंद्र, रामकमार, रेखा, दिव्या घायल चालक संदीप, दिव्या, संतलेश, राजेश, कविता आदि सहित लगभग 22 लोग घायल हो गए। घटना में गंभीर रूप से घायल छोटा हाथी चालक संदीप पुत्र नानकत्र कविता, दीपा, संतलेस, राकेश की हालत गंभीर होने के चलते हायर सेंटर मेरठ के लिए रेफ्र किया गया। जबकि ओमवती सरोज शकुंतला पूजा राजू रामकुमार बुलबुल संदीप रेखा दिव्या आदि का उपचार मवाना स्थित सीएचसी में किया जा रहा है।

## सार संक्षेप

### वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित



**मेरठ।** गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में पंजाबी समाज (रजि.) मेरठ एवं रोटरी कल्ब मेरठ कैंट ने संयुक्त रूप से वृक्षारोपण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विनोद भारती, संघ संचालक मेरठ महानगर एवं विपिन सोढ़ी पूर्व उपाध्यक्ष मेरठ कैन्टोमेन्ट बोर्ड द्वारा कई पौधे रोप कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। रोपे गए पौधों में नीम, शीशम, आंवला, अशोका व 50 से अधिक पौधों को रोपा गया। विनोद भारती द्वारा नीम, पीपल, कल्पवृक्ष, आंवला, अशोका व अन्य वृक्ष किस प्रकार से हमारे प्राणों की रक्षा करते हैं और हमें जीवनदान देते हैं उस पर प्रकाश डाला।समाज के संरक्षक बाल कृष्ण त्रिखा, उपाध्यक्ष नीरज नारंग, महासचिव अमोल गम्भीर, संयुक्त सचिव मुकेश तनेजा, राजीव वाधवा, संजय कुकरेजा, निशांत पारुथी सुनील अरोरा, विजय नंदा. सुरेंद्र ढींगरा, सपन सोढ़ी, प्रिंस नय्यर, सुनील पाली संजीव सरीन, अदिति चंद्रा, अध्यक्ष ग्रोवैल संस्था, प्रभा रॉव, विशाल गौड़, अंजिल शर्मा, शीरी, अंजु अरोड़ा व शिवानी आदि उपस्थित रहे।सरदार इंद्रजीत सिंह सालवान, स्कूल प्रबंधक व प्रधानाचार्य डॉ.कर्मेन्द्र सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया एवं वसुंधरा को बचाने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की सलाह देते हुए पर्यावरण को बचाने को सभी को जागरुक व सचेत रहने का संदेश दिया।

### व्यापारी नें पेट्रोल डालकर किया आत्मदाह का प्रयास

**फर्रुखाबाद।** रेलवे रोड़ नाली निर्माण में अमानक पैमाइश का आरोप लगाकर व्यापारी नें पेट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। लेकीन मौके पर परिजनों के आ जानें पर बड़ी घटना होनें से बच गई। शहर कोतवाली क्षेत्र के रेलवे रोड़ नाली निर्माण का कार्य महीनों से विवादित रूप से चल रहा है। मुंह देखकर नाली की पैमाइश सर्पाकार की गयी। जिसका कई व्यापारियों नें विरोध भी किया लेकिन बड़े साहब के आगे किसी की नही चली। महीनों से धधक रहे विवाद नें एक नई घटना को अंजाम देनें का आखिर प्रयास हो गया। सरस्वती भवन के ठीक सामने से नाली की पैमाइश आगे पीछे करके की जा रही है।

### झांसी में निजी एंबुलेंस में लगी आग, मचा हड़कंप

**झांसी।** झांसी में महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज के पास खड़ी एक प्राइवेट एंबुलेंस में रविवार सुबह आग लगने से हडकंप मच गया। बताया जा रहा है कि मेडिकल कॉलेज के गेट नंबर दो के सामने मेवा चौधरी वाली गली में खड़ी निजी एंबुलेंस में उस समय आग लग गयी जब कार मालिक कमलेश राजपूत कार में लगे गैस सिलेंडर को एलपीजी सिलेंडर से भरने का काम कर रहा था। ठीक इसी दौरान किसी स्पार्किंग के कारण एंबुलेंस में आग लग गयी। आसपास के लोगों ने आनन फानन में फायर ब्रिगेड को फोन किया। फायर ब्रिगेड की एक बड़ी और एक छोटी गाड़ी मौके पर पहुंची और आग को बुझाने का काम किया।

## ट्यूबवेल आपरेटर मिला गायब, हटाने के दिए आदेश

**मवाना,**6 अगस्त (देशबन्धु)। ढिकौली रोड लक्ष्मीनगर के नागरिकों की शिकायत पर पहुंचे चेयरमैन अखिल कौशिक को सात नम्बर ट्यूबवेल पर आपरेटर गायब मिला। रविवार सुबह आठ बजे शिफ्ट बदलने के बाद टयूबवेल पर पहुंचे दूसरे आपरेटर ने बताया कि उन्हें चाबी टयूबवेल पर रखी मिली है। चेयरमैन ने अधिशासी अधिकारी से आपरेटर को हटाने के आदेश दिए। ढिकौली रोड लक्ष्मीनगर के नागरिक कई दिनों से पानी नहीं मिलने की शिकायत कर रहे थे। रविवार सुबह अनेक नागरिकों ने चेयरमैन के आवास पर पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। चेयरमैन शिकायत सुनने के बाद ढिकौली रोड टयूबवेल नम्बर सात पर पहुंचे तो वहां पर आपरेटर कासिफगायब मिला। उसने जनरेटर भी नहीं चलाया था। आसपास के लोग सुबह को पानी नहीं मिलने के कारण कई दिनों से परेशान थे। चेयरमैन की मौजूदगी में आठ बजे दूसरा आपरेटर पहुंचा। उसने बताया कि उसे टयूबवेल पर चाबी रखी मिलती है। चेयरमैन अखिल कौशिक ने अधिशासी अधिकारी व जलकल विभाग के प्रभारी कालूराम को गायब आपरेटर को तत्काल प्रभाव से हटाने के आदेश दिये। इससे पहले एक ओर टयूबवेल आपरेटर गायब मिलने के आरोप में हटाया जा चुका है।



- **ढिकौली रोड टयूबवेल सात पर पहुंचे चेयरमैन**

## खादर में फिर बनने लगे बाढ़ के हालत

**मवाना,** 6 अगस्त (देशबन्धु)। हस्तिनापुर मैदानी क्षेत्रों में बादलों के बरसने की रफ्तार बेशक धीमी हो गई हो, लेकिन उत्तराखंड की वादियों में बादलों के बरसने की रफ्तार फिर शुरू हो गई है। बारिश से गंगा नदी फिर उफान पर है। जलस्तर में उछाल आने की वजह से बाढ़ के हालात बने हुए हैं। हरिद्वार के बाद बिजनोर बैराज से डिस्चार्ज में हुई वृद्धि ने गंगा किनारे बसे खादर गांव के लोगों में बेचौनी बढ़ने लगी है। जलस्तर में वृद्धि के चलते अस्थाई तटबंध को दुरुस्त करने का कार्य में भी बाधा उत्पन होने लगी है। बता दें कि गंगा नदी के रूद्र रूप धारण करने के चलते खादर क्षेत्र में 1 महीने तक जमकर कहर बरपाया। सड़क घर थे सब जगह पानी ही पानी नजर आ रहा था। बाढ प्रभावित क्षेत्र के लोगों को चारे, आदि की समस्या से दो चार होना पड रहा था। वहीं जलभराव के कारण संक्रामक रोग गांवों में पैर पसार रहे है। एक सप्ताह पूर्व गंगा जलस्तर में गिरावट हुई तो खादर के लोगों ने राहत की सांस ली लेकिन रविवार को एक बार फिर भीमगोड़ा बैराज हरिद्वार से गंगा जल स्तर में हुई वृद्धि ने खादर क्षेत्र के लोगों की बेचौनी बढ़ा दी। रविवार को हरिद्वार पैरा से डिस्चार्ज बढ़कर 1 लाख 32 हजार क्यूसके हो गया। बिजनौर बैराज पर तैनात जेई पीयुष कुमार के अनुसार हरिद्वार से गंगा नदी में 1 लाख 32 हजार क्यूसके पानी का डिस्चार्ज और बिजनौर बैराज से डिस्चार्ज में हुए वृद्धि से बढ़कर 1 लाख 32 हजार क्यूसके हो गया। हालांकि दोनों जगह गंगा नदी खतरे के निशान से नीचे बह रही है लेकिन देर रात हरिद्वार से गंगा में डिस्चार्ज बढ़ने की संभावना है जिसके चलते सोमवार देर शाम तक खादर में बाढ़ के हालात बन सकते हैं।



- **उत्तराखंड की वादियों में बरसात से बढ़ने लगी खादर के लोगों की बेचैनी**
- **हरिद्वार से डिस्चार्ज बढ़कर हुआ 1 लाख 32 हजार क्यूसके**

## मेडिकल कालेज में रोपे 51 पौधे

**मेरठ,** 6 अगस्त (देशबन्धु)। रविवार हरितमा व पुरातन छात्र संघ में सांसद राजेन्द्र अग्रवाल, प्राचार्य आर सी गुप्ता द्वारा मेडिकल कालेज के पूर्व छात्र डॉ भूपेंद्र चौधरी की स्मृति को नमन करते हुए परिसर में पौधारोपण किया। सर्व प्रथम सांसद राजेन्द्र अगर्वल व मेडिकल कालेज के प्राचार्य आर सी गुप्ता ने सीता अशोक राजकीय वृक्ष उत्तर प्रदेश का वृक्ष रोपा ।इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता आलोक सिसोदिया, हर्ष गोयल, डॉ.सुमित उपाध्याय, आई आई एम के सचिव आलोक अग्रवाल, डॉ.तरुण गोयल, डॉ. आशु मित्तल, डॉ.राजकुमार बजाज, डॉ. सीमा जैन, डॉ. अर्चना गोयल, डॉ.प्रशांत बेंद्रे, डॉ.ऋषि, विपिन त्यागी, डॉ.तनुज गर्ग, पार्षद रामपाल यादव आदि ने हरिशंकरी, सहजन, शहतूत, नीम, कटहल, जामुन ,अमरूद आदि पौधों का रोपण किया। डॉ.सुमित ने बताया कि हरितमा का उद्देश्य हरी भरी धरा के साथ मनुष्य व पक्षियों के लिए फल व छाया उपलब्ध कराना है साथ ही सभी के सहयोग से खाली धरा पर वृक्ष ही रोपने का भी अभियान जारी रहेगा है।

## बहन-बेटियों पर टिप्पणी गलत : श्रीकांत

**मेरठ,**6 अगस्त (देशबन्धु)। कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के त्यागी समाज पर दिए बयान पर सियासत शुरू हो गई है। त्यागी होस्टल में रविवार को त्यागी और भूमिहार समाज की ओर से महापंचायत बुलाई गई। जिसमें श्रीकांत त्यागी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी गंगाशरण त्यागी समेत त्यागी समाज के अन्य नेता शामिल हुए। उन्होंने कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह से माफी मांगने और सरकार से उन्हें बर्खास्त करने की मांग की। सम्मेलन में त्यागी समाज को सम्बोधित करते हुए श्रीकांत त्यागी ने कहा अगर मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने माफी नहीं मांगी तो उनकी और भाजपा दोनों की सारी गर्मी निकाल देंगे। त्यागी समाज की ओर से 21 अगस्त तक का अल्टीमेटम दिया गया है। उसके बाद आंदोलन की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि हमारी बहन बेटियों पर बयान देने वाले समझ लें कि एक त्यागी के बेटे से भिड़े थे तो क्या हाल हुआ था। अगर वे हमारी बहन बेटियों पर अमर्यादित बयान देंगे तो उनका हाल बुरा होगा। उन्होंने कहा, मंत्री त्यागी समाज से माफी मांग लें। पिछले साल 21 अगस्त को त्यागी समाज ने बीजेपी की गर्मी निकाल दी थी। अब दोबारा 21 अगस्त आने वाला है। त्यागी समाज मंत्री से विनम्र निवेदन करता है कि 21 अगस्त आने से पहले मंत्री माफी मांग लें। उन्होंने कहा, केवल पगड़ी पहन लेने से बस से सामाजिक चेतना नहीं आती। समाज के संघर्ष, हितों की बात हो तो पगड़ी पहनने से कुछ नहीं होता। उसके लिए कुछ करना पड़ता है। ये महापंचायत त्यागी समाज को लेकर दिए गए गलत बयान के विरोध में बुलाई गई है। उन्होंने कहा, शुक्रताल में कैबिनेट मंत्री ने जिन दिन हमारी बहन बेटियों पर अभद्र टिप्पणी की। उस दिन से मैंने खाना नहीं खाया है। इस अभद्र टिप्पणी को मैं सहन नहीं कर पा रहा हूं। राष्ट्रवादी लोकतांत्रिक मंच के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक त्यागी ने बताया, त्यागी हॉस्टल में त्यागी समाज की ओर से आज महापंचायत की जा रही है। इसका मकसद मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के त्यागी समाज की बहन-बेटियों को लेकर दिए बयान पर विरोध दर्ज कराना है। इस महापंचायत में दिल्ली, यूपी, हरियाणा, नोएडा, मुरादाबाद, आगरा सहित अन्य जिलों के त्यागी समाज के लोग शामिल हुए हैं। स्वतंत्र देव सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सभा में मंच से त्यागी समाज को लेकर जो अपशब्द कहे हैं।

- **त्यागी-भूमिहार समाज की महापंचायत का हुआ आयोजन**

## अब तक पुलिस नहीं कर पाई बुलेट बरामद

**मेरठ,**6 अगस्त (देशबन्धु)। सीसीटीवी फुटेज में बदमाशों की स्पष्ट तस्वीरें होने के बावजूद डेढ़ माह बाद भी पुलिस घर के दरवाजे से चोरी हुई नई बुलेट तलाश करने में पूरी तरह विफल होने पर परेशान स्पोर्ट्स व्यापारी ने बाइक तलाशने पर 20 हजार रुपये का इनाम घोषित किया। पीड़ित ने मुख्यमंत्री और डीजीपी को ट्वीट करते हुए पूरे मामले की जानकारी दी है। रक्षापुरम निवासी गौरव केन की श्रीबालाजी के नाम से स्पोर्ट्स की दुकान है। 23 जून को मेरठ विकास प्राधिकरण के वीसी आवास से छह सौ मीटर की दूरी से नयी बुलेट चोरी हो गयी थी। बुलेट चोरी करने वाला चोर सीसीटीवी में कैद हो गया। उसके बाद अभी तक पुलिस बाइक को बरामद नहीं कर पायी है। अब गौरव ने हताश होकर गौरव ने बताया बुलेट तलाश करने वाले को बतौर 20 हजार रुपए नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है।

## बुनकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर करें तरक्की : सिद्धू

**मवाना,**6 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रीय हथकरघा सप्ताह के तहत हथकरघा एवं वस्त्रउद्योग विभाग द्वारा ग्राम महलका में बुनकर गोष्ठी व जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में विभाग के अधीक्षक उत्पादन नीरज सिंह सिद्धू ने बुनकरों को व्यवसाय की तरक्की के रास्ते बताए। बुनकर नेता सलीम अंसारी के आवास पर आयोजित बुनकरों के इस कार्यक्रम में अधीक्षक उत्पादन नीरज सिंह सिद्धू ने कहा कि बुनकर अपने पुश्तैनी व्यवसाय को कला के तौर पर बरकरार रखे। सरकार ने अनुदान के साथ बुनकरों के हित में विभिन्न योजनाएं चला रखी है।युवा पीढ़ी को सरकार प्राथमिकता दे रही है। बुनकर व्यवसाय की तरक्की के लिए सरकार अनुदान भी दे रही है। बुनकर ऋण लेकर सही निवेश करके उन्नति के मार्ग पर आगे बढ़े। बुनकरों के उत्पादन फ्लिप कार्ड और अमीजोन पर भी ऑन लाइन विक्रय होगे। शिविर में तमाम योजनाओं की जानकारी दी गई। उन्होने बताया कि बरसों से सात अगस्त को हथकरघा दिवस मनाया जाता है।इसी दिन भारत में आजादी के आंदोलन के दौरान स्वदेशी अपनाओ की शुरुआत हुई थी।इस मौके पर प्रधान असलम जहूर, सलीम अंसारी, मैराज सलमानी, असलम अंसारी, सलमान अंसारी, अशफाक, आशिक इलाही महलकवि, मश्कूर आलम, वसीम, फारुख, खलील आदि काफी लोग मौजूद रहे।



**बुनकरों को बताए व्यवसाय की तरक्की के रास्ते**

**आयोजन** — *केएमसी में नि:शुल्क हृदय रोग परामर्श शिविर आयोजित*

# विश्व में तेजी से फैल रहा हृदय रोग : तनय गर्ग

**मेरठ,6 अगस्त (देशबन्धु)। केएमसी संस्थान में रविवार को निशुल्क हृदय रोग शिविर श्रृंखला में के एम सी मेडिकल एण्ड एजुकेशन चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में के.एम.सी. चिकित्सा संस्थान द्वारा नि:शुल्क हृदय रोग परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। नि:शुल्क हृदय रोग परामर्श शिविर में मरीजों को पंजीकृत कर उनका परीक्षण हार्ट सर्जन एवं हृदय रोग विशेषज्ञ डा.तनय गर्ग द्वारा किया गया। कैम्प में 86 मरीजों को पंजीकृत कर उनका नि:शुल्क चैकअप किया गया।**

डा.तनय गर्ग ने बताया कि हृदय रोग तेजी के साथ पूरे विश्व में फैल रहा है। विश्व भर में सबसे ज्यादा दिल के रोगी हिंदुस्तान में है। पश्चिमी देशों की अपेक्षा भारत में हार्ट अटैक के मरीजों की औसत उम्र 50 वर्ष है। जबकि यह पश्चिमी देशों में 60 वर्ष है। आजकल मात्र 30 वर्ष की आयु के लोगों में भी हार्ट अटैक हो जाता है। इसका मुख्य कारण स्मोकिंग, खाने-पीने में अधिक चिकनाई, फास्ट फूड और व्यायाम ना करना आदि है।

हार्ट अटैक के बाद पहला घण्टा सबसे निर्णायक होता है। क्योंकि 50 प्रतिशत मौतें इसी पहले घण्टे में ही हो जाती है। यदि पहले ही घंटे में सही उपचार मिल जाये तो दिल को क्षतिग्रस्त होने से पूर्णतया रोका जा सकता है। हार्ट अटैक के लक्षणों को जानना बहुत जरूरी है। डा.तनय गर्ग ने सभी हृदय रोगियों को बताया कि अपने डॉक्टर को तुरंत दिखाएं, बताई गई दवाईयाँ नियमित लें, बी. पी., शुगर, कोलेस्ट्रॉल एवं किडनी आदि की जाँचें करवाएं, डॉक्टर की सलाह पर टी.एम.टी., ईको, एंजियोग्राफी आदि कराएं, धूम्रपान, तम्बाकू का सेवन पूर्णतया बंद करें।

- **नि:शुल्क हृदय रोग परामर्श शिविर 86 मरीजों की जांच की**



### हृदय रोग के मुख्य लक्षण

चलने पर सांस फूलना, तेज चलने पर छाती में दर्द या भारीपन का आना, जो कि आराम करने पर या गोली लेने पर स्वत: ठीक हो जाता है। डायबिटीज के मरीजों में अक्सर तेज चलने पर दर्द नहीं होता एवं मरीजों में सांस फूलना ही एंजाइना का लक्षण है। कई बार शुगर के मरीजों में और वृद्ध लोगों में हार्ट अटैक के समय पर भी छाती में दर्द नहीं होता केवल सांस ही फूलती है।

## ईपीएफ नॉर्थ जोन फुटबॉल टूर्नामेंट का विजेता बना दिल्ली



**मेरठ,**6 अगस्त (देशबन्धु)। रविवार को ईपीएफओ नॉर्थ जोन फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच राधा गोविंद इंजीनियरिंग कॉलेज के ग्राउंड पर खेला गया जिसमें दिल्ली की टीम नॉर्थ जोन की चैंपियनशिप उत्तराखंड की टीम को हराकर रोमांचक मुकाबले में जीत हासिल की। विजेता टीम को अपर केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त उत्तर प्रदेश उदय बक्शी के द्वारा विजय पुरस्कार से नवाजा गया तथा उप विजेता टीम को क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त मेरठ सुनील कुमार यादव के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया तथा साथ ही उत्तर प्रदेश पंजाब तथा हिमाचल की टीम को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि विवेक तेवतिया अभी संतोष ट्रॉफी मैच खेल कर आए हैं अभी वर्तमान में केरल ब्लास्ट टीम के तरफ से खेलते हैं इस मैच के दौरान राधा गोविंद के चेयरमैन योगेश त्यागी तथा संदीप का बहुत सहयोग रहा।

**फाइनल मुकाबले में उत्तराखंड को 3-2 से हराया**

## 449363623गांव में अपना क्वॉलिटी टाइम बिता रहे हैं धर्मेन्द्र

**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता धर्मेंद्र इन दिनों गांव में अपना क्वॉलिटी टाइम बिता रहे हैं। धर्मेंद्र इन दिनों अपनी फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी को लेकर चर्चा में हैं। धर्मेंद्र इन दिनों गांव में अपना क्वॉलिटी टाइम बिता रहे हैं, जिसका एक वीडियो उन्होंने ट्विटर पर शेयर किया है। इस वीडियो में खाट पर बैठे धर्मेंद्र एकदम सिंपल लुक में नजर आ रहे हैं, वहीं उनके हाथ में एक कस्तूरी मेथी रखी हुई थाली दिख रही है। वीडियो शेयर करते हुए धर्मेंद्र ने लिखा, दोस्तों, आनंद लेने का सबसे अच्छा तरीका ज्ए पूरी स्कून लाइफ। धर्मेंद्र वीडियो में कहते हैं, हैलो दोस्तों.. आप सोच रहे होंगे कि हमारा धर्मेंद्र कर क्या रहा है.. यह सब क्या है.. ये मेथी है दोस्तों तोड़कर सुखाया है इसको ,अब इसको परांठे में डालकर पराठा बनेंगे, सब्जी बनेगी और मक्खन के साथ खाएंगे।

# गर्भावस्था के दौरान उच्च रक्तचाप में बढ़ोत्तरी



**नई दिल्ली,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। गर्भावस्था के दौरान उन महिलाओं में भी रक्तचाप बढ़ सकता है, जिन्हें उच्च रक्तचाप का कोई पूर्व इतिहास नहीं है, जिससे यह मां और बच्चे दोनों के लिए जोखिम भरा हो जाता है। डॉक्टरों ने रक्तचाप की नियमित निगरानी पर जोर दिया है।

गर्भावस्था में उच्च रक्तचाप मां और बच्चे, दोनों के लिए हानिकारक होता है। गर्भावस्था के दौरान, डॉक्टर गर्भावस्था-प्रेरित उच्च रक्तचाप (पीआईएच) को तीन श्रेणियों में वर्गीकृत करते हैं गर्भावधि उच्च रक्तचाप, प्री-एक्लम्पसिया और एक्लम्पसिया।

रेनबो चिल्ड्रेन हॉस्पिटल में प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ और बांझपन विशेषज्ञ व लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. अनिता राव ने बताया कि गर्भावस्था-प्रेरित उच्च रक्तचाप (पीआईएच) एक ऐसी स्थिति है जो तब होती है, जब एक महिला गर्भावस्था के 20 सप्ताह तक पहुंचने के बाद उच्च रक्तचाप विकसित करती है, भले ही उसे पहले सामान्य रक्तचाप रहा हो। उन्होंने कहा कि स्वस्थ गर्भावस्था सुनिश्चित करने के लिए गर्भवती महिलाओं के लिए नियमित रूप से अपने रक्तचाप की निगरानी करना और उचित चिकित्सा देखभाल लेना महत्वपूर्ण है। ऐसा करने से वे गर्भावस्था से प्रेरित उच्च रक्तचाप से जुड़ी जटिलताओं को प्रभावी ढंग से प्रबंधित और रोक सकती हैं।

जून में साइंस डायरेक्ट में प्रकाशित एक भारत अध्ययन से पता चला है कि भारत में पीआईएच बढ़ रहा है, और वे महत्वपूर्ण तरीके से मातृ और प्रसवकालीन रुग्णता और मृत्यु दर में योगदान करते हैं। केरल में पुष्पागिरि इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च सेंटर की एक टीम के नेतृत्व में किए गए अध्ययन में पीआईएच के जोखिम कारकों के ज्ञान और समय पर मूल्यांकन - शीघ्र पता लगाना, सावधानीपूर्वक निगरानी और उपचार - के महत्व पर जोर दिया गया।

- भावी माताओं को रक्तचाप पर नजर रखनी चाहिए
- उच्च रक्तचाप से हृदय विफलता, मां की थ्रोम्बोटिक घटनाओं का खतरा
- माताओं को नियमित अंतराल पर पौष्टिक भोजन करना चाहिए

एस्टर आरवी अस्पताल में सलाहकार - प्रसूति एवं स्त्री रोग दिव्या कुमारस्वामी के अनुसार, उच्च रक्तचाप से हृदय विफलता, मां की थ्रोम्बोटिक घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। यह गुर्दे और यकृत के कार्य को भी प्रभावित कर सकता है। यह स्थिति समय से पहले बच्चे को जन्म देने एनआईसीयू देखभाल की जरूरत और समय से पहले होने वाली अन्य जटिलताओं के जोखिम को बढ़ा सकती है। डॉक्टर ने कहा कि उच्च रक्तचाप के कारण भ्रूण का विकास भी सीमित हो सकता है, जिससे जन्म के समय वजन कम हो सकता है और संभावित विकास संबंधी समस्याएं हो सकती हैं और गंभीर मामलों में उच्च रक्तचाप के कारण प्लेसेंटा समय से पहले गर्भाशय की दीवार से अलग हो सकता है, जो मां और बच्चे दोनों के लिए जीवन के लिए खतरा हो सकता है।

मदरहुड हॉस्पिटल में सलाहकार - प्रसूति रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ और लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. आशा हीरेमथ ने बताया कि गर्भावस्था से संबंधित उच्च रक्तचाप (उच्च रक्तचाप) के लिए करीबी निगरानी की जरूरत होती है। यह अक्सर गर्भावस्था के 20वें सप्ताह के बाद प्रकट होता है, इसमें अन्य अंगों को नुकसान पहुंचाने की क्षमता होती है, और यह महिला और भ्रूण दोनों के लिए जोखिम भरा होता है, जो अभी भी विकसित हो रहा है। हालांकि, डॉक्टरों ने कहा कि स्थिति को रोका जा सकता है और इलाज किया जा सकता है। गर्भावस्था के दौरान उच्च रक्तचाप को प्रबंधित करने के लिए गर्भवती माताओं के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे नियमित प्रसवपूर्व जांच में शामिल हों, बताई गई दवाएं लें और गर्भकालीन उच्च रक्तचाप से जुड़े जोखिमों को कम करने के लिए जीवनशैली में आवश्यक बदलाव करें। डॉ. आशा ने कहा कि नियमित अंतराल पर या डॉक्टर की सलाह के अनुसार, अपने बीपी रीडिंग को देखना हमेशा अच्छा होता है। उन्होंने कहा कि संतुलित और पौष्टिक आहार का सेवन करें। माताओं को नियमित अंतराल पर पौष्टिक भोजन करना चाहिए और यदि आवश्यक हो तो भोजन योजना में सहायता लें, अपने स्वास्थ्य सलाहकार/आहार विशेषज्ञ से परामर्श लें। डॉक्टर ने सलाह दी कि महत्वपूर्ण बात यह है कि नमक कम मात्रा में लें। डॉ. आशा ने कहा कि नमकीन भोजन आपके रक्तचाप के लिए अच्छा नहीं है, क्योंकि यह न केवल आपके रक्तचाप को बढ़ा सकता है, बल्कि बाद में पैरों में सूजन भी पैदा कर सकता है, जो आपकी गर्भावस्था के आखिरी महीनों के दौरान आम है। नमक का सेवन कम मात्रा में करना चाहिए।

# काजोल ने अपने जन्मदिन की फोटो की शेयर

- फैंसी बर्थडे केक ने खींचा फैंस का ध्यान

**मुंबई,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। अभिनेत्री काजोल ने अपने 49वें जन्मदिन की फोटो वीडियो शेयर की और कहा कि यह दिन आशीर्वाद और सभी अच्छी चीजों से भरा था। एक्स, जिसे पहले ट्विटर कहा जाता था, पर काजोल ने फोटो शेयर की, जिसमें वह फोन पर बात करती नजर आ रही हैं, लेकिन ध्यान फैंसी बर्थडे केक पर है, जिस पर 'हैप्पी बर्थडे' लिखा हुआ है।



उन्होंने लिखा कि यह कमरा और यह दिन बहुत प्यार, हंसी, आशीर्वाद और उन सभी अच्छी चीजों से भरा है, जिनका मैं नाम भी नहीं बता सकती.. मैं बस इतना कह सकती हूं कि मैं धन्य हूं,.. आप सभी को और मुझसे प्यार करने वाले सभी लोगों को धन्यवाद.. मेरे दोस्तों और परिवार से लेकर मेरे सुपर फैंस तक.. आपको सभी को प्यार..।

काजोल शनिवार को 49 साल की हो गई और उनके फिल्म निर्माता-अभिनेता पति अजय देवगन ने उनके लिए बर्थडे पोस्ट किया। उन्होंने एक मजेदार क्लिप शेयर की और लिखा कि तारीफ करूं क्या तेरी... जन्मदिन मुबारक हो काजोल।

काजोल कई पुरस्कारों की सम्मानित हैं। भारत सरकार ने उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया था।

तनुजा और शोमू मुखर्जी की बेटी काजोल ने स्कूल में रहते हुए ही 'बेखुदी' (1992) से अभिनय की शुरुआत की। बाद में उन्होंने अपनी पढ़ाई छोड़ दी और शाहरुख खान के साथ 'बाजीगर' (1993) और 'ये दिल्लगी' (1994) के जरिए अपने करियर को आगे बढ़ाया।

# भूटान के ड्रेक्युल लिटरेचर फेस्टिवल के लिए तारा सुतारिया को मिला निमंत्रण

**मुंबई,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। भूटान के महामहिम ने भूटान इकोज में म्यूजिक, डांस और फिल्म के सेलिब्रेशन के लिए ड्रुक्युल लिटरेचर फेस्टिवल में बॉलीवुड एक्ट्रेस तारा सुतारिया को आमंत्रित किया है।

तारा को भूटान की रानी मां ने भूटान इकोज में म्यूजिक, डांस और फिल्म को सेलिब्रेट करने के साथ-साथ अपनी जर्नी और आर्ट्स के महत्व पर चर्चा करने के लिए आमंत्रित किया है। भूटान के शाही परिवार के निमंत्रण और अपने देश का प्रतिनिधित्व करने पर तारा उत्साहित हैं।



भूटान इकोज एक गैर-लाभकारी संगठन है जो भूटान में लिटरेचर, कल्चर और आर्ट को बढ़ावा देने के लिए प्रोग्राम कोआर्डिनेट और प्रोड्यूस करता है। इसका समापन भूटान में आयोजित एनुअल इंटरनेशनल लिटरेरी फेस्टिवल 'ड्रुक्युल लिटरेचर फेस्टिवल' में होता है। भूटान की महामहिम राजमाता, ग्यालुम आशी दोरजी वांग्मो वांगचुक भूटान इकोज़- ड्रुक्युल लिटरेचर फेस्टिवल की मुख्य संरक्षक हैं। तारा जल्द ही 'अपूर्वा' में दिखाई देंगी। इस फिल्म को लेकर एक्ट्रेस का मानना है कि थ्रिलर की कहानी दिलचस्प है, जो एक कलाकार के रूप में उन्हें चुनौती देती है, और उसने पहले कभी इस तरह का किरदार नहीं निभाया है। तारा ने डिज्नी इंडिया के 'बिग बड़ा बूम' में एक सिंगर के रूप में अपना करियर शुरू किया और चैनल के सिटकॉम 'द सूट लाइफ ऑफ करण एंड कबीर' (2012) और 'ओए जस्सी' (2013) के साथ एक्टिंग में कदम रखा। एक्ट्रेस ने 2019 में 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2' के साथ अपनी फिल्म की शुरुआत की। तब से उन्होंने रोमांटिक ड्रामा 'मरजावां' (2019), 'तड़प' (2021), 'हीरोपंती 2' (2022) और 'एक विलेन रिटर्न्स' (2022) में प्रमुख महिला के रूप में अभिनय किया है।

# ट्विंस को देख कंफ्यूज हुए एक्टर गौतम रोडे, पत्नी पंखुड़ी ने शेयर किया वीडियो

**मुंबई,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। टीवी के मोस्ट पॉपुलर कपल पंखुड़ी अवस्थी और गौतम रोडे का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने प्रेग्नेंसी से लेकर न्यू बोर्न बेबी के स्वागत तक की बाातें शेयर की हैं।



हाल ही में एक्ट्रेस पंखुड़ी ने जुड़वां बच्चों को जन्म दिया है। वीडियो में कपल को अपने न्यू बोर्न बेबीज के स्वागत से पहले और बाद के मोमेंट्स को दिखाया गया है। इसकी शुरुआत कपल की मिरर सेल्फी से हुई और फिर उसकी डिलीवरी से एक दिन पहले तक चली। इसमें दोनों फैमिली के एक्साइटमेंट और सपोर्ट को भी दिखाया गया है। इसके बाद यह दिखाया गया है कि घर में न्यू बोर्न बेबीज का स्वागत कैसे किया जाता है और कैसे गौतम दोनों के बीच थोड़ा कंफ्यूज हो गए।

पंखुड़ी ने वीडियो के बैकग्राउंड म्यूजिक के लिए अमीषा पटेल और सनी देओल स्टारर अपकमिंग फिल्म 'गदर 2' के ट्रैक 'खैरियत' का इस्तेमाल किया। यह फिल्म 11 अगस्त को रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है।

कपल ने 25 जुलाई को जुड़वां बच्चे, बेबी बॉय और बेबी गर्ल, का स्वागत किया। अक्टूबर 2017 में अवस्थी ने एक्टर गौतम रोडे से सगाई की थी और 2018 में अलवर में शादी हुई थी।

# शिशु जन्म के बाद स्तनपान है बहुत आवश्यक

**उदयपुर,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान में 28.4 प्रतिशत शिशुओं को जन्म के 1 घंटे के अन्दर स्तनपान कराया जाता है तथा 58.2 प्रतिशत बच्चों को 6 माह तक केवल स्तनपान कराया जाता है।पारस हेल्थ, उदयपुर की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. आकांक्षा त्रिपाठी ने विश्व स्तनपान सप्ताह पर बताया कि स्तनपान से बच्चे को संपूर्ण पोषण प्राप्त होता है। बच्चों को सिर्फ मां का दूध ही दें इसके अलावा कोई अतिरिक्त आहार, पानी या कोई अन्य तरल पदार्थ न दें क्योंकि माँ के दूध में अधिक मात्रा में पानी होता है जिससे छह माह तक के बच्चे की पानी की आवश्यकता गर्म और शुष्क मौसम में भी पूरी हो सकती हैं।उन्होंने बताया कि डिलीवरी के बाद माँ के प्रथम दूध में (कोलोस्ट्रम) यानी गाढ़ा एवं पीला दूध जो शिशु जन्म से लेकर कुछ दिनों (4 से 5 दिन तक) में उत्पन्न होता है, उसमें विटामिन, एन्टी बॉडी, अन्य पोषक तत्व अधिक मात्रा में होते हैं। यह शिशु को संक्रमणों से बचाता है, प्रतिरक्षण करता है और रतौंधी जैसे रोगों से भी बचाता है। यदि बच्चा स्तनपान नहीं कर पा रहा हो तो एक कप और चम्मच की सहायता से स्तन से निकला हुआ दूध ही शिशु को पिलाएं।

डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि केवल स्तनपान शिशु के विकास एवं स्वस्थ्य रहने में सर्वोत्तम अवसर प्रदान करता है। बोतल से दूध पीने वाले बच्चों को दस्त रोग होने का खतरा बहुत अधिक होता है अतः बच्चों को बोतल से



- 58.2 प्रतिशत बच्चों को 6 माह तक केवल कराया जाता है स्तनपान
- मां के दूध में विटामिन, एन्टी बॉडी, अन्य पोषक तत्व अधिक मात्रा

दूध कभी नहीं पिलाएं। बच्चों को पशुओं से प्राप्त दूध को पचाने में कठिनाई होती है, पशुओं से प्राप्त दूध से दस्त, लाल चकत्ते या अन्य प्रकार की एलर्जी हो सकती है इसलिए सावधानी बरतें।

# मस्क ने फिर डाइट कोक के प्रति जताई दिवानगी

**सैन फ्रांसिस्को,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। एक्स-ओनर एलन मस्क ने रविवार को कहा कि डाइट कोक 'शानदार' है और उन्हें इसकी परवाह नहीं है कि इसको गैलन भर पीने से जीवन प्रभावित होता है। एक पोस्ट के जवाब में मस्क ने कहा कि डाइट कोक और कोक ज़ीरो अद्भुत हैं। मुझे परवाह नहीं है कि गैलन भर पीने से जीवन का कुछ हिस्सा बर्बाद हो जाता है। यह इसके लायक है।

मस्क की पोस्ट पर कई यूजर्स ने विचार व्यक्त किए। एक यूजर्स ने कहा कि मुझे नियमित कोक पसंद है, क्षमा करें, एलन मस्क नहीं, डाइट कोक का स्वाद मेरे लिए बहुत नकली है, दूसरे ने पोस्ट किया, मैं पच्चीस वर्षों से डाइट कोक का आदी हूं। मैं अभी भी जीवित हूं। ज़ोर-ज़ोर से हंसना! डाइट कोक के प्रति मस्क का प्रेम कोई रहस्य नहीं है। पिछले महीने, टेस्ला के सीईओ ने कहा कि डाइट कोक, जिसमें कृत्रिम स्वीटनर होता है, अभी भी उनका पसंदीदा पेय है। पिछले साल भी मस्क ने मंच पर डाइट कोक के प्रति अपना प्यार जाहिर किया था। उन्होंने पोस्ट किया कि डाइट कोक अद्भुत है, खासकर मूवी थिएटर में नमक और मक्खन पॉपकॉर्न के साथ सोडा फाउंटेन संस्करण। उन्होंने कहा कि मुझे इसकी भी परवाह नहीं है कि इससे मेरी जीवन प्रत्याशा कम हो जाती है।

# बीटीएस स्टार जंग कूक ने 'आरआरआर' से 'नाटू नाटू' ट्रैक गुनगुनाया, वीडियो वायरल

**सोल,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। के-पॉप स्टार जंग कूक, जो बीटीएस के सबसे कम उम्र के मेंबर हैं, ने एसएस राजामौली की ग्लोबल ब्लॉकबस्टर फिल्म 'आरआरआर' से एकेडमी अवॉर्ड विनिंग ट्रैक 'नाटू नाटू' गुनगुनाया। दरअसल, एक कोरियाई फैन ने के-पॉप स्टार से पूछा कि क्या वह ट्रैक जानते है, जिसके जवाब में उन्होंने इस धुन को गुनगुनाना शुरू कर दिया। यह बातचीत सिंगर्स के वीवर्स प्लेटफॉर्म पर हुई जहां बीटीएस अक्सर अपने फैंस से बातचीत करते हैं। वहां, एक फैन ने पूछा कि क्या उन्होंने 'आरआरआर' देखी है, जिस पर 25 वर्षीय जंग कूक ने ट्रैक को याद करते हुए गुनगुनाना शुरू कर दिया।बीटीएस आर्मी के लिए, जिसे ग्रुप का फैन क्लब कहा जाता है, और खास



तौर से उस क्लब के भारतीय सदस्यों के लिए, यह वास्तव में एक बहुत ही आश्चर्यजनक क्षण और खुशी का कारण था।भारत के एक फैन ने लिखा कि मैं वास्तव में प्रभावित हूं कि वह तेलुगु सिनेमा की पहचान को स्वीकार करते हैं। एक अन्य फैन प्रशंसक ने लिखा कि मुझे खुशी है कि वह जानते है कि तेलुगु दुनिया में मौजूद है। एक्स में कमेंट सेक्शन, जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था, एक फैन ने कहा कि ओएमजी!! विश्वास नहीं हो रहा कि वह यह जानते हैं!!नाटू नाटू ट्रैक संगीतकार एम.एम. कीरावनी द्वारा रचित है। इसने भारत से लेकर अमेरिका, नेपाल, जापान, कनाडा, दक्षिण कोरिया, रूस, यूके, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात, दक्षिण अफ्रीका, थाईलैंड, जर्मनी, सिंगापुर, इज़राइल, आयरलैंड समेत दुनिया भर में तहलका मचा दिया।आरआरआर 2022 की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक बन गई। फिल्म ने ऑस्कर पुरस्कारों के साथ गोल्डन ग्लोब और सैटर्न पुरस्कार जीते, नाटू नाटू ने बहुत लंबे समय में पहला उदाहरण दर्ज किया, जहां भारतीय सिनेमा को ऑस्कर मिला।

# 'गदर 2' की रिलीज से पहले सनी देओल, अमीषा ने अटारी-वाघा बॉर्डर का किया दौरा

**अमृतसर,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। बॉलीवुड एक्टर सनी देओल और अमीषा पटेल ने अपनी फिल्म 'गदर 2' की रिलीज से पहले पंजाब में अटारी-वाघा बॉर्डर का दौरा किया। 22 साल बाद फिल्म में सकीना अली सिंह की भूमिका निभाने वाली अमीषा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह सनी देओल और उदित नारायण के साथ, बीएसएफ जवानों की पूरी टुकड़ी के साथ खड़ी नजर आईं और अटारी की तरफ पूरी सीमा भरी हुई थी।



उन्होंने कैप्शन दिया, 'गदर 2 की टीम प्रमोशन के लिए भारत-पाक वाघा बॉर्डर पर है।'

इसके बाद, नेटिज़न्स ने कलाकारों की प्रशंसा करते हुए अपना उत्साह साझा किया और देशभक्ति के उत्साह में 'जय हिंद', 'वंदेमातरम', 'हिंदुस्तान जिंदाबाद!' और 'मेरा भारत महान!' लिखा। इससे पहले एक्टर 'रिट्रीट सेरेमनी' में भी शामिल हुए थे। सनी देओल ने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, 'प्रतिष्ठित बीएसएफ जवानों के साथ अटारी बॉर्डर पर रिट्रीट सेरेमनी को देखकर सम्मानित महसूस हुआ। मुझे वह ऊर्जा और उत्साह पसंद आया जिसके साथ माहौल हिंदुस्तान जिंदाबाद के जोरदार नारों से गूंज उठा।' फिल्म के ट्रेलर और क्लासिक 'गदर' गाने 'मैं निकला गड्डी लेके' के नए वर्जन के चलते पहले से ही काफी उत्साह है।

'गदर' 2001 में रिलीज होने पर जबरदस्त हिट रही थी। ऐसे में, 'गदर 2' पहली फिल्म की घटनाओं के 22 साल बाद सेट की जाएगी, जो भारत-पाकिस्तान विभाजन के बाद की घटनाओं से संबंधित थी। फिल्म की शुरुआत 1951 से होगी और फिर 1971 के बांग्लादेश लिबरेशन वॉर, जिसे तीसरे भारत-पाक युद्ध के रूप में भी जाना जाता है, की घटनाओं पर आधारित होगी।

इसके बाद तारा सिंह अपने बेटे चरणजीत सिंह को पाकिस्तानी सेना द्वारा बंदी बना लिए जाने के बाद वापस पाकिस्तान जाते हैं।

# मलमास मेले के दौरान राजगीर में नहीं रहते काग!

**बिहारशरीफ,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। तीन वर्षों के अंतराल में बिहार के राजगीर में लगने वाले मलमास मेले की शुरुआत साधु -संतों के 33 कोटि देवी देवताओं के आह्वान के साथ होती है। मान्यता है कि मलमास या अधिमास के दौरान 33 कोटि देवी देवताओं का वास ऐतिहासिक और पौराणिक नगर राजगीर में होता है।

इस दौरान भले ही सभी देवी देवताओं का वास यहां होता है लेकिन आम दिनों में दिखने वाले काग (कौआ) राजगीर छोड़कर अन्यत्र निकल जाते हैं। यहां रहने वाले लोग इस मान्यता की तस्दीक भी करते हैं कि इस महीने एक भी कौआ राजगीर क्षेत्र में दिखाई नहीं देता है।

- मलमास मेले की शुरुआत साधु -संतों के 33 कोटि देवी देवताओं के आह्वान

राजगीर तीर्थ पंडा समिति के प्रमुख सुधीर उपाध्याय कहते हैं कि इस एक महीने में राजगीर में काला काग को छोड़कर हिन्दुओं के सभी 33 कोटि देवता यहां प्रवास करते हैं। उन्होंने बताया कि प्राचीन मान्यताओं और पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान ब्रह्मा के मानस पुत्र राजा बसु द्वारा राजगीर के ब्रह्म कुंड परिसर में एक यज्ञ का आयोजन कराया गया था जिसमें 33 कोटि देवी-देवताओं को निमंत्रण दिया गया था और वे यहां पधारे भी थे, लेकिन काला काग (कौआ) को निमंत्रण नहीं दिया गया था।



मान्यता है कि इसी कारण इस एक माह के दौरान राजगीर में काला काग कहीं नहीं दिखते। इस क्रम में आए सभी देवी देवताओं को एक ही कुंड में स्नानादि करने में परेशानी हुई थी तभी ब्रह्मा ने यहां 22 कुंड और 52 जलधाराओं का निर्माण किया था।

इस साल 18 जुलाई को राजगीर में विश्व प्रसिद्ध राजकीय मलमास मेला का शुभारंभ सिमरिया घाट के स्वामी चिदात्मन जी महाराज उर्फ फलाहारी बाबा के द्वारा ध्वजारोहण के साथ किया गया। 15 अगस्त तक यह मेला चलेगा। एक महीने तक राजगीर में प्रवास कर रहे स्वामी चिदात्मन जी महाराज बताते हैं कि हिंदू पंचाग के अनुसार हर तीसरे वर्ष में एक मास अधिक हो जाता है। यह स्थिति 32 माह 16 दिन यानी लगभग हर तीसरे वर्ष बनती है। इस अधिक मास को पुरुषोत्तम मास कहा जाता है। पुरुषोत्तम मास में एक माह तक मांगलिक कार्य वर्जित रहते हैं। धार्मिक आस्था को लेकर हिन्दू धर्मावलंबी इस मास में शुभ कार्य नहीं करते हैं। राजगीर में ऐसे तो धार्मिक महत्ता के 22 कुंड और 52 धाराएं हैं, लेकिन ब्रह्मकुंड व सप्तधाराओं में स्नान की विशेष महत्ता है। देश व विदेश के श्रद्धालु यहां के कुंडों में स्नान व पूजा-पाठ करते हैं। अधिकतर श्रद्धालु यहां के सभी कुंडों में पूरे विधि-विधान से स्नान व पूजा-पाठ करते हैं। इस दौरान कुंभ की तर्ज पर शाही स्नान का आयोजन होता है, जिसमें देश के कोने-कोने से आए साधु-संत अस्था की डुबकी लगाते हैं। शाही स्नान का मेले में विशेष महत्व है। शाही स्नान वह क्षण होता है, जिसमें साधु-संतों की टोलियों द्वारा विभिन्न कुंडों में स्नान किया जाता है। साधु संतों का मानना है कि राजगीर की महत्ता वेद पुराणों में की गई है। इस राजगीर की भूमि तपोभूमि कहा गया है। वायु पुराण के अनुसार राजगीर का ब्रह्मकुंड वह स्थान है, जहां पर भगवान ब्रह्मा ने यज्ञ कर मनुष्यों की बुराईयों को अग्नि में अर्पित कर पवित्रता की ओर चलने का आह्वान किया था।

# [ अर्थ जगत ]

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| एनटीपीसी | 4.02 प्रतिशत |
| पावर ग्रिड | 3.00 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 2.28 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 2.16 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.96 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 1.12 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 1.09 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनीलीवर | 0.91 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.63 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 0.46 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2150-2160 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**चावल**

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 4500-4600 |
| परमल | 1750-1775 |
| चावल सेला | 2250-2350 |
| आरआर (आठ ) | 1650-1670 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 4,850-4,950 |
| दाल चना | 4,850-4,950 |
| मसूर काली | 7,800-7,900 |
| उड़द दाल | 10300-10400 |
| मूंग दाल | 7,900-8,000 |
| अरहर दाल | 9700-9800 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर



**नई दिल्ली,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जारी तेजी के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज भी यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

# मप्र के 34 रेलवे स्टेशन के विकास पर खर्च होंगे एक हजार करोड़

**भोपाल,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के रेलवे स्टेशन के कायाकल्प की बड़ी सौगात मिली है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के 508 रेलवे स्टेशनों का आधुनिकता के साथ विकास और पुनर्निमाण कार्य की सौगात दी है जिसमें मध्य प्रदेश के 34 रेल्वे स्टेशन शामिल हैं। इन स्टेशनों पर एक हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाने वाले हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना अंतर्गत मध्यप्रदेश के विदिशा सहित देश के 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्निमाण कार्य के शिलान्यास कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा, आजादी के अमृत काल के प्रारंभ में ही भारत विकसित राष्ट्र होने की दिशा में नई ऊर्जा, नई प्रेरणा और नये संकल्प के साथ तेजी से कदम बढ़ा रहा है। भारतीय रेलवे के इतिहास में आज एक नये अध्याय की शुरूआज हो रही है, जब 25 हजार करोड़ रूपये की लागत से भारत के 508 रेलवे स्टेशनों का आधुनिकता के साथ विकास और पुनर्निमाण कार्य प्रारंभ हो रहा है। 'अमृत भारत रेलवे स्टेशनों योजना' में देश के 1300 स्टेशनों का विकास किया जाएगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस योजना में भारत के सभी राज्य लाभान्वित होंगे। मध्यप्रदेश



में 1000 करोड़ रूपये की लागत से 34 रेलवे स्टेशनों का विकास और पुनर्निमाण किया जाएगा। गत नौ वर्षों में भारतीय रेलवे के नेटवर्क में अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। इस दौरान भारत में साउथ अफ्रीका, यूक्रेन, पॉलेंड, यूके, स्वीडन में जितना रेलवे नेटवर्क है, उससे अधिक नेटवर्क बिछाया गया।

पीएम ने कहा, भारत में आधुनिक ट्रेन संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। आज भारतीय रेल विकास का प्रतीक बन गया है। भारत ने विश्व की चुनौतियों का स्थाई हल निकाला है। दुनिया भर में भारत की साख बढ़ी है। दुनिया का भारत के प्रति रवैया बदला है।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान विदिशा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। चौहान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश और प्रदेश में विश्वस्तरीय अधोसंरचना विकसित करने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा है कि केंद्र और मध्यप्रदेश की डबल इंजन सरकार मध्यप्रदेश में विकास और समाज के सभी वर्गो के कल्याण के कार्यों से प्रदेश को विकसित बनाएगी। आज देश और प्रदेश प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में गौरवशाली, प्रगतिशाली, समृद्धशाली और आत्मनिर्भर बन रहा है।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि सरकार और सरकार में फर्क होता है। वर्ष 2014 में जहां मध्यप्रदेश के लिए रेल का बजट मात्र 632 करोड़ होता था, उसे प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लगभग 21 गुना यानी 13 हजार 607 करोड़ रूपए किया गया है। डबल इंजन की सरकार में प्रदेश का सड़क, हवाई और रेल यातायात बेहतर हुआ है। विदिशा में शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, अधोसंरचना के ऐतिहासिक कार्य हुए हैं।

मुख्यमंत्री ने आमजनों को आश्वस्त किया कि उनकी सरकार प्रदेश के विकास, निर्माण और समाज कल्याण के कार्यों से प्रदेश को विकसित बनाएगी। उन्होंने विकसित मध्यप्रदेश के लिए आमजनों से सहभागिता की अपील की।

# नेट जीरो लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रही रिलायंस, बढ़ती ऊर्जा खपत के बावजूद वायु प्रदूषक उत्सर्जन में कमी

**नई दिल्ली,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। बढ़ते उत्पादन और ऊर्जा खपत के बावजूद विभिन्न श्रेणियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) का वायु उत्सर्जन वित्त वर्ष 2021-22 के स्तर से वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान उल्लेखनीय रूप से कम हो गया।

कंपनी के पास एक सतत उत्सर्जन निगरानी प्रणाली (सीईएमएस) है जो एसओएक्स, एनओएक्स और टीपीएम उत्सर्जन के लिए स्थानीय मानकों का पालन करने में सक्षम बनाती है। रिलायंस अपनी बढ़ती ऊर्जा मांगों को उन स्रोतों से पूरा करना जारी रखता है जिनका पर्यावरणीय प्रभाव न्यूनतम है। वित्त वर्ष 2023 के दौरान रिलायंस ने अपनी नवीकरणीय ऊर्जा खपत में 115 प्रतिशत का उछाल हासिल किया।

कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान, कंपनी के परिचालन में नवीकरणीय ऊर्जा खपत में साल-दर-साल 115 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। दहेज और हजीरा विनिर्माण इकाइयों ने 61 लाख जीजे नवीकरणीय ऊर्जा उत्पन्न की, जो कंपनी द्वारा वित्तीय वर्ष में उत्पादित हरित ऊर्जा का 90 प्रतिशत से अधिक है। इसके अलावा, रिलायंस ने संरक्षण प्रयासों के माध्यम से वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान शुद्ध 25.3 लाख जीजे ऊर्जा बचत हासिल की।

वार्षिक रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि




कंपनी स्वच्छ ऊर्जा में अपने परिवर्तन में तेजी लाने के लिए अग्रणी वैश्विक टेक्नोक्रेट और विचारकों के समूह, अपनी न्यू एनर्जी काउंसिल (एनईसी) की विशेषज्ञता और अनुभव का लाभ उठा रही है। रिलायंस अपने परिचालन की ऊर्जा दक्षता को बढ़ाने को अपने शुद्ध कार्बन शून्य लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम मानता है।

इसके अनुरूप, कंपनी लागू स्थलों पर ऊर्जा खपत को अनुकूलित करने के लिए सर्वोत्तम श्रेणी की प्रौद्योगिकियों और रखरखाव प्रथाओं को लागू करने पर जोर देती है। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान, ऊर्जा दक्षता सुधार पहल के परिणामस्वरूप कंपनी के लिए 25 लाख जीजे की ऊर्जा बचत हुई, जबकि वित्त वर्ष 2021- 22 में यह 21.1 लाख जीजे थी। समर्पित ऊर्जा टीमें सभी आरआईएल साइटों और समूह स्तर पर ऊर्जा प्रदर्शन की निरंतर निगरानी करती हैं।

# 2014-15 से 22-23 के बीच देश में निवेश 65 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। देश में निवेश 2014-15 और 2022-23 के बीच 65 फीसदी बढ़कर 32,78,096 करोड़ रुपये से 54,34,691 करोड़ रुपये हो गया है। सरकार और निजी क्षेत्र मिलकर अर्थव्यवस्था में निवेश करते हैं, इसका संकेत भारतीय अर्थव्यवस्था में सकल स्थिर पूंजी निर्माण (जीएफसीएफ) से मिलता है। 2014-15 में यह जीएफसीएफ 32.78 लाख करोड़ रुपये (2011-12 की स्थिर कीमतें) था, जो 65 फीसदी बढ़कर 32.78 लाख करोड़ रुपये हो गया। 2022-23 में 54.35 लाख करोड़ (अनंतिम अनुमान के अनुसार)।




देश में निवेश को बढ़ावा देने के लिए सरकार राज्यों को पूंजीगत व्यय के लिए विशेष सहायता की योजना और पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता की योजना भी लागू करती है। केंद्र ने पूंजीगत परियोजनाओं पर पूंजीगत व्यय के लिए 50-वर्षीय ब्याज मुक्त ऋण के रूप में विशेष सहायता को मंजूरी दी है और जारी की है, इसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, सिंचाई और बिजली आदि क्षेत्रों से संबंधित पूंजीगत परियोजनाएं शामिल हैं। भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) भी 2014-15 से लगातार बढ़ा है। 2014-15 और 2021-22 के बीच पिछले सात वित्तीय वर्षों में देश में 443 अरब डॉलर से अधिक का एफडीआई प्रवाह आया है।

# वैश्विक मेमोरी चिप व एआई की दौड़ में चीन के पिछड़ने का खतरा

**हांगकांग,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका स्थित माइक्रोन प्रौद्योगिकी पर बीजिंग के प्रतिबंध और चीन के साथ तकनीक साझा करने पर अमेरिकी कंपनियों पर जो बिडेन प्रशासन द्वारा निर्यात प्रतिबंधों के बीच चीन वैश्विक मेमोरी चिप और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की दौड़ में पिछड़ सकता है। मीडिया ने रविवार को यह खबर दी। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, चीन को हाल ही में उन्नत 3डी नंद फ्लैश और डीआरएएम मेमोरी चिप्स के क्षेत्र में वैश्विक आपूर्तिकर्ताओं के साथ तेजी से आगे बढ़ते हुए देखा गया था, लेकिन अब ऐसा नहीं है। रिपोर्ट में कहा गया है, चैटजीपीटी के युग में अंतर फिर से बढ़ गया है, क्योंकि यांग्त्ज़ी मेमोरी टेक्नोलॉजीज कॉरपोरेशन (वाईएमटीसी) और चांगएक्सिन मेमोरी टेक्नोलॉजीज



(सीएक्सएमटी) अमेरिकी निर्यात प्रतिबंधों के कारण प्रयासों को आगे बढ़ाने में असमर्थ हैं। इससे बड़े कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) मॉडल विकसित करने की चीन की क्षमता में गंभीर बाधा आ सकती है, क्योंकि सैमसंग और एसके हाइनिक्स जैसी दक्षिण कोरियाई कंपनियां इसका नेतृत्व कर रही हैं। सैमसंग ने पिछले महीने कहा था कि उसने एआई अनुप्रयोगों के लिए जीडीआरएम7 का विकास पूरा कर लिया है, और यह एआई अनुप्रयोगों में बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए 2024 में हाई-बैंडविड्थ मेमोरी को दोगुना कर देगा। रिपोर्ट में कहा गया है, इस बीच, प्रतिद्वंद्वी एसके हाइनिक्स, जो 50 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ वैश्विक एचबीएम बाजार में शीर्ष पर है, अगले साल एआई सर्वर के लिए अपने एचबीएम उत्पादन को दोगुना करने के लिए भी तैयार है। माइक्रोन, सैमसंग और एसके हाइनिक्स कई डाउनस्ट्रीम खरीदारों के लिए डिफ़ॉल्ट विकल्प बने हुए हैं और माइक्रोन पर बीजिंग के प्रतिबंधों से ज्यादातर उसके दो दक्षिण कोरियाई प्रतिस्पर्धियों को फायदा हुआ। चीन के सर्वर डीआरएएम बाज़ार में माइक्रोन की 15 प्रतिशत हिस्सेदारी है। अलीबाबा ग्रुप, टेनसेंट और जेडी.कॉम जैसी बिग टेक चीनी कंपनियां जेनरेटिव एआई मॉडल विकसित करने की इच्छुक हैं। हालांकि, प्रतिबंध उनके प्रयासों में बाधा डाल रहे हैं।

# वैश्विक रुख से तय होगी बाजार की चाल

**मुंबई** 6 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका की साख रेटिंग घटने से वैश्विक बाजार के नकारात्मक रुझान के दबाव में स्थानीय स्तर पर हुई बिकवाली से बीते सप्ताह आधे प्रतिशत से अधिक की गिरावट में रहे घरेलू शेयर बाजार की चाल अगले सप्ताह वैश्विक रुख और कंपनियों के तिमाही नतीजे से तय होगी।

बीते सप्ताह बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 438.95 अंक अर्थात् 0.67 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर 65721.25 अंक और नेशनल स्टॉक एक्स चेंज (एनएसई) का निफ़्टी 119.2 अंक यानी 0.61 प्रतिशत की गिरावट लेकर 19517 अंक पर आ गया। वहीं, समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत छोटी कंपनियों में लिवाली हुई वहीं मझौली कंपनियों के शेयरों के भाव सपाट रहे। स्मॉलकैप 521.79 अंक की तेज़ी लेकर सप्ताहांत पर 35070.65 अंक पर पहुंच गया जबकि मिडकैप 30162.66 अंक पर सपाट रहा।

विश्लेषकों के अनुसार, क्रेडिट रेटिंग एजेंसी फिच के स्थिर आउटलुक के साथ अमेरिकी साख रेटिंग को एएए से घटाकर एए+ कर दिये जाने के बाद वैश्विक अर्थव्यवस्था को लेकर बनी चिंता से अंतर्राष्ट्रीय बाजार में आई गिरावट से घरेलू बाजार पर दबाव बना। इसके बाद अमेरिकी फ़ेड रिज़र्व के ब्याज दर में एक बार फिर चौथाई प्रतिशत की बढ़ोतरी करने से बिहार रिटर्न पाने उम्मीदें में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने स्थानीय स्तर पर जमकर बिकवाली से शेयर बाजार पूरे सप्ताह दबाव में रहा।



इन वैश्विक कारकों का प्रभाव अगले सप्ताह भी बाजार पर रह सकता है। बीते सप्ताह एफआईआई ने बाजार से कुल 2,844.47 करोड़ रुपये निकाल लिए।

अगले सप्ताह कोल इंडिया, हिंडाल्को, इरकॉन, ओ आई एल और बायोकॉन समेत कई दिग्गज कंपनियों के चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के परिणाम जारी होने वाले हैं। अगले सप्ताह बाजर को दिशा देने में इन कारकों की अहम भूमिका रहेगी। बीते सप्ताह बाजार में तीन दिन गिरावट जबकि दो दिन तेजी रही। वैश्विक बाजार के सकारात्मक रुझान से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर इंडस्ट्रियल्स, यूटिलिटीज, पावर और आईटी समेत सत्रह समूहों में हुई दमदार लिवाली की बदौलत सोमवार को सेंसेक्स 367.47 अंक की छलांग लगाकर 66,527.67 अंक और निफ्टी 107.75 अंक की तेजी लेकर 19,753.80 अंक पर पहुंच गया। विश्व बाज़ार के नकारात्मक रुझान और स्थानीय स्तर पर पावर ग्रिड के कमजोर तिमाही परिणाम से उसके शेयरों में पांच प्रतिशत की आई गिरावट के दबाव में मंगलवार को सेंसेक्स 68.36 अंक गिरकर 66,459.31 अंक और निफ़्टी 20.25 अंक फिसलकर 19,733.55 अंक रह गया फिच के अमेरिका की साख रेटिंग घटाने से वैश्विक बाजार में आई गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से बुधवार को सेंसेक्स 676.53 अंक का गोता लगाकर करीब तीन सप्ताह बाद 66 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 65,782.78 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ़्टी 207 अंक लुढ़ककर 19,526.55 अंक पर रहा।

वैश्विक बाजार के कमजोर रुझान के दबाव में स्थानीय स्तर पर एफआईआई की भारी बिकवाली से गुरुवार को सेंसेक्स 542.10 अंक का गोता लगाकर 65,240.68 अंक और निफ़्टी 144.90 अंक की गिरावट लेकर 19,381.65 अंक पर आ गया। वहीं, वैश्विक बाजार के सकारात्मक रुझान से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर वित्तीय सेवाएं, आईटी, दूरसंचार और टेक समेत सोलह समूहों हुई लिवाली की बदौलत शुक्रवार को सेंसेक्स 480.57 अंक की छलांग लगाकर 65,721.25 अंक और निफ़्टी 135.35 अंक उछलकर 19,517 अंक पर पहुंच गया।

# अधिकांश खाद्य तेलों में गिरावट, दाल-दलहन और मीठे में तेजी

**नई दिल्ली,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में जारी गिरावट के दबाव और स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में अधिकांश खाद्य तेलों के भाव गिर गाए जबकि दाल-दलहन और मीठे में तेजी का रुख रहा।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अगस्त वायदा सप्ताहांत पर 54 रिंगिट गिरकर 3800 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह अगस्त का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.99 सेंट की गिरावट लेकर 61.12 सेंट प्रति पौंड बोला गया। सप्ताहांत पर सूरजमुखी तेल 146 रुपये, सोया रिफाइंड 146 और पाम ऑयल 67 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हो गया। वहीं, सरसों तेल, मूंगफली तेल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पुराने स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में तेजी का रुख रहा। सप्ताहांत पर चना 200 रुपये, दाल चना 200 रुपये, मसूर दाल 100 रुपये, मूंग दाल 100 रुपये और उड़द दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल महंगी रही जबकि अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सप्ताहांत पर चना 5150-5250, दाल चना 6150-6250, मसूर काली 7300-7400, मूंग दाल 8750-8850, उड़द दाल 10700-10800, अरहर दाल 10300-10400 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में टिकाव रहा। सा्प्ताहांत पर चावल और गेहूं के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

इस दौरान (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2550-2650 रुपये और चावल 2900-3000 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

**सार संक्षेप**

## निवेशकों को आगामी सप्ताह में आरबीआई की मौद्रिक नीति का है इंतजार

**नई दिल्ली।** जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर का कहना है कि निवेशक आगामी एमपीसी बैठक का इंतजार कर रहे हैं, जहां आरबीआई द्वारा अपनी नीतिगत दरों को 6.5 प्रतिशत पर बनाए रखने की उम्मीद है। दुनिया भर में मुद्रास्फीति कम होने के कारण नीतिगत सख्ती के दौर के खत्म होने की उम्मीद के साथ सप्ताह की शुरुआत सकारात्मक रही। उन्होंने कहा, हालांकि, अमेरिकी रेटिंग में गिरावट, यूरोजोन और चीन से कमजोर फैक्ट्री गतिविधि डेटा और अमेरिकी बांड पैदावार में बढ़ोतरी के कारण लंबे समय तक एफआईआई की बिक्री के बारे में नकारात्मक खबरों ने दुनिया भर में व्यापक चिंताएं पैदा कीं। अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर बढ़ती चिंताओं ने निवेशकों को सुरक्षित निवेश की तलाश में भागने के लिए मजबूर कर दिया, इससे डॉलर सूचकांक में उछाल आया। बहरहाल, घरेलू बाजार कमजोर वैश्विक संकेतों के प्रभाव से उबर गया, जिसे आईटी और फार्मा शेयरों की अगुवाई में सकारात्मक घरेलू कमाई से समर्थन मिला। उन्होंने कहा कि भारत की विनिर्माण गतिविधि मजबूत बनी रही, हालांकि जुलाई में लगातार दूसरे महीने इसमें मामूली कमी आई। दूसरी ओर, घरेलू सेवा पीएमआई बाजार की अपेक्षाओं से अधिक हो गई, जो 13 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई, जो नए ऑर्डरों में वृद्धि, विशेषकर अंतरराष्ट्रीय बिक्री में वृद्धि के कारण हुई। एमके वेल्थ मैनेजमेंट के शोध प्रमुख जोसेफ थॉमस ने कहा कि सप्ताह के दौरान इक्विटी बाजार में कुछ बिकवाली देखी गई, लगभग उसी समय जब फिच द्वारा अमेरिकी रेटिंग में गिरावट की खबर की घोषणा की गई थी। इस मामले को कमोबेश बाज़ारों ने नज़रअंदाज कर दिया और अमेरिकी इकाई में कुछ मजबूती दिखाई दी। उन्होंने कहा कि अमेरिका, यूरोप और चीन से आने वाले आर्थिक आंकड़े और जल्द ही होने वाली नीतिगत घोषणाएं आने वाले सप्ताह में बाजार की दिशा तय करेंगी।

## संजय कुमार अग्रवाल सीबीआईसी के अध्यक्ष नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय राजस्व सेवा के 1988 बैच के अधिकारी एवं केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के सदस्य संजय कुमार अग्रवाल को सीबीआईसी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही भारतीय राजस्व सेवा के 1989 बैक के अधिकारी सुरजीत भुजबल को सीबीआईसी का सदस्य नियुक्त किया गया है। इस संबंध में वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार राष्ट्रपति ने इन दोनों नियुक्ति को अनुमोदित कर दिया है। इनका कार्यकाल कार्यभार ग्रहण करने के दिन से प्रभावी होगा। श्री भुजबल की नियुक्ति सीबीआईसी के अध्यक्ष नियुक्त किये गये श्री अग्रवाल के स्थान पर की गयी है।

# विदेशी मुद्रा भंडार 3.17 अरब डॉलर घटकर 603.9 अरब डॉलर पर



**मुंबई** 6 अगस्त (एजेंसियां)। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि कम होने से 28 जुलाई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 3.17 अरब डॉलर घटकर 603.9 अरब डॉलर रह गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 1.98 अरब डॉलर गिरकर 607.04 अरब डॉलर रहा था।

रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 28 जुलाई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 2.42 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 535.34 अरब डॉलर पर आ गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 71 करोड़ डॉलर कम होकर 44.9 अरब डॉलर रह गया।

आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 2.9 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह कम होकर 18.4 अरब डॉलर पर आ गया। इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि 1.1 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 5.19 अरब डॉलर रह गई।

# हवाई अड्डो पर आरामदायक टर्मिनल हों पर गोल्ड प्लेटेड की अवधारणा से बचना चाहिए : संसदीय पैनल

**नई दिल्ली,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। सांसदों के एक पैनल ने सरकार से कहा है कि सहज तथा परेशानी मुक्त हवाई यात्रा के लिए हवाई अड्डों के आरामदायक टर्मिनलों की आवश्यकता है पर उन्हें अत्यधिक भव्य होने की आवश्यकता नहीं है। समिति के मुताबिक निजी ऑपरेटरों द्वारा हवाई अड्डों को गोल्ड प्लेटेड की अवधारणा से बचना चाहिए। राज्यसभा सांसद सुजीत कुमार की अध्यक्षता वाली यह रिपोर्ट राज्यसभा में पेश की गई है।

बीजू जनता दल से राज्यसभा सांसद सुजीत कुमार ने आईएएनएस से कहा कि देश के विभिन्न हवाई अड्डों पर बुनियादी ढांचे की विकास लागत प्रभावी हो और यह लागत आम आदमी की पहुंच के भीतर रहनी चाहिए। समिति ने सुझाव दिया है कि एशिया के अन्य हवाई अड्डों की तुलना में एयरपोर्ट पर यूजर चार्जेस किफायती और प्रतिस्पर्धी होने चाहिए।

संसदीय पैनल का मानना है गोल्ड प्लेटिंग से तात्पर्य महंगी सुविधाओं से है जो परियोजना की लागत को बढ़ा देते हैं। संसदीय पैनल का कहना है कि हवाई अड्डे के बुनियादी ढांचे की गुणवत्ता पूरे परिवहन नेटवर्क का एक महत्वपूर्ण घटक है क्योंकि यह देश की अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा और विदेशी धन के प्रवाह में सीधे योगदान देता है।



सांसद सुजीत कुमार की अध्यक्षता वाले पैनल का कहना है कि अधिकतम लोग हवाई अड्डों का उपयोग केवल यात्रा करने के लिए करते हैं, वे आगमन और प्रस्थान पर अपना बैगेज लेते हैं और चले जाते हैं। राज्यसभा में पेश की गई रिपोर्ट में कहा गया है कि यहां एयरपोर्ट पर पेरीफेरल को उतना महत्व नहीं दिया जा सकता जितना यात्री सेवा को दिया जा सकता है।

संसदीय पैनल का कहना है कि भारत एक विकासशील देश है और यात्री कीमत के प्रति सचेत हैं। हमारी राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन नीति सामर्थ्य और स्थिरता पर जोर देती है। समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि इस क्षेत्र में सबसे महत्वपूर्ण हितधारक आम यात्री है। आम यात्री की हवाई यात्रा करने की आकांक्षा और आवश्यकता समय व अर्थव्यवस्था के विकास के साथ बढ़ती जाएगी।

रिपोर्ट के मुताबिक भारत एक संसाधन की कमी वाला देश है, यह देखते हुए पैनल ने सिफारिश की है कि सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हवाईअड्डों का आधुनिकीकरण व बुनियादी ढांचे को कुशलतापूर्वक और लागत प्रभावी तरीके से करना चाहिए। सुजीत कुमार के मुताबिक रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रौद्योगिकी का उपयोग करना चाहिए ताकि परिचालन की लागत कम हो सके। उन्होंने बताया, रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि यात्रियों के साथ-साथ एयरलाइन ऑपरेटरों को भी लागत प्रभावी सेवाएं प्रदान की जाएं और यात्रा की लागत आम आदमी की पहुंच के भीतर रहे और राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन नीति में जनता के लिए उड़ान को किफायती बनाने के लिए एक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने की परिकल्पना की गई है।

# खेल जगत

## मेंटल हेल्थ की समस्या से गुजर रहे रिकी रुबियो विश्व कप से बाहर

**मैड्रिड।** स्पेनिश बास्केटबॉल स्टार रिकी रुबियो ने घोषणा की है कि उन्होंने अपने मेंटल हेल्थ से जुड़ी परेशानियों के कारण खेल से अस्थायी रूप हटने का फैसला किया है। स्पेनिश बास्केटबॉल स्टार ने स्पेनिश बास्केटबॉल फेडरेशन (एफईबी) द्वारा जारी एक बयान में इस बात की जानकारी साझा की। रिकी रुबियो ने कहा, मैंने अपने मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल के लिए अपनी पेशेवर गतिविधि को रोकने का फैसला किया है। मेरे फैसले को समझने के लिए एफईबी से मिले सभी समर्थन को धन्यवाद देना चाहता हूं। आज ह्लाफैमिलिया (स्पेनिश बास्केटबॉल टीम) पहले से कहीं अधिक मायने रखती है। धन्यवाद।



# डब्ल्यूटीसी हार की छाया में, जिम्मेदारी से दूर भागता है बीसीसीआई



- डब्ल्यूटीसी 2023 के फाइनल में भारत पर ऑस्ट्रेलिया की हासिल की थी जोरदार जीत
- लगातार दो डब्ल्यूटीसी विश्वकप के फाइनल में हार चुकी है भारतीय टीम

**नई दिल्ली,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे भारतीय वरिष्ठ खिलाड़ियों ने भले ही कमजोर वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में शतक बनाए हों, लेकिन ऐसा लगता है कि टीम प्रबंधन विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के अगले चक्र को ध्यान में रखते हुए विश्व क्रिकेट की आगामी प्रतिभाओं को निखारने के एक महत्वपूर्ण पहलू से चूक गया। । डब्ल्यूटीसी 2023 में भारत पर ऑस्ट्रेलिया की जोरदार जीत के बाद, यह भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के लिए उन युवा खिलाड़ियों को मौका देने का एक सही समय था, जिन्होंने घरेलू सेटअप में अपनी क्षमता साबित की थी। इसके अलावा कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और अजिंक्य रहाणे जैसे खिलाड़ी अपने करियर के अंत के करीब हैं, यह टीम प्रबंधन के लिए कमजोर वेस्टइंडीज टीम के खिलाफ न्यूनतम अंतरराष्ट्रीय अनुभव वाले खिलाड़ियों को मौका देने का सही समय था।

हालांकि, ऐसा कुछ नहीं हुआ और जून में वेस्टइंडीज टेस्ट श्रृंखला के लिए पूरी ताकत वाली टीम चुनी गई, जिसमें चेतेश्वर पुजारा एकमात्र अपवाद थे। 18 महीने के अंतराल के बाद टेस्ट टीम में वापसी करने वाले रहाणे ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल में प्रभावित किया था, लेकिन तब से दाएं हाथ के बल्लेबाज ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दो पारियों में सिर्फ 11 रन बनाए हैं। इसके अलावा, रहाणे को टीम का उप-कप्तान बनाया गया। पिछले 18 महीनों में सिर्फ 1 टेस्ट मैच खेलने के बाद, इसने भारतीय क्रिकेट के भविष्य के प्रति बीसीसीआई के दृष्टिकोण पर कुछ गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

यंग गन्स टीम की दीर्घकालिक सफलता में एक निवेश है। एक ठोस कोर बनाने के लिए, किसी को मेगा इवेंट से कम से कम दो साल पहले बोल्ड कॉल लेना शुरू करना होगा। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज अजीत अगरकर, जिन्हें हाल ही में सीनियर पुरुष चयन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, को भविष्यवादी दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है अन्यथा टीम को पिछले दो डब्ल्यूटीसी फाइनल की तरह ही भाग्य का सामना करना पड़ सकता है।

दूसरे टेस्ट में पदार्पण करने वाले गेंदबाज मुकेश कुमार ने भी कुछ लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया, क्योंकि उन्होंने कर्क मैकेंजी को आउट करके भारत को वेस्टइंडीज के खिलाफ चल रहे टेस्ट मैच में बहुत जरूरी सफलता दिलाई।

जब डब्ल्यूटीसी 25 का आयोजन किया जाएगा, तब रोहित 38 साल के होंगे, कोहली 36 साल के होंगे और रहाणे 37 साल के होंगे, सरफराज खान और अर्शदीप सिंह जैसे युवा कुछ शानदार प्रदर्शन के दम पर चयनकर्ताओं का दरवाजा खटखटा रहे होंगे। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में, अगर भारत लगातार दो फाइनल हारकर टेस्ट गदा उठाना चाहता है तो टीम प्रबंधन को कुछ कठोर कदम उठाने की जरूरत है।

साथ ही युवा खिलाड़ियों को मौके देने को प्राथमिकता देना टीम की दीर्घकालिक सफलता में एक निवेश है। एक ठोस कोर बनाने के लिए, किसी को मेगा इवेंट से कम से कम दो साल पहले बोल्ड कॉल लेना शुरू करना होगा।

भारत के पूर्व तेज गेंदबाज अजीत अगरकर, जिन्हें हाल ही में सीनियर पुरुष चयन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, को भविष्यवादी दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है अन्यथा टीम को पिछले दो डब्ल्यूटीसी फाइनल की तरह ही भाग्य का सामना करना पड़ सकता है।

प्रबंधन को उभरते खिलाड़ियों और नियमित अंतिम एकादश के बीच संतुलन बनाना चाहिए ताकि युवाओं को वरिष्ठों के अनुभव से सीखने और विश्व मंच पर भारत की सफलता में योगदान देने का पर्याप्त अवसर मिले।

# अदिति स्वामी, ओजस देवताले ने कंपाउंड विश्व चैंपियन का खिताब जीता



विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप

**बर्लिन ( जर्मनी ),** 6 अगस्त (एजेंसियां)। भारत की अदिति गोपीचंद स्वामी और ओजस प्रवीण देवताले ने शनिवार को यहां विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप 2023 में क्रमशः महिला और पुरुष व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते। भारत ने बर्लिन तीरंदाजी प्रतियोगिता को चार पदकों - तीन स्वर्ण और एक कांस्य - के साथ समाप्त किया। सभी पदक कंपाउंड तीरंदाजों ने जीते। छठी वरीयता प्राप्त 17 वर्षीय अदिति ने फाइनल में मैक्सिको की एंड्रिया बेसेरा को 149-147 से हराया और सीनियर विश्व चैंपियनशिप में व्यक्तिगत स्पर्धा जीतने वाली सबसे कम उम्र की तीरंदाज बन गईं।

यू18 विश्व चैंपियन और विश्व रिकॉर्ड धारक अदिति ने सेमीफाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त साथी भारतीय ज्योति सुरेखा वेन्नम को 149-145 से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। इस बीच, ज्योति सुरेखा वेन्नम ने महिलाओं की व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा में तुर्की की इपेक तोमरुक को 150-146 से हराकर कांस्य पदक जीता। एक अन्य भारतीय तीरंदाज परनीत कौर क्वार्टर फाइनल में ज्योति सुरेखा वेन्नम से हारकर बाहर हो गईं।

बाद में दिन में भारत के ओजस प्रवीण देवतले पुरुषों की व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा में विजयी हुए। ओजस ने कड़े मुकाबले में पोलैंड के लुकाज़ प्रिज़ीबिल्स्की को 150-149 से हराया और विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष तीरंदाज बन गए।

21 वर्षीय ओजस ने इससे पहले क्रमशः सेमीफाइनल और क्वार्टर में पूर्व विश्व चैंपियन, डच तीरंदाज माइक श्लोसेर और पोलैंड के प्रेज़ेमिस्लाव कोनेकी को हराया था। बर्लिन में विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप 2023 में भारत का अभियान, जो तीरंदाजों के लिए पहला पेरिस 2024 ओलंपिक क्वालीफायर इवेंट है, शनिवार को समाप्त हो गया।

किसी भी भारतीय रिकर्व तीरंदाज ने पदक दौर में जगह नहीं बनाई, जिससे बर्लिन में प्रस्तावित पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए कोई भी ओलंपिक कोटा स्थान जीतने में असफल रहा। ओलंपिक में केवल रिकर्व तीरंदाजी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं।

## चेन के तीसरे क्वॉर्टर में दागे गोल से चीन ने द. कोरिया को ड्रॉ पर रोका



■ सत्येन्द्र पाल सिंह

चेन्नै, 6 अगस्त (देशबन्धु)। चोंगकोंग चेन के तीसरा क्वॉर्टर खत्म होने से दो मिनट पहले दाएं से मिले बेहतरीन क्रॉस पर मैदानी गोल कर चीन ने मौजूदा चैंपियन दक्षिण कोरिया को यहां मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में पुरुष एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी के राउंड रॉबिन लीग मैच एक-एक से ड्रॉ खेल अंक बांटने पर मजबूर बड़ा उलटफेर कर दिया। दक्षिण कोरिया ने लगातार दूसरा मैच ड्रॉ खेला। चेन ने शुक्रवार को मलयेशिया के खिलाफ भी गोल कर चीन को बढ़त दिला कर चौंका दिया था। चेन अब चीन के लिए सबसे ज्यादा दो गोल कर शीर्ष पर हैं। यह भी संयोग ही है कि चीन ने इससे पहले अपने घर में 2011 में दक्षिण कोरिया को चैंपियंस ट्रॉफी में एक एक की बराबरी पर रोका था। दरअसल दक्षिण कोरिया की टीम इस टूर्नामेंट में शिरकत कर रही सबसे उम्रदराज खिलाडियों से भरी टीम है। ली सियुंगहुन को खेल खत्म होने सात मिनट पहले येलो कार्ड दिखाकर मैदान से बाहर भेजे जाने से दक्षिण कोरिया को चौथा क्वॉर्टर दस खिलाडियों से खेलना पड़ा। कप्तान जोंगहयुन जांग ने दूसरे क्वॉर्टर के तीसरे मिनट में पहले पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर दक्षिण कोरिया को 1-0 से आगे कर दिया था। दक्षिण कोरिया ने एकमात्र जीत अब तक जापान को 2-1 से हराकर हासिल की है। दक्षिण कोरिया पिछडने के बाद बमुश्किल पाकिस्तान के खिलाफ अपना मैच एक एक से ड्रॉ कर पाया था। दक्षिण कोरिया के तीन मैचों में दो ड्रॉ और एक जीत के साथ पांच अंक हैं। वहीं चीन के तीन मैचों में मेजबान भारत और मलयेशिया से बड़े अंतर से हार के बाद रविवार के ड्रॉ से एक है।

## प्रणय रोमांचक फाइनल में वेंग होंग यांग से हारे

ऑस्ट्रेलियन ओपन



**सिडनी,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। शीर्ष भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय रविवार को यहां रोमांचक ऑस्ट्रेलियन ओपन 2023 पुरुष एकल फाइनल में चीन के वेंग होंग यांग से 9-21, 23-21, 20-22 से हार गए। बैडमिंटन रैंकिंग में दुनिया के 9वें नंबर के खिलाड़ी प्रणय मई में मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 में अपनी पहली जीत के बाद अपना दूसरा बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर खिताब जीतने का लक्ष्य बना रहे थे। संयोग से, प्रणय ने मलेशिया मास्टर्स फाइनल में वेंग होंग यांग को हराया था।

दुनिया के 24वें नंबर के खिलाड़ी वेंग होंग यांग ने मैच की शुरुआत फ्रंटफुट पर की, लेकिन प्रणय ने अपने अनुभव का अच्छा इस्तेमाल करते हुए चीनी शटलर पर बढ़त बनाए रखी। हालाँकि, स्कोर 5-ऑल पर होने के कारण, यांग ने पहले ब्रेक में पांच अंकों की बढ़त बना ली। पुन: आरंभ करने के बाद, यांग ने एक उच्च गियर पर क्लिक किया और गेम जीतने के लिए जैसे दौड़ लगा दी।

दूसरे गेम में, चीनी शटलर ने गति पकड़ ली और आगे बढ़ते दिख रहे थे, लेकिन प्रणय ने गेम में वापसी की और ब्रेक में तीन अंकों की बढ़त लेने में कामयाब रहे। हालाँकि, यांग ने 15-15 के स्तर पर वापसी करते हुए फिनिश लाइन तक पहुंचने के लिए संघर्ष शुरू कर दिया।

दोनों फाइनलिस्टों के बीच गति लगातार बदलती रही, इससे पहले कि भारतीय ने गेम के रोमांच को लगभग खत्म कर निर्णायक गेम निर्धारित कर दिया।

निर्णायक गेम में कड़ी शुरुआत के बाद, प्रणय ने आगे बढ़ना शुरू कर दिया और युवा चीनी खिलाड़ी की अप्रत्याशित गलतियों का पूरा फायदा उठाते हुए 19-14 की बढ़त बना ली। हालाँकि, यांग ने शानदार वापसी की और बराबरी हासिल करने के लिए लगातार पांच अंक जुटाए।

जब स्कोर 19-18 था तब 71-शॉट की रैली ने माहौल चीनी खिलाड़ी के पक्ष में कर दिया। दबाव में, प्रणय ने एक चैंपियनशिप प्वाइंट गंवा दिया और अंततः 90 मिनट लम्बे मैराथन फ़ाइनल में हार मान ली। यह यांग की भारतीय पर पहली जीत थी।

## दक्षिण अफ्रीका को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंची नीदरलैंड

फीफा महिला विश्व कप



सिडनी, 6 अगस्त (एजेंसियां)। नीदरलैंड्स रविवार को फीफा महिला विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका को 2-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है। 2019 की उपविजेता नीदरलैंड ने सिडनी फुटबॉल स्टेडियम में 40,000 दर्शकों के बीच मैच के प्रत्येक हाफ में स्कोर किया।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, जिल रूर्ड ने टीम को शुरुआती बढ़त दिला दी और लिनेथ बीरेनस्टेन ने दूसरे हाफ में गोलकीपिंग की गलती के कारण 68वें मिनट में दूसरा गोल दागा। नीदरलैंड्स का अगला मुकाबला छठी रैंकिंग वाली स्पेन से होगा, जिसने शनिवार को स्विट्जरलैंड को 5-1 से हराकर पहली बार क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। वे डेनियल वैन डी डोक के बिना होंगे, जिन्हें टूर्नामेंट का दूसरा येलो कार्ड मिला और उन्हें नियमों के तहत अगले मैच से बाहर कर दिया जाएगा।

दक्षिण अफ़्रीका, जो नीदरलैंड्स से 45 स्थान नीचे है, वो एक कमज़ोर टीम के रूप में टूर्नामेंट में आई, लेकिन उसने अपना पहला विश्व कप खेल जीतने के लिए इटली को 3-2 से हराया और सबको चौंका दिया था। अटैकिंग गेम खेल रही नीदरलैंड्स ने अपना पहला गोल नौवें मिनट में किया।

मैनचेस्टर सिटी की मिडफील्डर रूर्ड ने टूर्नामेंट का अपना चौथा गोल किया और छठी बार नीदरलैंड ने पहले 20 मिनट के भीतर गोल किया। अपने पहले नॉकआउट मैच में दक्षिण अफ्रीका संघर्ष करती नजर आई। उनकी मुश्किलें तब और बढ़ गईं जब फारवर्ड जर्मेन सियोपोसेनवे को चोट लग गई, हालांकि उन्होंने 10 मिनट तक खेलना जारी रखा जब तक कि उन्हें सब्स्टीट्यूट नहीं कर दिया गया।

दक्षिण अफ्रीका की टीम अपनी करिश्माई स्टैंड-इन कप्तान थेम्बी कगतलना के साथ कई बार गोल करने के बेहद करीब पहुंची। लेकिन बराबरी के उनके प्रयासों को नीदरलैंड के गोलकीपर डाफ्ने वन ने लगातार विफल कर दिया, जिन्होंने कई बेहतरीन बचाव किए।

## हैदराबाद एफसी को दिल्ली एफसी ने 1-1 से बराबरी पर रोका



**गुवाहाटी,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। नवप्रवर्तित आई-लीग टीम दिल्ली एफसी ने यहां खेले जा रहे 132वें डूरंड कप के ग्रुप ई मैच में पिछले साल के सेमीफाइनलिस्ट और पूर्व इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) विजेता हैदराबाद एफसी को 1-1 से ड्रा पर रोका। इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम में खेले गए इस मैच में छठे मिनट में दिल्ली एफसी के लिए हिमांशु जांगड़ा ने गोल किया जबकि दूसरे हाफ में रामहलुंचुंगा ने हैदराबाद एफसी के लिए बराबरी का गोल किया। भारी बारिश होने के कारण दोनों टीमों को खेल में आगे बढ़ने के लिए संघर्ष करना पड़ा। ऐसा लग रहा था कि दिल्ली एफसी परिस्थितियों को अच्छी तरह से प्रबंधित कर रही है और परिणामस्वरूप, खेल के छठे मिनट में बढ़त ले ली। भूपिंदर सिंह ने दाएं विंग से एक क्रॉस लगाया जिसे एचएफसी के गोलकीपर गुरुमीत सिंह ने गलत समझा। गलती करवाने वाले हिमांशु जांगड़ा ने इसे खाली गोल में डाल दिया, जिससे दिल्ली की टीम को बढ़त मिल गई। हैदराबाद एफसी के खिलाड़ी जो अपनी प्रतिभा और तेज पासिंग पर भरोसा करते हैं।

# वर्ल्ड कप से पहले रोहित शर्मा को अपनी रणनीति में करना होगा बदलाव



**नई दिल्ली,** 6 अगस्त (एजेंसियां)। वनडे वर्ल्ड कप शुरू होने में केवल दो महीने बाकी हैं। बड़ी संख्या में भारतीय फैंस फिर से रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम से दस साल के ट्रॉफी इंतजार को खत्म करने की उम्मीद लगा बैठे हैं। आईसीसी ट्रॉफी जीतने का सपना भारत के लिए लंबे समय से सपना रहा है, जो इंग्लैंड में 2013 चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद से अब तक पूरा नहीं हो पाया, जिसमें रोहित भी शामिल थे। मगर अब आईसीसी टूर्नामेंट में टीम के खराब रिकॉर्ड को देखते हुए यह कहना जितना आसान है, करना उतना ही मुश्किल नजर आ रहा है। जैसा कि वर्ल्ड कप शुरू होने में अब महज कुछ महीने बाकी हैं। लेकिन टीम इंडिया अब तक अपनी मजबूत प्लेइंग इलेवन तैयार नहीं कर पाई है। यह एक ऐसी पहेली बन चुकी है जो फिलहाल सुलझने से बहुत दूर है।

टीम की पहली पसंद के कुछ खिलाड़ियों और विश्व कप के संभावित निर्णायक खिलाड़ियों में से कुछ अभी भी इंजरी से रिकवर होने की राह पर हैं। वहीं, भारत के वेस्टइंडीज दौरे पर टीम ने मिडिल ऑर्डर में कई एक्सपेरिमेंट किए हैं, ये देखकर ऐसा लग रहा है कि भारत के पास चैम्पियनशिप जीतने वाली टीम जैसा इरादा नहीं है। 8 अक्टूबर को, जब भारत चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना पहला 2023 विश्व कप ग्रुप मैच खेलेगा, तो सभी की निगाहें रोहित पर होंगी। क्योंकि उनके कंधों पर दो बड़ी जिम्मेदारी है, पहला बतौर कप्तान और दूसरा बतौर बल्लेबाज टीम को एक मजबूत शुरुआत देने की।

2011 में, जब 2 अप्रैल को एमएस धोनी द्वारा क्रिकेट इतिहास का सबसे यादगार छक्का लगाने के बाद भारत ने घरेलू धरती पर विश्व कप जीता, तब उस समय रोहित खराब फॉर्म के कारण टीम में नहीं थे। तब तक, रोहित को भारत की बल्लेबाजी का मुख्य खिलाड़ी माना जा रहा था और उन्होंने 20 वर्षीय युवा खिलाड़ी के रूप में 2007 टी20 विश्व कप भी जीता था। लेकिन उनके फॉर्म का मतलब था कि उनके बाद वनडे में डेब्यू करने वाले विराट कोहली को इस प्रारूप में शानदार प्रदर्शन के आधार पर चुना गया।

2011 में चयन न होने से रोहित में बदलाव आया। उसके बाद से लेकर अब तक वो भारत की वनडे टीम का एक अनिवार्य हिस्सा बन गए। 2023 में रोहित का औसत 47.87 रहा और इस साल उनके नाम वनडे में एक शतक और दो अर्द्धशतक है। मुंबई इंडियंस की कप्तानी सौंपे जाने के ठीक दस साल बाद रोहित वनडे वर्ल्ड कप में भारतीय टीम को लीड करेंगे। फरवरी 2022 के बाद से, जब रोहित कोहली के बाद भारत के पूर्णकालिक कप्तान बने, तो कई लोगों का मानना था कि उन्होंने मुंबई के साथ और कभी-कभी राष्ट्रीय टीम के स्टैंड-इन कप्तान के रूप में जो सफलता हासिल की है, वह उन्हें काफी मदद देगी।

रोहित की स्मार्ट ऑन-फील्ड रणनीति और उनके अंदर के एक अच्छे लीडर को उजागर किया गया। हालांकि उनकी कोई भी रणनीति भारत को आईसीसी ट्रॉफी नहीं दिला सकी।

टी20 खेलने में भारत की समस्याएं और भूमिकाओं में स्पष्टता की कमी एक बार फिर उजागर हुई जब इंग्लैंड ने उन्हें ऑस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में दस विकेट से करारी शिकस्त दी। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में भी रोहित की कप्तानी और फॉर्म पर कई सवाल उठे, इसमें सबसे बड़ा मुद्दा बना रविचंद्रन अश्विन को प्लेइंग-11 से बाहर करना। अब, रोहित के सामने एक बार फिर भारत को वर्ल्ड कप जिताने की संभावना है। 2019 एकदिवसीय विश्व कप में, रोहित पांच शतकों के साथ टूर्नामेंट में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी थे, लेकिन भारत सेमीफाइनल में प्रतियोगिता से बाहर हो गया था।

यदि टीम इंडिया की सभी खामियां टूर्नामेंट के आगाज से पहले सही हो जाती है और रोहित 2023 विश्व कप में भारत के सभी मैचों में एक सलामी बल्लेबाज और कप्तान के रूप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं, तो 19 नवंबर को टूर्नामेंट जीतने का सपना पूरा हो सकता है और उनके करियर का यह एक निर्णायक क्षण बन सकता है।

## सार संक्षेप

### चेन्नईयिन एफसी में शामिल हुए मिडफील्डर आयुष अधिकारी

**चेन्नई।** चेन्नईयिन एफसी ने रविवार को घोषणा की कि उन्होंने आगामी 2023-24 सीजन से पहले दिल्ली में जन्मे सेंट्रल मिडफील्डर आयुष अधिकारी को अपने साथ जोड़ा है। 2023-24 सीजन से पहले दिल्ली में जन्मे सेंट्रल मिडफील्डर आयुष अधिकारी को अपने साथ जोड़ा है। 22 वर्षीय आयुष अधिकारी इस सीज़न मरीना मचान्स में शामिल होने वाले 11वें खिलाड़ी हैं। केरला ब्लास्टर्स एफसी से आयुष के आने से चेन्नईयिन एफसी के मिडफील्ड में मजबूती आने की उम्मीद है। अधिकारी ने आरएफ डेवलपमेंट लीग में केरला ब्लास्टर्स एफसी के लिए एक गोल किया है और आई-लीग में इंडियन एरोज एफसी के लिए एक गोल में अहम भूमिका निभाई है। चेन्नईयिन एफसी के साथ जुड़ने पर आयुष अधिकारी ने कहा, मैं दो बार की आईएसएल चैंपियन चेन्नईयिन एफसी से जुड़कर खुश हूं और कोच ओवेन कोयले के मार्गदर्शन में काम करने के लिए उत्सुक हूं, जिन्होंने कई युवा खिलाड़ियों के विकास में मदद की है। मुझे उम्मीद है कि मैं अपना बेस्ट दूंगा, जिसके लिए मैं कड़ी मेहनत कर रहा हूं। अधिकारी ने 2019-20 सीज़न में ओजोन एफसी के लिए 18 वर्षीय खिलाड़ी के रूप में अपना पेशेवर डेब्यू किया और उसी सीज़न में इंडियन एरोज में चले गए।

### टीम इंडिया के लिए चोटें चिंता का विषय हैं, खासकर नंबर 4 के बल्लेबाज के लिए

**नई दिल्ली।** एशिया कप एक महीने से भी कम समय में शुरू हो जाएगा जबकि आईसीसी वनडे विश्व कप 2023 शुरू होने में सिर्फ 60 दिन बचे हैं और टीम इंडिया अभी भी इस बात को लेकर अनिश्चित है कि नंबर 4 के लिए कौन उपयुक्त होगा। इसका कारण चोटों की बढ़ती सूची है क्योंकि टीम इंडिया मैदान पर और मैदान के बाहर दोनों जगह जूझती रहती है। खिलाड़ियों के घायल होने के कारण, मेन इन ब्लू ने पूरे साल सही फिट एकादश ढूंढने के लिए संघर्ष किया है और अब उनके पास एशिया कप से पहले अलग-अलग खिलाड़ियों को आज़माने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। बीसीसीआई द्वारा उपलब्ध कराए गए नवीनतम मेडिकल अपडेट के अनुसार, विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने अपने पुनर्वास में महत्वपूर्ण प्रगति की है और नेट्स पर बल्लेबाजी के साथ-साथ कीपिंग भी शुरू कर दी है। हालांकि, अपनी चोटों को देखते हुए वह इस साल टीम में जगह नहीं बना पाएंगे, जैसा कि आईएएनएस ने पहले ही बताया था। इस बीच, टीम इंडिया अभी भी इस पहेली को सुलझाने में लगी हुई है कि नंबर 4 पर कौन बल्लेबाजी करेगा। दो बड़े नाम - श्रेयस अय्यर और केएल राहुल - एकमात्र विकल्प प्रतीत होते हैं यदि वे शोपीस इवेंट से पहले फिट हो जाते हैं।